सूर्योदय 5:24 सूर्यास्त 7:22

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.2 न्यू | 26.6 अधि |
| धर्मशाला | 21.0 न्यू | 32.8 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77209.90 |
| निफ्टी | 23501.10 |
| सोना | 71,560 |
| चांदी | 98,500 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



अपनी लैंथ से कभी समझौता नहीं करते कुलदीप यादव
पृष्ठ 13 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 24 जून, 2024 | 11 आषाढ़, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 187, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

# सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले में दर्ज की पहली एफआईआर

## जांच एजेंसी पेपर लीक गैंग का लगाएगी पता, एनटीए भी रडार पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**नीट**-यूजी परीक्षा में हुई गड़बड़ियों को लेकर सीबीआई ने बड़ा एक्शन लिया है। सीबीआई ने एजुकेशन मिनिस्ट्री की शिकायत पर रविवार को पहली एफआईआर दर्ज की है। सीबीआई न केवल दोनों पेपरों में 'पेपर लीक गैंग' का पता लगाएगी, बल्कि इस मामले में अगर एनटीए के किसी टॉप अधिकारी से लेकर निचले कर्मचारी तक भी तार जुड़े हुए हैं तो उसे भी सीबीआई गिरफ्तार करेगी। वहीं, सीबीआई की रडार पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनटीए) भी है।

केंद्र सरकार ने 22 जून की रात जांच की जिम्मेदारी सीबीआई को सौंपी थी। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 5 मई को आयोजित की गई नीट-यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं और धोखाधड़ी के मामले सामने आए हैं।

इससे पहले बिहार पुलिस ने इस मामले में कुछ लोगों को भी गिरफ्तार किया था। वहीं, नीट पेपर लीक का कनेक्शन महाराष्ट्र में भी मिला है। पुलिस ने दो अध्यापकों से पेपर लीक मामले में पूछताछ की है। जिन अध्यापकों से पूछताछ हुई है, उन्हें नांदेड़ की आंतकरोधी स्क्वायड ने शक के आधार पर पकड़ा। गौर रहे कि केंद्र सरकार ने अनियमितताओं की शिकायत के बाद नीट और यूजीसी नेट समेत कई अहम परीक्षाएं कराने वाली एजेंसी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को उनके पद से हटा दिया है।

साथ ही एक पैनल का गठन किया है, जो नीट परीक्षा में हुई अनियमितताओं की जांच करेगा। 5 मई को हुई नीट-यूजी की परीक्षा में करीब 24 लाख छात्र शामिल हुए थे, लेकिन जैसे ही 4 जून को रिजल्ट घोषित किए गए और उसमें 1500 से ज्यादा छात्रों को ग्रेस मार्क्स देने का खुलासा हुआ, तो मामला अदालत में पहुंच गया। इसके बाद एनटीए ने छात्रों को दिए ग्रेस मार्क्स हटाने और इन छात्रों की परीक्षा फिर से लेने का फैसला लिया। पेपर लीक मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई भी चल रही है।

### सिर्फ 813 छात्रों ने ही दिया नीट का री-एग्जाम



**नीट** के री-एग्जाम में केवल 52 फीसदी यानी 813 छात्रों ने ही हिस्सा लिया। परीक्षा में 750 बच्चे अनुपस्थित रहे। सेंटर पर पहुंचने के टाइम के अलावा गेट क्लोजिंग टाइम भी निकल गया, लेकिन बहुत से अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। नीट-यूजी की परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद नीट रिजल्ट में ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 कैंडिडेट्स के लिए रविवार को री-एग्जाम आयोजित हुआ।

### सीबीआई टीम पर हमला, चार गिरफ्तार

**नवादा।** नीट-यूजी पेपर लीक केस में जांच करने दिल्ली से नवादा के रजौली पहुंची सीबीआई की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। कसियाडीह गांव के लोगों ने सीबीआई को फर्जी समझकर मारपीट शुरू कर दी और गाड़ियों में तोड़फोड़ की। इस मामले में रजौली थाने में आठ लोगों पर नामजद और 150-200 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक महिला समेत 4 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# जयंती पर सुक्खू का ऐलान, शिमला में लगेगी वीरभद्र सिंह की प्रतिमा

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह की प्रतिमा शिमला के रिज मैदान पर लगाने को लेकर लंबे समय से मांग शीघ्र ही पूरी हो सकती है।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ऐलान किया कि वीरभद्र सिंह हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत थे, उनकी प्रतिमा शिमला में जरूर लगेगी। इसके लिए रिज के इर्द-गिर्द जगह विकसित की जा रही है। इससे पहले सुक्खू व अन्य पार्टी के नेताओं ने कांग्रेस मुख्यालय में जयंती पर वीरभद्र सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित किए। सुक्खू ने कहा मुझे पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह के साथ करीब 20 से 22 साल तक काम करने का मौका मिला है। निश्चित तौर पर वीरभद्र सिंह जिस प्रकार से कांग्रेस पार्टी में जनता की सेवा करते रहे, वह काबिले तारीफ है। जयंती के अवसर पर हम सबका दायित्व बनता है कि हम उनके किए हुए कार्यों को याद करें। यही हमारी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। हिमाचल के छह बार मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह की रिज पर प्रतिमा लगाने की मांग लंबे समय से चल रही है। वीरभद्र के पुत्र पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी सरकार के सामने प्रतिमा लगाने की मांग को उठा चुके हैं। रिज मैदान पर स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा न लगने से नाराज विक्रमादित्य सिंह ने मंत्री पद से इस्तीफा तक दे दिया था। उन्होंने कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान वीरभद्र सिंह की प्रतिमा न लगाए जाने को लेकर नाराजगी जताई थी। (अनंत ज्ञान)



पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह की जयंती पर श्रद्धांजलि देते सीएम सुखविंद्र सुक्खू।

### प्रतिभा बोलीं- जनता रिज मैदान पर देखना चाहती है वीरभद्र सिंह की प्रतिमा

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की जयंती पर उनकी पत्नी एवं कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कांग्रेस कार्यालय शिमला में श्रद्धांजलि अर्पित की। वीरभद्र सिंह के पुत्र विक्रमादित्य सिंह ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रतिभा ने एक बार फिर रिज मैदान पर पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की प्रतिमा स्थापित करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह राष्ट्रीय स्तर के नेता थे। उन्होंने राष्ट्र को भी अपनी सेवाएं दी हैं। ऐसे में रिज मैदान पर उनकी प्रतिमा स्थापित होनी चाहिए। जनता उनकी प्रतिमा को रिज मैदान पर देखना चाहती है। प्रतिभा सिंह ने पति वीरभद्र सिंह को याद करते हुए कहा कि आज के दिन प्रदेश के जगह-जगह से लोग उन्हें याद करने शिमला पहुंचने थे। यह तीसरा साल है जब वह हमारे बीच नहीं है, लेकिन वह लोगों के दिलों में हैं और प्रदेशभर के लोग उन्हें आज याद कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## टी-20 विश्व कप आज के मैच

वेस्टइंडीज vs दक्षिण अफ्रीका
स्थानः एंटीगुआ, समय : सुबह 6:00 बजे

भारत vs ऑस्ट्रेलिया
स्थानः सेंट लूसिया, समय : रात 8:00 बजे

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- गोलीकांड पर मंत्री राजेश धर्माणी ने जाहिर की चिंता -पेज 2
- एंबुलेंस में घूमा रहा था पर्यटक 25,500 रुपए का लगा जुर्माना -पेज 3
- शादी का झांसा देकर युवती से दुराचार के मामले में जांच शुरू -पेज 10
- कोहली विश्व कप में 3000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने -पेज 13
- भ्रष्टाचारियों के हवाले है शिक्षा का ढांचा : प्रियंका -पेज 14


## न्यूज शॉर्ट्स

### बजरंग पूनिया को नाडा ने फिर से किया सस्पेंड



**नई दिल्ली।** नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी (नाडा) ने पहलवान बजरंग पूनिया को सस्पेंड कर दिया है और साथ ही नोटिस भी भेजा है। पूनिया ने मार्च में सोनीपत में हुए नेशनल ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए अपना सैंपल नहीं दिया था, जिसके बाद नाडा ने यह एक्शन लिया है। नोटिस के खिलाफ जवाब देने के लिए बजरंग पूनिया के पास 11 जुलाई तक का समय है। इससे पहले, 5 मई को भी वाडा ने उन्हें सस्पेंड किया था।

### जमानत पर रोक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे केजरीवाल



**नई दिल्ली।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल जमानत पर रोक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। केजरीवाल के वकीलों ने 24 जून को सुनवाई की मांग की है। केजरीवाल की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि जमानत आदेश पर रोक लगाने के लिए हाईकोर्ट का तरीका कोर्ट की ओर से निर्धारित कानून के स्पष्ट आदेश के विपरीत है।

### मायावती ने आकाश को फिर चुना उत्तराधिकारी



**नई दिल्ली।** मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को एक बार फिर अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया है। उन्हें दोबारा बहुजन समाज पार्टी (बसपा) का राष्ट्रीय संयोजक बनाया है। एक दिन पहले ही आकाश को उत्तराखंड उपचुनाव के लिए पार्टी का स्टार प्रचारक बनाया गया। मायावती ने रविवार को लखनऊ में बसपा के सभी प्रदेश प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें आकाश आनंद भी मौजूद थे. बैठक के दौरान आकाश आनंद ने बुआ मायावती का पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

### मोदी एससीओ समिट में नहीं लेंगे हिस्सा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने कजाकिस्तान में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। दावा किया जा रहा है कि उनकी जगह विदेश मंत्री एस जयशंकर के शामिल होने की उम्मीद है। सूत्रों के मुताबिक, मोदी ने 3-4 जुलाई को होने वाले शिखर सम्मेलन के लिए अस्ताना नहीं जाने का फैसला किया है।

### उड़ी में सेना ने घुसपैठिए को मार गिराया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के उड़ी सेक्टर में सेना ने रविवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास चल रहे घुसपैठ विरोधी अभियान के दौरान एक अज्ञात घुसपैठिए आतंकवादी को मार गिराया। सेना ने 'एक्स' पर कहा कि उड़ी सेक्टर में मारे गए आतंकवादी की पहचान अब तक नहीं की जा सकी है।

### लाहौल-स्पीति में भूकंप से हिली धरती, 3.4 तीव्रता



**रविंद्र जस्टा, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति में शनिवार रात को एक बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.4 मापी गई। जमीन के भीतर इसकी गहराई लगभग 10 किलोमीटर थी। जानमाल के नुकसान की जानकारी नहीं हैं। (अनंत ज्ञान)

# इलेक्ट्रिक वाहनों की सुरक्षा बढ़ाने को 2 नए मानक पेश


**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवीएस) की सुरक्षा और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए 2 नए मानक (स्टैंडर्ड) पेश किए हैं। ये मानक एल, एम और एन श्रेणियों के लिए लागू होंगे।

विशेष रूप से इन्हें ई-रिक्शा और ई-कार्ट के लिए पेश किया गया है। नए मानक आईएस 18590:2024 और आईएस 18606:2024 इलेक्ट्रिक वाहन के महत्वपूर्ण कंपोनेंट और पावरट्रेन की गुणवत्ता पर केंद्रित हैं। यह निर्णय ईवीएस में आग लगने की घटनाओं को देखते लिया है।

### इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए हो गए 30 मानक

**नए** मानकों के साथ बीआईएस ने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए मानक बढ़ने का दावा किया है। अब, एजेंसी के पास चार्जिंग सिस्टम सहित इलेक्ट्रिक वाहनों और उनके सहायक उपकरणों के लिए कुल 30 अलग-अलग भारतीय मानक हैं। ये मानक देश में अधिक टिकाऊ, पर्यावरण के अनुकूल और कुशल परिवहन सिस्टम में बदलाव लाने में महत्वपूर्ण हैं।



### बैटरियों की सुरक्षा के साथ बढ़ेगा प्रदर्शन

**बीआईएस** ने दावा किया कि ये 2 नए मानक भारत में ईवी पावरट्रेन कड़ी सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पेश किए हैं। ये बैटरियों की सुरक्षा और प्रदर्शन पर जोर देते हैं। यह सुनिश्चित करते हैं कि दोनों शक्तिशाली और सुरक्षित हों। मानक ब्यूरो ने कहा कि यह नए मानक निर्माण से लेकर कार्यक्षमता तक इलेक्ट्रिक वाहन चालकों और यात्रियों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले विभिन्न पहलुओं को कवर करते हैं।

# शाह ने बाढ़ से निपटने के लिए तैयार किया प्लान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने मानसून के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ आने की स्थिति में उससे निपटने की तैयारियों की रविवार को समीक्षा की और विस्तृत प्लान बनाया।

हर साल मानूसन में बारिश के कारण विभिन्न नदियों का जलस्तर बढ़ने की वजह से बिहार, असम और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों के बड़े हिस्से जलमग्न हो जाते हैं। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम और कुछ अन्य राज्यों को भी मानसून के दौरान भू-स्खलन और बारिश से जुड़ी अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ा है। पिछले कुछ वर्षों में तमिलनाडु, केरल और जम्मू कश्मीर में भी बाढ़ आई है। बैठक में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, विभिन्न मंत्रालयों और गृह, जल संसाधन, नदी विकास, पृथ्वी विज्ञान, पर्यावरण, सड़क परिवहन विभागों के सचिव, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

### असम में बाढ़ से 1.17 लाख लोग प्रभावित

**असम** में बाढ़ से 10 जिलों में 1.17 लाख लोग प्रभावित हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा ने 'एक्स' पर कहा कि बाढ़ से इन जिलों के 27 राजस्व मंडल के 968 गांव जलमग्न हो गए हैं। प्राधिकारियों ने अभी 134 राहत शिविर और 94 राहत वितरण केंद्र स्थापित किए हैं, जहां कुल 17,661 लोगों ने शरण ली है। राज्य में इस साल बाढ़, भूस्खलन और तूफान के कारण जान गंवाने वाले लोगों की संख्या 37 पर पहुंच गई है, जबकि एक व्यक्ति लापता है।



# 18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज से

## पीएम मोदी समेत 280 सांसद लेंगे शपथ, 26 को लोकसभा अध्यक्ष का होगा चुनाव

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**18वीं** लोकसभा का पहला सत्र सोमवार को शुरू होगा, जो तीन जुलाई तक चलेगा। 10 दिन में कुल आठ बैठकें (29-30 जून को छुट्टी) होगी। सबसे पहले प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब राष्ट्रपति भवन जाकर शपथ लेंगे। इसके बाद वे सुबह 11 बजे लोकसभा पहुंचेंगे।

24 और 25 जून को प्रोटेम स्पीकर नए सांसदों को शपथ दिलाएंगे। इसके बाद 26 जून को लोकसभा स्पीकर का चुनाव होगा। 27 जून को राज्यसभा का 264वां सत्र शुरू होगा। इसी दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लोकसभा-राज्यसभा सदनों की बैठक को संबोधित करेंगी। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी बोलेंगे। सत्र के आखिरी दो दिन राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सरकार धन्यवाद प्रस्ताव लाएगी और दोनों सदनों में चर्चा होगी।

10 साल बाद पहली बार पीएम मोदी के सामने मजबूत विपक्ष होगा। कार्यवाही की शुरुआत 18वीं लोकसभा की पहली बैठक के अवसर पर सदस्यों की ओर से एक क्षण का मौन रखने से होगी। इसके बाद लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह लोक सभा के लिए निर्वाचित सदस्यों की सूची सदन के पटल पर रखेंगे। लोकसभा का पहला सत्र पूरा होने के बाद कुछ दिनों के अंतराल में बजट सत्र आयोजित किया जाएगा। इसमें वित्त मंत्री वित्त वर्ष 24-25 के लिए बजट पेश करेंगी।




### ये रहेगा शपथ ग्रहण का शेड्यूल

**प्रधानमंत्री** मोदी और उनके मंत्रिपरिषद के सदस्य सोमवार को सुबह 11 बजे से शपथ लेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के शपथ लेने के बाद मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्य शपथ लेंगे। इसके बाद अलग-अलग राज्यों के सांसद वर्णमाला क्रम में शपथ लेंगे। इसका मतलब है कि असम के नवनिर्वाचित सांसद शपथ लेंगे और पश्चिम बंगाल के सांसद सबसे आखिर में शपथ लेंगे। सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी और उनके मंत्रिपरिषद सहित 280 नवनिर्वाचित सांसद शपथ लेंगे, जबकि अगले दिन (25 जून) 264 नवनिर्वाचित सांसद शपथ लेंगे।

## प्रदेश में 28 जून को मानसून के पहुंचने की संभावना, मिलेगी राहत

# हिमाचल के कई जिलों में बूंदाबांदी



शिमला में छाए बादलों के बीच घूमने का आनंद लेते पर्यटक

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**प्रदेश** में रविवार को सोलन सहित कई जिलों में बूंदाबांदी हुई, जिससे लोगों को काफी राहत मिली है। प्रदेश में 28 जून को मानसून पहुंचने का पूर्वानुमान है।

26 जून से प्रदेश के कई क्षेत्रों में बारिश का दौर शुरू होगा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सुरेंद्र पाल ने बताया कि 26 जून से प्रदेश में बारिश शुरू होगी। 27 और 28 जून को भारी बारिश होने के आसार हैं। इन दिनों मैदानी क्षेत्रों में गर्मी का दौर जारी है। ऐसे में लोगों को काफी ज्यादा परेशानी हो रही है, लेकिन मानसून शुरू होते ही लोगों को राहत मिल जाएगी। मैदानी क्षेत्रों के लोग गर्मी से राहत पाने के लिए पहाड़ों की ओर रुख कर रहे हैं। ऐसे में होटलों में 80 से 90 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी चल रही है। (अनंत ज्ञान)

### अधिकतम तापमान

| | |
|---|---|
| ऊना | 40.8° |
| बिलासपुर | 39.0° |
| हमीरपुर | 38.2° |
| कांगड़ा | 37.2° |
| बरठीं | 37.2° |
| सुंदरनगर | 36.9° |
| मंडी | 36.6° |
| धौलाकुआं | 36.4° |
| नाहन | 33.7° |
| चंबा | 32.2° |
| धर्मशाला | 32.8° |
| सोलन | 31.4° |

**ताकत** इसरो को मिली एक और कामयाबी, बार-बार अंतरिक्ष में जाकर धरती पर लौट सकता है सुरक्षित

# हवा में छोड़े 'पुष्पक' ने अपने दम पर की लैंडिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के हाथ एक और कामयाबी लगी है। इसरो ने दोबारा इस्तेमाल में आ सकने वाले प्रक्षेपण यान 'पुष्पक' की तीसरी बार सफलतापूर्वक लैंडिंग करवाई।

पुष्पक को भारतीय वायुसेना के चिनूक हेलिकॉप्टर से 4.5 किलोमीटर की ऊंचाई से हवा में छोड़ा गया। कर्नाटक के चित्रदुर्ग स्थित एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) में इस रीयूजेबल लांच व्हीकल ने खुद ही आधा घंटे बाद जमीन पर लैंड किया।



आखिरी परीक्षण में इसरो के 'पुष्पक' शटल ने साबित कर दिया कि यह बार-बार अंतरिक्ष में जाकर धरती पर सुरक्षित लौट सकता है। इसरो ने इससे पहले पिछले साल 2 अप्रैल को आरएलवी लेक्स-1 का सफलतापूर्वक संचालन किया था। इसके बाद इसी साल 22 मार्च को आरएलवी लेक्स-2 का सफल परीक्षण किया था।

इसी श्रृंखला में तीसरा और अंतिम परीक्षण कर्नाटक के चित्रदुर्ग में वैमानिकी परीक्षण रेंज (एटीआर) में रविवार सुबह 7:10 बजे किया गया। आरएलवी लेक्स-01 और लेक्स-02 मिशनों की सफलता के बाद आरएलवी लेक्स-03 ने अधिक चुनौतीपूर्ण रिलीज स्थितियों में और अधिक गंभीर हवा की स्थिति में आरएलवी की स्वायत्त लैंडिंग क्षमता का फिर से प्रदर्शन किया। इसरो के मुताबिक 'पुष्पक' नामक पंख वाले वाहन को भारतीय वायुसेना के चिनूक हेलिकॉप्टर से छोड़ा गया। रीयूजेबल लांच व्हीकल धीमी गति से उड़ान भरने के बाद रनवे से 4.5 किमी. दूर स्वायत्त रूप से क्रॉस-रेंज सुधार युद्धाभ्यास करने के बाद रनवे के पास पहुंचा और सेंटर लाइन पर लैंडिंग गियर के साथ खुद ही एटीआर में 7.40 बजे लैंड किया। लैंडिंग करते वक्त इसका वेग 320 किमी प्रति घंटे से अधिक हो गया, जबकि एक वाणिज्यिक विमान के लिए यह 260 किमी प्रति घंटे और एक सामान्य लड़ाकू विमान के लिए 280 किमी प्रति घंटे होता है। टचडाउन के बाद वाहन के वेग को उसके ब्रेक पैराशूट का उपयोग करके लगभग 100 किलोमीटर प्रति घंटे तक कम कर दिया गया था।

### इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ ने दी बधाई

**इसरो** प्रमुख एस. सोमनाथ ने ऐसे जटिल मिशनों में सफलता की लय बनाए रखने के उनके प्रयासों के लिए टीम को बधाई दी। वीएसएससी के निदेशक डॉ. एस उन्नीकृष्णन नायर ने इस बात पर जोर दिया कि यह लगातार सफलता भविष्य के कक्षीय पुनः प्रवेश मिशनों के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में इसरो के आत्मविश्वास को बढ़ाती है।

# सुकमा में नक्सलियों ने आईईडी से उड़ाया ट्रक, दो जवान शहीद

**एजेंसी, सुकमा**



**छत्तीसगढ़** के सुकमा और बीजापुर बॉर्डर पर रविवार को नक्सलियों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। सिलगेर और टेकलगुडम के बीच नक्सलियों ने सीआरपीएफ के ट्रक को आईईडी ब्लास्ट कर उड़ा दिया। इस ब्लास्ट में दो जवान शहीद हो गए।

जगरगुंडा क्षेत्र स्थित सिलगेर कैंप से 201 कोबरा वाहिनी के जवानों का मूवमेंट आरपोपी (रोड ओपनिंग ड्यूटी) के दौरान ट्रक और बाइक से टेकलगुडेम की ओर था। वहां रास्ते में नक्सलियों ने आईईडी प्लांट कर रखा था।

बताया जा रहा है कि दोपहर करीब 3 बजे जैसे ही जवानों से भरा ट्रक वहां से निकला, आईईडी की चपेट में आ गया। ब्लास्ट के चलते ट्रक का चालक जवान विष्णु आर और सह चालक जवान शैलेंद्र शहीद हो गए। अन्य जवान सुरक्षित बताए जा रहे हैं। ये जवान राशन लेकर जवान कैंप जा रहे थे। टेकलगुडम और इससे आगे का पूवर्ती इलाका नक्सली कमांडर हिड़मा और देवा का गढ़ है। कुछ ही महीने पहले यहां सुरक्षाबलों का कैंप स्थापित किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस मंडल रोहड़ू ने मनाया वीरभद्र सिंह का जन्मदिन



**दशमी रावत, रोहड़ू।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रोहड़ू ने सर्किट हाऊस रोहड़ू में हिमाचल प्रदेश में स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह की 90वीं जयंती मनाई। इस उपलक्ष्य पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रोहड़ू के अध्यक्ष करतार सिंह ने मौजूद पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि आज भले ही राजा वीरभद्र सिंह हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनके द्वारा नए हिमाचल निर्माण की जो सोच रखी गई थी वह आज भी हमारे दिलों में जिंदा है। (अनंत ज्ञान)

### संजीवनी सहारा समिति रोहड़ू करवाएगी सम्मान समारोह



**दशमी रावत, रोहड़ू।** संजीवनी सहारा समिति रोहड़ू पांचवे प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन करने जा रही है। जो जुलाई माह में होना निश्चित हुआ है। संजीवनी सहारा समिति के सदस्य मुख्य संसदीय सचिव व विधायक मोहन लाल ब्राक्टा के साथ लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से उनके निवास स्थान में मिले। प्रतिभा सम्मान समारोह में विक्रमादित्य सिंह का बतौर मुख्यातिथि शामिल होना निश्चित हुआ है। संजीवनी सहारा समिति इस पांचवे सम्मान समारोह में 300 से आधिक मेधावी छात्रों और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को सम्मानित करेगी।(अनंत ज्ञान)

### रोहड़ू में आम सभा का हुआ आयोजन



**दशमी रावत, रोहड़ू।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ संगठनात्मक जिला रोहड़ू की आमसभा का आयोजन जिला अध्यक्ष व्यास देव मांटा की अध्यक्षता व प्रदेश सह संगठन मंत्री भीष्म सिंह व सुनील राजा की उपस्थिति में रविवार को आयोजित हुई। अध्यक्ष व्यास देव मांटा ने पुरानी जिला कार्यकारिणी को भंग किया और नव कार्यकारिणी के गठन करने की घोषणा की गई, जिसमें जिला अध्यक्ष के लिए रिंकेश पांडे, जिला महामंत्री के लिए संजीव भारद्वाज, जिला संगठन मंत्री के लिए दीपक राज व कोषाध्यक्ष के लिए सुदेश कुमार का चयन किया गया। (अनंत ज्ञान)

### जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता संपन्न



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** कराटे- डू एसोसिएशन जिला शिमला द्वारा इंदिरा गांधी खेल परिसर शिमला में आयोजित दो दिवसीय 12वीं जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का समापन उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने किया गया। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि आज के समय को देखते हुए सभी बच्चों को कराटे जैसे खेलों में भाग लेना चाहिए, जिससे बच्चा सशक्त बनने के साथ-साथ परोपकारी भी बनता है। उपायुक्त ने कहा कि ऐसे शारीरिक खेलों से बच्चा मानसिक रूप से सुदृढ़ बनता है और नशे जैसी घातक बुराई से भी दूर रहता है। संस्था के महासचिव सैनसाई दिनेश ठाकुर व अध्यक्ष सैनसाई पीएस पंवार ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया और कहा कि इस प्रतियोगिता के स्वर्ण पदक विजेता 26 जून को राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेंगे। (अनंत ज्ञान)

# चौपाल में चौथे दिन मिल रहा पानी



**सपना सूद-नेरवा, चौपाल**

उपमंडल चौपाल में पेयजल की कमी के चलते नगरवासी परेशानी उठा रहे है। नगर पंचायत चौपाल में चौथे दिन पेयजल आपूर्ति की जा रही है परन्तु एक कनेक्शन में मात्र दो सौ लीटर पानी की ही आपूर्ति हो रही है और नगरवासियों को चौथे दिन भी पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। नगरवासी अपनी प्राइवेट गाड़ियों में स्वंय पानी ढो रहे है तथा प्रशासन कोई कदम नहीं उठा रहा है। बार एसोसिएशन चौपाल के अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा ने नगरवासी जलसंकट झेल रहे है और प्रशासन कोई कदम नहीं उठा रहा है।

गौर रहे अभी तक नगर पंचायत चौपाल की लगभग 20 हजार आबादी के लिए 1998 में बनी थलन स्कीम के अलावा दो उठाऊ पेयजल योजनाओं से पेयजल आपूर्ति की जा रही है जो पानी की जरूरत पूरा नहीं कर पा रही। चौपाल में प्रतिदिन करीब नौ लाख लीटर पानी की खपत है परन्तु पेयजल योजना से प्रतिदिन मात्र दो लाख लीटर पानी ही उपलब्ध हो पा रहा है। चौपाल में चौथे दिन पेयजल आपूर्ति की जा रही है और नगरवासी पेयजल किल्लत झेल रहे है। पार्षद नगर पंचायत चौपाल दीपक चंदेल, नीलम मधाईक सहित सभी नगर वासियों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि पेयजल संकट हल करने के लिए उचित कदम उठाएं और टेंकरों से नगरवासियों को पेयजल आपूर्ति की जाए।

ग्राम पंचायत ननाहर के ग्राम गागना सहित सात गांवों के ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति करने वाली उठाऊ पेयजल योजना बिजली आपूर्ति न होने के कारण ठप हो गई है, हालांकि उन्हें जल शक्ति विभाग टेंकरों से पेयजल आपूर्ति कार रहा है परन्तु उनकी जरूरत के मुताबिक पानी नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से जल्दी ही ट्रांसफोर्मर उपलब्ध कराने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

#### जलस्तर कम होने के कारण आई है समस्या : विजय

जलशक्ति विभाग मंडल नेरवा के अधिशासी अभियंता विजय मच्छान ने कहा कि सोर्स में जल स्तर कम होने के कारण समस्या आई है और विभाग उठाऊ पेयजल योजनाओं के माध्यम से पेयजल आपूर्ति कर रहा है।

#### ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण आई है समस्या : रविंद्र

बिजली बोर्ड के अधिशाषी अभियंता रविन्द्र नाथ वत्सी ने कहा कि ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण समस्या आई है और जल्दी ही नया बिजली ट्रांसफार्मर भेजा जाएगा और बिजली आपूर्ति बहाल की जाएगी।

### कार्टन बॉक्स पर जीएसटी दर घटने से होगा लाभ : चेतन



**कोटखाई ।** जीएसटी काउंसिल ने सभी कार्टन बॉक्स पर 12 प्रतिशत की एक समान जीएसटी दर निर्धारित करने की सिफारिश की है, जिससे देश के सभी सेब उत्पादकों को लाभ होगा। यह बात प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने कही।

उन्होंने कहा की इस विषय को वो लगातार केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा,नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और सांसद सुरेश कश्यप के माध्यम से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से उठाते रहे हैं। आज जीएसटी काउंसिल ने कार्टन बॉक्स पर जीएसटी घटाकर 18 प्रतिशत से 12 प्रतिशत करने की सिफारिश की है, जिस फैसले का वो तहेदिल से स्वागत करते हैं। इस फैसले के कारण कार्टन बॉक्स बागवानों को फायदा होगा।

# सरकार की जनता विरोधी नीतियों के खिलाफ सीटू करेगी प्रदर्शन



शिमला में सीटू की बैठक के दौरान उपस्थित कर्मचारी व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सीटू राज्य कमेटी हिमाचल प्रदेश की बैठक प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा की अध्यक्षता में शिमला में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि केंद्र की मोदी सरकार की मजदूर, किसान, कर्मचारी व जनता विरोधी नीतियों के खिलाफ सीटू राज्य कमेटी द्वारा 12 जुलाई को जिला व ब्लॉक मुख्यालयों पर विशाल प्रदेशव्यापी प्रदर्शन किए जाएंगे। सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा व महासचिव प्रेम गौतम ने कहा कि मजदूरों का न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए घोषित करने, मजदूर विरोधी चार लेबर कोडों, नेशनल मोनेटाइजेशन पाइपलाइन, अग्निवीर, आयुद्धवीर, कोयलावीर व अन्य फिक्स टर्म रोजगार को रद्द करने आदि मांगों को लेकर सीटू राज्य कमेटी मजदूरों व जनता में जाएगी तथा उनसे मजदूर व मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन तेज करने की आह्वान करेगी।

केन्द्र की मोदी सरकार व पूंजीपति परस्त नीतियों के कारण बेरोजगारी, गरीबी, असमानता व रोजी रोटी का संकट बढ़ रहा है। बैठक में सीटू राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर ठाकुर, विजेंद्र मेहरा, प्रेम गौतम, जगत राम, अजय दुलटा, आदि बैठक में शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

# गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करना सरकार की प्रतिबद्धता : शिक्षा मंत्री





विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंदपुर में एक करोड़ 62 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित विद्यालय भवन का लोकार्पण किया।

विद्यालय प्रांगण में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों तक छात्रों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करना हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है और ठोस कदम उठाए जा रहे है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश मे शीघ्र ही पांच हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया जुलाई माह में आरंभ की जाएगी। वहीं सेब को समय पर मंडियों तक पहुंचाने के दृष्टिगत क्षेत्र की सड़कों को दुरुस्त करने के अभूतपूर्व प्रयास किए जा रहे हैं। नंदपुर पंचायत तथा आसपास के क्षेत्र की सभी कच्ची सड़कों को पक्का किया जा रहा है ।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि सेब की पैकिंग के लिए यूनिवर्सल कार्टन लागू किया जा रहा है, जिससे बागवानों का उत्पाद किलो के हिसाब से बिकेगा। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने मंढोल में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। (अनंत ज्ञान)

### पूर्व सरकार की योजनाओं के उद्घाटन में व्यस्त शिक्षा मंत्री : उमेश

**दशमी रावत, रोहड़ू।** भारतीय जनता पार्टी मंडल जुब्बल नावर कोटखाई के मंडल अध्यक्ष उमेश शर्मा व पदाधिकारियों में अशोक जस्टा, मनमोहन कपालटा, संदीप गांगटा, रविंद्र रावत, लेखराज, किशोर शर्मा, विजय भारद्वाज, मीनाक्षी मांनटा, रिकू घालटा, यशवंत, मोहित, संजीव , पृथ्वी राज ने बताया कि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान की योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करने में व्यस्त है।

मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि उपमंडल जुब्बल के संसोग स्कूल भवन का पूर्व में मंत्री व विधायक रहे स्व. नरेंद्र बरागटा ने 88 लाख रुपए की लागत से बनने वाले भवन का शिलान्यास किया था। यह भवन तत्कालीन भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान बन कर तैयार हो गया था। (अनंत ज्ञान)

# कर्मचारी नियमों का उल्लंघन कर जनता के प्रति जवाबदेही को दिखा रहे ठेंगा : सुमेश


**दशमी रावत, रोहड़ू**



कृषक सलाहकार समिति चिढ़गांव की बैठक में कुछ ऐसे विभागों के कर्मचारी नेता जो उस बैठक में अपेक्षित ही नहीं थे, फिर भी वे सीपीएस व विधायक मोहन लाल ब्राक्टा के सहायक बनकर बैठक में मौजूद रहे। भाजपा मंडल रोहड़ू के मीडिया प्रभारी सुमेश चौहान ने बताया कि इस प्रकार के सरकारी कर्मचारी नियमों का उल्लंघन कर आम जनता के प्रति उनकी जवाबदेही को ठेंगा दिखा रहे हैं। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। नेता गिरी का शौक पाले ऐसे रोहड़ू व चिढ़गांव के कई कर्मचारी नेताओं पर भाजपा की कड़ी नजर है। औसतन परिवर्तन के साथ ही ऐसे कर्मचारियों को अपने विभागों में जनता से जुड़े मसले में रुचि नहीं ले रहे हैं। जो केवल सीपीएस मोहन लाल ब्राक्टा की परिक्रमा में ही व्यस्त रहते हैं। उन्होंनें बताया कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकाल में रोहड़ू में विकास कार्य ठप्प पड़ा हुआ है। इन 18 माह की कांग्रेस सरकार में न कोई विकास का नया काम शुरू हुआ है और न ही पूर्व की भाजपा सरकार के शुरू किए गए कामों को ये सरकार पूरे करवा पाई है।

सुमेश चौहान ने बताया कि सड़क,शिक्षा,स्वास्थ ,बिजली, पानी जो जनता से जुड़ी हुई मूलभूत सुविधाएं हैं पर जनता आज इन सबसे जूझ रही है। किसी भी तरह की आर्थिक मदद बागवानों व किसानों को नहीं मिल रही है। अब जनता को ही स्वयं सोचना चाहिए कि ऐसे जनप्रतिनिधि व सरकार चुनने का उन्हें क्या फायदा मिल रहा है। (अनंत ज्ञान)

### नड्डा की छवि धूमिल कर रहे बंबर : महाजन



**रविंद्र जस्टा, शिमला ।** भाजपा के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कहा कि कांग्रेस नेता बंबर ठाकुर पूरी तरह से बौखला गए है, जब पुलिस, प्रशासन और जनता मान ही गई है कि वही बिलासपुर गोलीकांड के मास्टरमाइंड है और उनका बेटा इस कांड में पूरी तरह सम्मिलित है तो उसके बाद प्रश्न चिन्ह उठाने का तो सवाल ही नहीं पैदा होता और जिस प्रकार से बंबर ठाकुर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के बारे में टिप्पणी कर रहे हैं वह सत्य और तथ्य से परे है। उन्होंने कहा कि बंबर, जेपी नड्डा की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं और खुद को साफ करना चाहते हैं। महाजन ने कहा कि बिलासपुर एसपी विवेक चहल ने अपने शब्दों में बताया कि पूर्व विधायक बंबर ठाकुर के बेटे ने उच्च न्यायालय में जमानत के लिए अर्जी लगाई थी, लेकिन याचिका रद्द हो गई है। (अनंत ज्ञान)

# बैडमिंटन टूर्नामेंट में राजेश ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि की शिरकत



बैडमिंटन टूर्नामेंट के विजेता और उपविजेता को सम्मानित करते हुए।

**जगदीश सेठी, डंगार चौक**

बैडमिंटन क्लब लैहड़ी द्वारा रात्रि बैडमिंटन टूर्नामेंट आयोजन किया गया। मुकाबले 22 जून शाम 5 बजे से शुरू हुए और 23 जून सुबह 4 बजे तक चले प्रतियोगिता में 24 टीमों ने भाग लिया।

टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला सचिव राजेश ठाकुर ने शिरकत की। उन्होंने आयोजकों को सफल आयोजन की बधाई दी। वही उन्हें दूर-दूर से आए खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन को देख आयोजकों को 3100 रुपए की धनराशि भेंट की। प्रतियोगिता में विजेता नवीन व साथी घुमारवीं, उपविजेता पंकज और संधू लदरौर रहे।

बैडमिंटन क्लब लैहड़ी ने विजेता टीम को 3,000 रुपए नकद व स्मृति चिन्ह तथा उपविजेता रही टीम को 2500 रुपए व स्मृति चिन्ह दिया। इस मौके पर आयोजक प्रवीण कुमार, दलजीत सिंह वीरेंद्र सिंह, सुशील कुमार, विनोद कुमार, परम जीत सिंह, यशपाल सिंह, अजय कुमार, कमलजीत सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### सेवानिवृत्ति पर दी विदाई पार्टी

**शुभम राही, बिलासपुर।** पशु पालन विभाग में परिचारक पद से इसी माह सेवानिवृत्त होने जा रहे राजेश की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में रविवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। पशु पालन परिचारक कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष सुरेंद्र की अध्यक्षता में विभाग के उपनिदेशक कार्यालय के प्रांगण में आयोजित विदाई समारोह में संगठन की ओर से राजेश को बलटोही उपहार के तौर पर भेंट की गई। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि पशु पालन विभाग में लगभग 29 वर्ष तक सेवाएं देने वाले परिचारक राजेश का सेवाकाल उत्कृष्ट रहा है। इस अवधि में उन्होंने अपना दायित्व बखूबी निभाया है। वह पशु औषधालय मैथी से आगामी 30 जून को रिटायर होने जा रहे हैं। इस मौके पर संगठन के उपाध्यक्ष राजेश, कोषाध्यक्ष रमेशचंद, मुख्य सलाहकार संजीव शर्मा तथा सदस्यों रामपाल, लालचंद, चमनलाल, सुरेंद्रपाल, रामप्यारी, कृष्णी देवी व विजयराम आदि के साथ ही परिचारक राजेश के परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

# राजेश धर्माणी ने रोड़ा सेक्टर में दंत चिकित्सा भवन का किया उद्घाटन

## कहा, लोगों को दांतों के इलाज के लिए अब बड़े अस्पतालों के नहीं काटने पड़ेंगे चक्कर

**शुभम राही, बिलासपुर**

प्रदेश सरकार में प्रदेश सरकार में टीसीपी, आवास एवं तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने रविवार को रोड़ा सेक्टर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिलासपुर के अंतर्गत लगभग 11 लाख 50 हजार रुपए की लागत से बने दंत अनुभाग का उद्घाटन किया। इस दंत अनुभाग में ओपीडी कक्ष, दंत चिकित्सा कक्ष वेटिंग एरिया सहित 2 शौचालय का निर्माण किया गया है।



मंत्री धर्माणी 11 लाख 50 हजार रुपए से बने भवन का उद्घाटन करते हुए।

इस अवसर पर राजेश धर्माणी ने कहा कि इस दंत अनुभाग बनने से इस क्षेत्र की जनता को काफी लाभ मिलेगा और लोगों को दांतों के इलाज के लिए बड़े अस्पतालों का चक्कर नहीं काटना पड़ेगा। इस अवसर पर उन्होंने दंत चिकित्सक डॉ प्रशांत आचार्य की जमकर तारीफ की और कहा कि प्रशांत अचार्य दिन में 40 लोगों की ओपीडी लेते हैं, जोकि कई बार बड़े अस्पतालों में भी संभव नहीं है। मंत्री ने डॉ. प्रशांत आचार्य कार्य की सराहना करते हुए अन्य डॉक्टरों को भी उनसे प्रेरणा लेने की बात कही।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से मेडिकल ऑफिसर डॉ. परविंदर सिंह ने मंत्री राजेश धर्माणी, पूर्व विधायक तिलक राज, महासचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी विवेक कुमार, जिला परिषद सदस्य गौरव शर्मा, जितेंद्र चंदेल सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है। (अनंत ज्ञान)

# गोलीकांड पर मंत्री राजेश धर्माणी ने जाहिर की चिंता

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में 20 जून को हुए गोलीकांड मामले पर प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने चिंता जाहिर की है। राजेश धर्मानी का कहना है कि देवभूमि व वीरभूमि हिमाचल प्रदेश अपनी शांत वादियों के लिए देश-विदेश में जाना जाता है और अक्सर यहां छोटे मोटे मामले ही झगड़ों को लेकर सामने आते हैं।



- कहा, दोषियों के खिलाफ हो रही कार्रवाई
- भाजपा कर रही सिर्फ राजनीति

ऐसे में ऑर्गेनाइज क्राइम के तहत बिलासपुर स्थित जिला न्यायालय से महज 20 मीटर की दूरी पर किसी व्यक्ति पर गोली चलाना काफी गंभीर मामला है, जिससे बिलासपुर ही नहीं] बल्कि पूरे प्रदेश का माहौल खराब हो रहा है, जिसे देखते हुए पुलिस प्रशासन को इस मामले में संलिप्त सभी दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे करना चाहिए।

वहीं बिलासपुर गोलीकांड मामले को लेकर भाजपा प्रदेश शीर्ष नेतृत्व द्वारा बिलासपुर में धरना देना और प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करने के मामले पर धर्माणी का कहना है कि भाजपा नेताओं को केवल राजनीति करनी आती है लेकिन यह कोई राजनीतिक विषय नहीं है बल्कि लोगों की सुरक्षा से जुड़ा मामला है, जिस पर पुलिस प्रशासन को प्रोएक्टिव होकर काम करना चाहिए, ताकि आपराधिक मामलों पर रोक लग सके और प्रदेश में डर के माहौल को भी कम किया जा सके। (अनंत ज्ञान)

# सहज समाधि ध्यान से साधक को होता है असीम शांति का अनुभव : सैंसी शर्मा

## आर्ट ऑफ लिविंग ने जल शक्ति विभाग के विश्राम गृह में लगाया शिविर

**शुभम राही, बिलासपुर**



हम सभी ने अपने जीवन में ध्यान की अवस्था को महसूस किया है जिन क्षणों में हम बेहद खुश हुए हैं या फिर जिन क्षणों में हम किसी काम में तल्लीनता से से डूबे हुए हैं। ऐसे क्षणों में हमारा मन हल्का और आराम देह प्रतीत होता है। हालांकि हम सब ने ऐसे क्षणों को अनुभव किया है, लेकिन हम उन्हें अपनी मर्जी से दोबारा अनुभव नहीं कर पाते।

सहज समाधि कार्यक्रम आपको यही सिखाता है। यह बात आर्ट ऑफ लिविंग के टीचर सैंसी शर्मा ने बिलासपुर में आयोजित सहज समाधि ध्यान शिविर के समापन पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर जी द्वारा ध्यान करने की यह अनूठी तकनीक का निर्माण किया गया है। इसके अभ्यास से मानव तुरंत ही तनाव और परेशानियों से ऊपर उठकर असीम शांति का अनुभव करता है। उन्होंने बताया कि सहज एक संस्कृत का शब्द है जिसका आर्थिक है प्राकृतिक या जो बिना किसी प्रयास के किया जाए।

समाधि एक गहरी आनंद मयी और ध्यानस्थ अवस्था है अत: सहज समाधि वह सरल प्रक्रिया है जिसके माध्यम से हम आसानी से ध्यान कर सकते हैं। ध्यान करने से सक्रिय मन शांत होता है और स्वयं में स्थिरता आती है। जब मन स्थिर होता है तब उसके सभी तनाव छूट जाते हैं, जिससे हम स्वस्थ और आनंदित महसूस करते हैं। आर्ट ऑफ लिविंग के जिला बिलासपुर मीडिया कोर्डिनेटर अरुण डोगरा रीतू ने बताया कि इस शिविर में 30 साधकों ने भाग लिया। इसका आयोजन जल शक्ति विभाग के विश्राम गृह में किया गया। (अनंत ज्ञान)

**लेटलतीफी** बिजली राज्य के नाम से पहचान रखने वाले हिमाचल प्रदेश में अंधेरे में जीवन गुजार रहे लोग

# बिजली कनेक्शन के लिए चक्कर काट रहा जवान का परिवार

**जगदीश सेठी, डंगार चौक**

बिजली राज्य के नाम से पहचान रखने वाले हिमाचल प्रदेश में एक परिवार ऐसा भी है, जो एक वर्ष से बिना बिजली के ही जिंदगी गुजार रहा है और यह परिवार कोई और नहीं बीएसएफ जवान का है, जो देश की सेवा मे जम्मू में ड्यूटी पर तैनात है। उपमंडल घुमारवीं की पंचायत डंगार के गांव हरितल्यांगर में जहां एक बीएसएफ जवान की पत्नी पिछले एक साल से बिजली कनेक्शन के लिए विद्युत विभाग के चक्कर काट रही है और विभाग उसे बिजली कनेक्शन नहीं दे रहा है।



बीएसएफ जवान का नवनिर्मित मकान, जिसे बिजली कनेक्शन नहीं मिल रहा।

बीएसएफ जवान की पत्नी रेखा देवी का अनंत ज्ञान के साथ बातचीत कर बताया कि उसके पति बीएसएफ में कार्यरत हैं। पिछले कई वर्षों से जम्मू-कश्मीर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और घर में लगभग 100 वर्षीय वृद्ध बीएसएफ जवान की मां भी है।

रेखा देवी ने कहा कि एक साल पहले उन्होंने अपना नया मकान बनाकर तैयार किया है, लेकिन उसे बिजली का कनेक्शन नहीं मिल पा रहा। हैरानी इस बात की है कि एक तरफ तो सरकार द्वारा सीमा पर तैनात सैनिकों के परिवारों को तमाम सहूलियत देने की घोषणा कर देती हैं, लेकिन इन्हीं सैनिकों को अपने घर के लिए एक बिजली कनेक्शन की जरूरत पड़ जाए तो इन सभी घोषणाओं पर अफसरशाही भारी पड़ जाती है।

बीएसएफ जवान के दो बच्चे हैं, जो बाहरी राज्यों में पढ़ाई करते हैं। घर में बूढ़ी मां अक्सर बीमार रहती है। पुराने मकान से सड़क तक आने के लिए खड्ड को पार करना पड़ता है, जिस पर न तो कोई पुल बना है और न ही कोई सड़क है। मां का टांडा मेडिकल कॉलेज व अस्पताल से उपचार चला है जहां महिने मे दो-तीन बार ले जाना पडता है। अकेली होने के कारण रेखा को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। यही कारण है कि उन्होंने अपने पुराने घर से करीब तीन किलोमीटर दूर मेन सडक के पास जमीन खरीद कर एक नया मकान बनाया, ताकि वहां से अपनी बूढ़ी सासुमां को अस्पताल ले जाने में आसानी हो सके।

महिला के अनुसार सितंबर 2023 को उन्होंने अपना मकान बनाकर पूरा कर लिया। इसके बाद उन्होंने बिजली का कनेक्शन लेने के लिए विद्युत विभाग में आवेदन किया। विभाग ने उन्हें कुछ औपचारिकताएं बताई गईं, जिन्हें करीब एक महीने बाद पूरा कर उन्होंने फाइल बोर्ड में जमा करवा दी। कुछ समय बाद विभाग ने पड़ोस के परिवारों से एनओसी लाने की बात कही। इसके बाद महिला ने एक परिवार से एनओसी लाकर विभाग के कार्यालय में जमा करवा दी। उसके बावजूद विभाग ने पड़ोस के सभी परिवारों से एनओसी लेने का आर्डर थमा दिया।

वहीं, इस बारे मे विवेकानंद शर्मा, सहायक अभियंता, विद्युत विभाग, घुमारवीं ने बताया की पोल से घर तक की दूरी ज्यादा होने के कारण सर्विस वायर डालने में परेशानी हो रही है, क्योंकि जिन लोगों की जमीन के ऊपर से सर्विस वायर जानी है वह एनओसी देने से इंकार कर रहे हैं। अन्य विकल्प भी तलाशे जा रहे हैं। जल्द ही कोई विकल्प देखकर कनेक्शन जारी करने की कोशिश की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार



**एसपी जैरथ, पांवटा साहिब।** अवैध शराब के कारोबारियों पर सिरमौर पुलिस का शिकंजा जारी है। इसी कड़ी में पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में 19 लीटर अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने महिला समेत दो आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुरूवाला और माजरा पुलिस थानों की टीमों ने ये कार्रवाई अमल में लाई है। पहले मामले में नारीवाला में गश्त पर तैनात पुरुवाला पुलिस की एक टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि केसरा देवी निवासी गांव नारीवाला अपने घर पर अवैध शराब को बेचने का कारोबार करती है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महिला के कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद की। एक अन्य मामले में पुलिस थाना माजरा की टीम ने 9 लीटर अवैध शराब पकड़ी। धौलाकुआं में गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि सुखराम निवासी रामपुर माजरी अपनी गोशाला में अवैध शराब बेचने का कारोबार करता है। इस पर पुलिस ने दबिश देकर उसके कब्जे में शराब बरामद करने में सफलता हासिल की। (अनंत ज्ञान)

### बस-बाइक की टक्कर में जवान की मौत

**ए. कुमार,सुजानपुर।** सुजानपुर के भटलंबर गांव के पास एक बस और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। सुरेश कुमार (37), सुजानपुर से बजरोल की तरफ जा रहा था, जबकि बस हमीरपुर से वाया बजरोल होकर जंगलबेरी की तरफ आ रही थी। भटलंबर गांव के पास एक मोड़ पर मोटरसाइकिल तथा बस में टक्कर हो गई, जिससे मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों तथा एंबुलेंस की मदद से उसे सुजानपुर अस्पताल लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुरेश कुमार भारतीय सेना में तैनात था तथा आजकल छुट्टियों में अपने घर आया हुआ था। सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कैप्टन रंजीत सिंह ने इस दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया है। (अनंत ज्ञान)

### ट्रक क्लीनर की सड़क हादसे में मौत

**अभिषेक कुमार, ऊना।** ऊना-अंब मुख्य मार्ग पर त्यूड़ी में हुए सड़क हादसे में ट्रक क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान जगजीत सिंह पुत्र महिंद्र सिंह निवासी रामपुरा, जिला बठिंडा के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज किया है। ट्रक चालक बग्गा सिंह ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाते हुए कहा कि उसने ट्रक को बीती शाम त्यूड़ी में सीमेंट उतारने के बाद जगजीत सड़क के दूसरी तरफ लगे नल पर हाथ-मुंह धोने चला गया। जब वह वापस आ रहा था तो ऊना की तरफ से आई एक सफेद रंग की कार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद जगजीत को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसपी राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### 25 जून को काला दिवस मनाएगी भाजपा

**अनंत ज्ञान, शिमला ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी कंवर प्यार सिंह ने बताया कि देश के इतिहास में 25 जून का दिन आपातकाल के काले दिवस के रूप में जाना जाता है । 25 जून 1975 को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उनके खिलाफ आए सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के विरुद्ध जाकर अपनी तानाशाही को बरकरार रखने के लिए देशभर में आपातकाल की घोषणा की व पूरे देश में मानवाधिकारों का हनन किया, लाखों पत्रकारों और आपातकाल के खिलाफ आवाज उठाने वालों को जेल की सलाखों के पीछे डाला गया और प्रताड़ित किया गया।इस काले दिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी देशभर और प्रदेश भर में कार्यक्रम आयोजित करती रही है। प्रदेश में भी आगामी 25 व 26 जून को सभी संगठनात्मक जिलों में संगोष्ठी मौन जुलूस एवं आपातकाल के समय के सभी लोकतंत्र के प्रहरियों को याद करते हुए उनके सम्मान के कार्यक्रम आयोजित करेगी। इन कार्यक्रमों में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल सहित सभी वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे।

### गलत नीतियों के कारण उद्योग पलायन को मजबूर : सिकंदर

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं राज्य सभा सांसद डाक्टर सिकंदर कुमार ने कहा कि वर्तमान सरकार की गलत नीतियों के चलते प्रदेश में उद्योग पलायन को मजबूर है, जिसके चलते प्रदेश को नुकसान तो होगा ही साथ में बेरोजगारी भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि नए उद्योगों को लाने और पुराने उद्योगों को बचाने के लिए कोई ध्यान नहीं दे रही, न ही कोई नीति पलायन कर रहे उद्योग को रोकने के लिए बनाई जा रही है। सिकंदर कुमार ने कहा कि प्रदेश के औधोगिक क्षेत्रों में सुविधाओं की कमी बढ़ रही है। यहां तक कि सड़के अपना नामोनिशान मिटा चुकी है। ऊपर से महंगी बिजली वह भी समयानुसार मिल नही पा रही।

### हरियाणा का युवक चिट्टा व कोकीन के साथ गिरफ्तार

**कमलेश वर्मा,कुल्लू ।** जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी के कसोल में हरियाणा के एक युवक को चिट्टा व कोकीन के साथ गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने हरियाणा के एक युवक से 44.18 ग्राम चिट्टा और 5.21 ग्राम कोकीन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी की कार से तलाशी के दौरान यह नशा बरामद किया। आरोपी की पहचान भवर बजाज (40) निवासी फतेहाबाद, हरियाणा के रूप में हुई है। पुलिस जानकारी के अनुसार रविवार सुबह कसोल के समीप ग्राहण नाला में एएनटीएफ की टीम ने नाका लगाया था। इस दौरान टीम ने हरियाणा नंबर एक कार को तलाशी के लिए रोका। एएनटीएफ को देखकर आरोपी कुछ घबरा गया। शक के आधार पर जब टीम ने तलाशी ली तो कार से 44.18 ग्राम चिट्टा और 5.21 ग्राम कोकीन बरामद हुई।

### आशीष के घर के बाहर पीला पंजा चलाना दुर्भाग्यपूर्ण : कश्यप

**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने जहां जीएसटी काउंसिल ने कार्टन बॉक्स पर जीएसटी घटाकर 18 से 12 करने की



सिफारिश की है, यह केंद्र सरकार का स्वागत योग्य फैसला है। इसके लिए उन्होंने केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण का धन्यवाद भी किया। वहीं सुरेश कश्यप ने कांग्रेस पार्टी पर धावा बोलते हुए कहा की कांग्रेस पार्टी, उनके मित्र नेता, मंत्रीमंडली और मित्र मुख्यमंत्री बदला बदली की भावना से काम करते हुए जिस प्रकार से मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के गृह जिला में विधानसभा क्षेत्र हमीरपुर के पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा के घर के बाहर पीला पंजा चला है यह दुर्भाग्यपूर्ण और शर्म योग्य है। मुख्यमंत्री ने यह प्रथा बनाली है की जो उनके बारे में बोले या उनको छोड़ चुनाव लड़ने का प्रयास करें, उसके साथ द्वेष भावना से काम करना ही है।

### शिमला में 16वें वित्तायोग की बैठक आज

अनंत ज्ञान, शिमला । 16वां वित्तायोग राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से पूछेगा कि हिमाचल प्रदेश की आगामी पांच वर्षों की जरूरत क्या है। इसके लिए राज्य अतिथि गृह पीटरहॉफ में 24 जून को महत्वपूर्ण बैठक होगी। अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया करेंगे। इसी तरह से आयोग की एक अन्य बैठक मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उनकी पूरी कैबिनेट और मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना समेत सभी प्रशासनिक सचिवों के साथ होगी। आयोग आगामी पांच सालों के लिए केंद्र से आर्थिक मदद पर एक रिपोर्ट तैयार करेगा।

# आधुनिक हिमाचल के शिल्पकार की प्रतिमा लगाने में विलंब क्यों?

**अनिल पंवार, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के छह बार के मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह की रविवार को तीसरी जयंती थी। इस अवसर पर प्रदेशभर में कई जगहों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सहित प्रदेश के कई दिग्गज नेताओं ने इस अवसर पर उन्हें याद किया।

हिमाचल प्रदेश का एक बड़ा तबका पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह को रियासत ही नहीं, बल्कि सियासत का भी राजा मानते थे। उन्हें 'हिमाचल प्रदेश के लोगों के दिलों का राजा' की संज्ञा भी मिली हुई थी। कांग्रेस के भीतर एक बड़ा तबका उन्हें आधुनिक हिमाचल का शिल्पकार या निर्माता कहता है और इसे एक हद तक सही भी ठहराया जा सकता है, क्योंकि स्व. वीरभद्र सिंह ने हमेशा ही केंद्र हो या प्रदेश स्तर पर मुखरता से हिमाचली प्रदेश के हितों की पैरवी की है।

स्व. वीरभद्र सिंह हिमाचल प्रदेश की राजनीति में एक सिद्धांतवादी नेता रहे और अपनी आखिरी सांस तक उन्होंने कभी भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया, जिसकी वजह से कई बार कई मुद्दों पर केंद्र में कांग्रेस आलाकमान से उनके मनमुटाव भी हुए और उसका लाभ लेने के लिए उनके प्रतिद्वंद्वियों ने उनके खिलाफ कई बार सियासी चालें चली, लेकिन उन्होंने हमेशा ही अपनी राजनीतिक कुशलता से उन्हें विफल किया और अपने पांच दशकों के राजनीतिक जीवन में से करीब तीन दशक तक हिमाचल प्रदेश की राजनीति में एक छत्र राज किया। 8 जुलाई 2021 को पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह का स्वर्गवास हुआ तो प्रदेश की



### अपने स्तर की सभी औपचारिकताएं पूरी : सुरेंद्र

नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान ने पहले ही स्थिति स्पष्ट कर ली थी कि नगर निगम ने स्व. वीरभद्र सिंह की प्रतिमा की स्थापना को लेकर अपने स्तर की सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली है।

राजधानी शिमला में ऐतिहासिक रिज मैदान पर उनकी प्रतिमा की मांग उठी, लेकिन उस समय हिमाचल प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के चलते यह माना जा रहा था कि राजनीतिक मतभेद के चलते प्रदेश सरकार इस कार्य को करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रही थी, परंतु माना जा रहा था कि हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव के बाद यदि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो इस कार्य को पूरा कर लिया जाएगा।

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बने हुए भी करीब दो साल होने को हैं, अब जाकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला के रिज पर वीरभद्र की प्रतिमा लगाने का ऐलान किया है। इस विलंब के साथ ही सवाल भी खड़े होना शुरू हो गए हैं कि अगर कांग्रेस वीरभद्र सिंह को आधुनिक हिमाचल का निर्माता मानती है तो प्रतिमा लगाने में इतना विलंब क्यों हुआ या पर्दे के पीछे कहानी कुछ और है? (अनंत ज्ञान)

### वीरभद्र सिंह प्रदेश के सभी लोगों के लिए प्रेरणा : विक्रमादित्य

**हिमाचल** सरकार में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पिता और पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह को याद करते हुए कहा कि जिस तरह से उन्होंने प्रदेश के लोगों की सेवा की है। वह प्रदेश के सभी लोगों के लिए प्रेरणा है। हम सभी उनके दिखाए हुए रास्ते पर चलने का प्रयास कर रहे हैं।



वीरभद्र सिंह ने बतौर मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और सांसद के रूप में प्रदेश के हर कोने को सींचने का काम किया। प्रदेश के सामान्य से लेकर जनजातीय क्षेत्रों तक विकास के काम किए। हम सभी उन्हीं के दिखाए गए रास्ते पर आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं।

## एंबुलेंस में घुमा रहा था पर्यटक 25,500 रुपए का लगा जुर्माना

**कमलेश वर्मा, केलांग**

जिला लाहौल-स्पीति के लाहौल घाटी में एंबुलेंस का गलत इस्तेमाल करने का मामला सामने आया है। पुलिस जानकारी के अनुसार राजस्थान का व्यक्ति एम्बुलेंस में पर्यटकों को घुमा रहा था। चालक ने शराब भी पी रखी थी। सूचना मिलने पर लाहौल-स्पीति पुलिस ने उसे धर दबोचा।



पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी ने बताया कि जिला पुलिस को सूचना मिली कि अवैध सायरन का उपयोग करने वाली अनधिकृत एंबुलेंस, जो पर्यटन के उद्देश्य से जिला के सिस्सू और केलोंग के बीच के क्षेत्र में घूम रही थी, जो राजस्थान से आई थी। इस सूचना के बाद जिला में उक्त अवैध सायरन युक्त एंबुलेंस की तलाशी अभियान शुरू किया गया और इसे तांदी जीरो प्वाइंट पर पाया गया।

एंबुलेंस का नंबर आरजे 10 पीए6691 था। पूछताछ के बाद पता चला कि यह वाकई अनधिकृत थी और इसे पर्यटकों को लेकर जाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। चालक शराब पीकर गाड़ी चला रहा था। जिस पर मोटर वाहन अधिनियम की धारा 177,182 (1)(4),185,एवं 190,तथा 192(1) तथा शराब पीकर गाड़ी चलाने के अंतर्गत न्यायालय को भेजा जा रहा है।

इस पर मोटर वाहन अधिनियम 1988 के अंतर्गत चालान के साथ-साथ 25500 रुपए का जुर्माना भी लगाया गया। जिले में इस तरह के अवैध सायरन एवं लाइट्स और यातायात नियमों की उलंघना पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# खो चुके जनाधार की हताशा में कुछ भी कह रहे मुख्यमंत्री सुक्खू : जयराम ठाकुर

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार पूरी तरह से तानाशाही पर उतर आई है। भारतीय जानता पार्टी के नेताओं को टारगेट किया जा रहा है। मुख्यमंत्री प्रदेश के लोगों द्वारा कांग्रेस को पूरी तरह नकार देने के कारण हताशा में हैं इसलिए वह इधर-उधर की बातें कर रहे हैं। यह सरकार पूरी तरह से नाकाम हो गई है। लोगों को सिर्फ परेशान करने के अलावा कोई काम नहीं कर रही है। आज प्रदेश में हर व्यक्ति सरकार से निराश हैं। रोजगार से लेकर विकास के मामले में यह सरकार पिछली सरकार के कामों को एक कदम भी आगे नहीं बढ़ा पाई है। एक भी युवा को रोजगार नहीं दे पाई है। यह सरकार सिर्फ अपने मित्रों के लिए काम कर रही है, उन्हीं का भला करने में व्यस्त है। यह सरकार सिर्फ मित्रों के लिए समर्पित सरकार है, जिसका आम आदमी के हितों से कोई लेना देना नहीं है।



इस बार के उपचुनाव में भी प्रदेश के लोग इस सरकार को सबक़ सिखाने के लिए तैयार बैठे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह सरकार सत्ता के दुरुपयोग से विपक्ष को परेशान कर रही है। मुख्यमंत्री निर्दलीय विधायकों को पहले समर्थन के लिए प्रताड़ित करते रहे और जब वे इस्तीर्फ देकर चुनाव लड़ रहे हैं तो भी उन्हें परेशान किया जा रहा है। उनके खिलाफ अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री यह सरकार झूठ बोलके चलाना चाह रहे हैं। झूठ के भरोसे चुनाव लड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री यह भूल रहे है कि झूठ की उम्र बहुत लंबी नहीं होती। भाजपा प्रत्याशियों के खिलाफ कर रहे दुष्प्रचार लिए उन्हें न्यायालय में जवाब देना होगा।

भाजपा के प्रत्याशियों को फर्जी मुक़दमों में फसाने की कोशिश हो रही है। प्रदेश का पूरा तंत्र अपनी पूरी शक्ति भाजपा के प्रत्याशियों को परेशान करने में लगा रहा है जबकि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से रसातल में चली गई है।

दिन दहाड़े गोलियां चल रही हैं। प्रदेश में भाड़े के शूटर कोर्ट परिसर में ही तांडव मचा रहे हैं। क्या मुख्यमंत्री प्रदेश में अपराधियों के इस तरह के बोल बाले को ही व्यवस्था परिवर्तन कह रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक स्व. डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि एक विधान, एक प्रधान और एक निशान के लिए अपना बलिदान करने वाले स्व. श्यामा प्रसाद मुखर्जी हमारी प्रेरणा का स्रोत हैं। जिस लक्ष्य लिए उन्होंने अपना बलिदान दिया उसे भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हासिल किया।

जयराम ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश के विकास के लिए उनका योगदान अविस्मरणीय हैं। (अनंत ज्ञान)

## आशीष शर्मा कर रहे जनता को गुमराह करने की कोशिश : पुष्पेंद्र

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने पूर्व निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि उन्होंने जनता द्वारा दी गई जीत का अपमान किया है। वह रविवार को क्षेत्र के चिगाड़, बनाल, चलाड, अमरोह, कुहाल, सिहाल, बधियाना, छबोट, दरबेली, जठेड़ी, समाण, पोंटा, कमलाह सहित करीब दो दर्जन स्थानों पर नुक्कड़ जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे।





जनसभा को संबोधित करते डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा तथा उपस्थित लोग।

उन्होंने कहा कि निर्दलीय विधायक केवल अपने स्वार्थ के लिए राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने स्थानीय जनता की भावनाओं की कोई कदर नहीं की है। हमीरपुर की जनता पर दोबारा से चुनाव डलवाने का काम किया है। डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि निर्दलीय विधायक ने यदि भाजपा का साथ देना था तो वे बिना त्याग पत्र के भी दे सकते थे, इसमें त्याग पत्र देने की जरूरत ही नहीं थी और फिर ये उपचुनाव भी नहीं होता।

उन्होंने कहा कि ऐसे में तो बिकाऊ और टिकाऊ की बात ही सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा है तो क्षेत्र की जनता आगे के लिए ऐसे लोगों पर जरा भी विश्वास क्यों करेगी। अब ये कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री काम नहीं करते थे, जबकि हमीरपुर में करोड़ों के विकास कार्य वर्तमान में चले हुए है। पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि ये सब इसलिए बोला जा रहा है कि वास्तव में ये अब किस मुंह से जनता से वोट मांगेगे। हमीरपुर की जनता इस बार मुख्यमंत्री के साथ है। किसी भी प्रदेश का कोई भी जिला अपना मुख्यमंत्री नहीं खोना चाहता है। मुख्यमंत्री भी ऐसा, जिसने करोड़ों के विकास कार्य चला रखे हों। विकास कार्यों के अलावा महिलाओं को 1500 रुपए देने की गारंटी एवं ओपीएस जैसी गारंटियों को समय बद्ध पूरा किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र की जनता से आह्वान करते है कि अब ये लड़ाई धनबल एवं जनबल के बीच है इसलिए अब जनता ही न्याय दे। इस अवसर पर कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## काम के लिए राजनीति में आए हैं सत्ता सुख के लिए नहीं : आशीष

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा ने रविवार को ग्राम पंचायत बाड़ी फरनोल, धनेड और सेर बलौणी के गांवों में नुक्कड़ सभाओं का आयोजन कर जन आशीर्वाद लिया। इस दौरान आशीष शर्मा ने कहा कि लोगों का भरपूर आशीर्वाद उन्हें मिल रहा है। अबकी बार पहले से भी ज्यादा मतों से जीताकर जनता अपने बेटे को आशीर्वाद देगी और हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की आत्मसम्मान की लड़ाई को जीतकर घटिया राजनीति पर उतारु कांग्रेस को जबाव देगी।



नुक्कड़ सभाओं के दौरान आशीष शर्मा।

आशीष ने कहा कि वे काम के लिए राजनीति में आए हैं, आराम करने और सत्ता सुख के लिए नहीं। लेकिन मुख्यमंत्री ने न काम किए और न ही हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता के जनमत को उचित सम्मान दिया।

जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों को दरकिनार कर मित्रों को रेवड़ियां बांटी जा रही हैं। यह सरकार विकास तो क्या करवाएगी बल्कि चले हुए विकास कार्यों को रुकवाने व संस्थानों पर ताला लगाने का काम इस सरकार ने किया है। हिमकेयर कार्ड को बंद करा दिया गया है।

सरकार के पास अपने कार्य गिनाने को कुछ नहीं है इसलिए आरोप लगाकर जनता को बरगलाने की कोशिश की जा रही है।

बीते दिन भी शिमला बुलाकर चुनाव प्रचार से भटकाने का काम किया गया। अब प्रताड़ित करने के नए नए तरीके खोज रहे हैं। समर्थकों के व्यावसायों पर वेबजह अधिकारियों को भेजकर उन्हें डराया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### प्रदेश अस्थिरता की ओर बढ़ेगा: बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने सुक्खू सरकार पर भाजपा के नौ विधायकों की सदस्यता खत्म करने का षडयंत्र रचने का आरोप लगाया है। ये एक ऐसी स्थिति होगी, जिससे हिमाचल प्रदेश अस्थिरता की ओर बढ़ेगा। बिंदल ने कहा कि सुक्खू का भाजपा के नौ विधायकों की सदस्यता को लेकर दिया गया बयान अलोकतांत्रिक और प्रदेश को अराजकता व अस्थिरता की तरफ बढ़ाने वाला है। मुख्यमंत्री का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी के नौ विधायकों ने विधानसभा परिसर के अंदर कागज फाड़े, उनकी सदस्यता समाप्त होगी और इन हलकों में भी उपचुनाव होंगे। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने गैर-कानूनी तौर पर छह मुख्य संसदीय सचिव नियुक्त किए, जो उन सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं, जिसके वे हकदार नहीं है और उनकी सदस्यता आज नहीं तो कल जानी ही है।



अब सुक्खू सरकार को आभास हो चुका है कि उनके छह लोगों की सदस्यता जाने वाली है तो ऐसे में सुक्खू सरकार गैर-कानूनी तरीके से भाजपा के नौ विधायकों की सदस्यता को लेकर षड़यंत्र रच रही है। वह एक ऐसी स्थिति पैदा करने जा रहे हैं, जहां हिमाचल प्रदेश अस्थिरता की ओर बढ़ेगा।

**पत्रकार वार्ता** गोकशी के फोटो वायरल करने की अंजुमन इस्लामिया कमेटी ने की निंदा

# गलती एक ने की, भुगत रहा पूरा समुदाय

**एसपी जैरथ, नाहन**

कथित गोकशी के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने पर अंजुमन इस्लामिया कमेटी ने कड़े शब्दों में निंदा की है। अंजुमन इस्लामिया कमेटी नाहन के अध्यक्ष बॉबी अहमद ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि गलती एक युवक ने की, लेकिन अब इसे पूरा समुदाय भुगत रहा है।

उन्होंने कहा कि गोकशी के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बिगड़े हालात व माहौल के चलते अब तक राज्यों के समुदाय से संबंधित 16 दुकानदार शहर से दुकानें खाली कर लौट चुके हैं। लगातार नाहन शहर में हिंदू-मुस्लिम के नाम पर राजनीति चमकाने वाले कुछ छुटभैया नेता इस मामले को तूल देने में लगे हैं।



अंजुमन इस्लामिया कमेटी नाहन के अध्यक्ष बॉबी अहमद पत्रकारों से बातचीत करते हुए।

इसके चलते शहर का माहौल बिगड़ रहा है। बॉबी अहमद ने कहा कि किसी मवेशी को काटते हुए फोटो सोशल मीडिया पर डालना गलत है। नाहन में कपड़े की दुकान चला रहे उत्तरप्रदेश के जावेद ने सोशल मीडिया पर फोटो डालकर यहां का माहौल बिगाड़ा। विशेष समुदाय इस घिनौनी हरकत के बाद बदनाम हुआ है। ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। इस घटना के बाद शहर में दुकानें तोड़ी गईं। दुकानों से सामान बाहर फेंका गया। ऐसे लोगों पर भी नकेल कसने की आवश्यकता है, ताकि शहर का माहौल सौहार्दपूर्ण बना रहे।

उन्होंने कहा कि 26 जून को भी नाहन में बैठक बुलाई गई है। जिला प्रशासन से भी संबंधित मामले में वार्ता की हुई है। अब यदि नाहन शहर का माहौल बिगड़ता है और दंगे फसाद होते हैं तो किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### तानाशाह की भूमिका निभा रहे हैं सीएम सुक्खू : गोविंद ठाकुर

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** पूर्व मंत्री एवं उपचुनाव में हमीरपुर विधानसभा सीट से सेक्टर प्रभारी गोविंद ठाकुर ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू प्रदेश में एक तानाशाह की भूमिका निभा रहे हैं। अगर समय पर निर्दलियों के इस्तीफे मंजूर कर लिए होते, तो लोकसभा चुनाव के साथ ही यह चुनाव भी संपन्न हो जाते और जनता पर इन चुनावों का अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ता।

वह रविवार को यहां आयोजित सेक्टर प्रभारियों की बैठक के उपरांत मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सुक्खू जनप्रतिनिधियों पर झूठे मुकदमे दर्ज कर व्यक्तिगत दुश्मनी निभाने की भांति व्यवहार कर एक नई परंपरा को आरंभ कर रहे हैं।( अनंत ज्ञान)

# सेब कार्टन पर जीएसटी घटाने की सिफारिश पर भाजपा खुश

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

भाजपा मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रभारी पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजीव देष्टा ने कहा की हिमाचल में सेब कार्टन बॉक्स की कीमत कम होने से लाखों बागवानों को राहत मिल सकती है। ऐसे में दिल्ली से बागवानों के लिए राहत की खबर आ रही है।

नई दिल्ली में शनिवार को वस्तु एवं सेवा कर परिषद की 53वीं बैठक संपन्न हुई, जिसमें परिषद की बैठक में सेब कार्टन बॉक्स पर जीएसटी 18 से घटाकर 12 फीसदी करने की सिफारिश की गई है। इसके लिए भारत जनता पार्टी केंद्र सरकार का धन्यवाद करती है और आशा करती है कि यह आगामी बजट में यह लागू भी हो जाएगा।



गोविंद ठाकुर ने कहा इस फैसले से हिमाचल प्रदेश के सभी सेब बागवान लाभावित होंगे। केंद्र सरकार ने हमेशा हिमाचल प्रदेश की आर्थिकी का ध्यान रखा है और अग्रिम भूमिका निभाते हुए सर्वप्रथम हिमाचल प्रदेश को सर्वोच्च स्थान दिया है। इसके लिए हम केंद्र सरकार का आभार प्रकट करते हैं।

संजीव ने कहा की जिस प्रकार से केंद्र सरकार ने हिमाचल के बारे में सोचा है उसी प्रकार से हिमाचल सरकार को भी हिमाचल के सेब बागवानों के बारे में सोचना चाहिए और हिमाचल का जीएसटी में स्टेट शेयर 6प्रतिशत छोड़ देना चाहिए, इससे बागवानों को और ज्यादा राहत मिलेगी। हमारे प्रदेश की आर्थिकी में सेब का योगदान 5 हजार करोड़ से अधिक का है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### बागडू युवा क्लब ने करवाया महामाई का जागरण



**राकेश डोगरा, डरोह।** बागडू महादेव शिव मंदिर गढ़ जमूला में बागडू युवा क्लब की ओर से महामाई का जागरण करवाया गया। इसमें मां भगवती जागरण मंडल मनियाड़ा ने सारी रात महामाई का गुणगान किया। इस दौरान रात्रि भोजन का आयोजन भी था। इस मौके पर बागडू युवा क्लब के प्रधान दिनेश कटोच, प्रिंसिपल विजय शर्मा, अरुण शर्मा, अशोक शर्मा, अबू शर्मा, एसडीओ सुरेंद्र शर्मा, ओम प्रकाश, देश राज शर्मा एवं समस्त बागडू युवा क्लब के सदस्यों ने सारी रात महामाई के चरणों में हाजिरी लगाई। (अनंत ज्ञान)

### जयंती पर पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह को दी श्रद्धांजलि



**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** ब्लॉक कांग्रेस बैजनाथ ने मुख्य संसदीय सचिव एवं विधायक बैजनाथ किशोरी लाल की उपस्थिति में रविवार को पार्टी कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह की जयंती पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर रवींद्र बिट्टू, राजेंद्र परमार, वीरेंद्र जम्वाल, अमित शर्मा, मुनीश शर्मा, शैलभ अवस्थी, मिलाप राणा, मुनीष घाबरू, समीर राणा, शशी राणा, विनोद बरवाल, रणजीत राणा, अजय गौड़, गुलाब राणा, अनुज शर्मा आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### कांगड़ा में कल से 30 जून तक होगी अमृत वर्षा

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से कांगड़ा में एक



विशेष सभा का आयोजन किया गया, सभा को संबोधित करते हुए दिव्य गुरु आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी हरीशानंद ने उपस्थित श्रोतागण से कहा कि जब एक जीव के पुण्य संस्कार अर्जित होते हैं तब उस जीव को प्रभु महिमा सुनने का परम सौभाग्य मिलता है। प्रभु श्री राम जी की पावन पुनीत कथा व्यक्ति के अंतर मन में ईश्वर की वास्तविक भक्ति को जागृत करती है तथा व्यक्ति को पाप व ताप से मुक्त करने वाली गंगा नदी के समान है। ऐसी ही भक्ति की रसधारा क्षेत्र में 24 जून से 30 जून तक पॉलिटेक्निकल कॉलेज ऑडियोटोरियम, कांगड़ा में में सात दिवसीय श्री राम कथामृत के रूप में बहने जा रही है। इस आयोजन का समय शाम 7 से लेकर रात्रि 10 बजे तक रहेगा और इस कथा उपरांत सभी भक्तों के लिए भंडारे की व्यवस्था भी रहेगी। कार्यक्रम में गुरुदेव आशुतोष महाराज के शिष्य कथा व्यास मानस मर्मज्ञ डॉ. सर्वेश्वर नई दिल्ली से विशेष रूप में अपनी संकीर्तन मंडली के साथ पधार रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# कांगड़ा के जयंती विहार में 15 दिन से नहीं उठाया गया कूड़ा

## जयंती विहार एसोसिएशन में नगर परिषद कांगड़ा के खिलाफ भारी रोष

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

जयंती विहार एसोसिएशन कांगड़ा की एक अहम बैठक रविवार को अध्यक्ष पंडित वेद प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में बुदलादा सराय जयंती विहार में हुई। इसमें जयंती विहार से पिछले 15 दिनों से कूड़ा नहीं उठाए जाने पर रोष प्रकट किया गया।

जयंती विहार एसोसिएशन के अध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा एवं अन्य सदस्यों ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि जयंती विहार के घरों से पिछले 15 दिनों से कूड़ा नहीं उठाया गया है, जिस कारण क्षेत्र में महामारी फैलने का डर सता रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस समस्या का हल किया जाए। उन्होंने कहा कि इस समस्या को लेकर एसोसिएशन के एक वरिष्ठ नागरिक नगर परिषद



कांगड़ा कार्यालय में गए थे, लेकिन वहां से उन्हें कोई उचित जवाब नहीं मिला था। सरकार के स्वच्छता अभियान के तहत जयंती विहार में कोई भी कार्य नहीं किया जा रहा है। जयंती विहार में संस्थाओं द्वारा स्ट्रीट लाइटों व नालियों को साफ करवाया जा रहा है।

इस दौरान हालेड़कला पंचायत के प्रधान अरुण कुमार ने कहा कि जयंती विहार में कांगड़ा बस अड्डा से आया कूड़ा-कर्कट जमा हो रहा है। जयंती विहार में रूटीन से जो कार्य चल रहा है, उसी तरह चलते रहना चाहिए। वहीं, जयंती विहार एसोसिएशन के प्रधान वेद प्रकाश शर्मा ने कहा कि एसोसिएशन के कुछ वरिष्ठ नागरिक इस समस्या को लेकर नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी के पास गए थे। लेकिन नगर परिषद के अधिकारी का रवैया ठीक नहीं था।

अधिकारी ने कहा कि 12 हजार रुपए प्रति वार्ड के हिसाब से कूड़ा उठाने के लिए जमा करवाएं नहीं तो वहां का कूड़ा नहीं उठाया जाएगा। 13 वार्डों में से कूड़ा उठाने की एवज में नगर परिषद लाखों में पैसे की मांग कर रही है। सरकार को चाहिए कि नगर परिषद में ऐसे अधिकारी को तैनात करे जो जनता की समस्याओं को समझे और उन्हें हाल कर सके। (अनंत ज्ञान)

### बिना शुल्क के नहीं उठाया जाएगा कूड़ा

**जब** नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी चमन लाल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि नगर परिषद सिर्फ और सिर्फ परिषद के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र से कूड़ा उठा सकती है, न कि पंचायत के क्षेत्र से। उन्होंने कहा नगर परिषद अपने क्षेत्र से बाहर कूड़ा उठाने के लिए बाध्य नहीं है। अधिकारी ने कहा कि पिछले 2 वर्षों से नगर परिषद कांगड़ा जयंती विहार क्षेत्र से बिना किसी पैसे से कूड़ा उठा रही है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि अगर जयंती विहार के लोग घरों से कूड़ा उठवाना चाहते हैं तो उन्हें इसके लिए परिषद को पैसे देने ही होंगे।

# हल्दरा के अर्चित को फेसबुक में मिली दो करोड़ की नौकरी



**राकेश डोगरा, डरोह**

विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव की पंचायत सांबा के गांव हल्दरा का अर्चित गुलेरिया पुत्र अनिल गुलेरिया को फेसबुक कंपनी में इंजीनियर के पद पर नौकरी का ऑफर मिला है। इसका वार्षिक पैकेज 2 करोड़ रुपए है। वह जुलाई, 2024 को इंग्लैंड में ज्वाइनिंग करेंगे। उनके पिता अनिल गुलेरिया सेना से सेवानिवृत्त हुए हैं। माता रंजना गुलेरिया गृहिणी हैं। इससे पहले भी अर्चित गुड़गांव में एमाजॉन कंपनी में 2 साल तक इंजीनियर के पद पर कार्य कर चुके हैं। इनका सालाना पैकेज 65 लाख रुपए था।

बता दें कि अर्चित को इंजीनियरिंग में पिछले 6 साल का तजुर्बा है। अर्चित गुलेरिया ने 2014 में अपनी जमा दो तक की पढ़ाई माउंट कार्मल कान्वेंट स्कूल ठाकुरद्वारा तहसील पालमपुर से प्राप्त की। उसके बाद 2018 में कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग के साथ बीटेक डिग्री पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज चंडीगढ़ से प्राप्त की। अर्चित युवाओं के लिए एक प्रेरणा स्रोत हैं। अर्चित ने युवाओं के लिए संदेश में कहा है कि काम कोई भी मुश्किल नहीं होता। अगर हम उसे पूरी मेहनत और लगन के साथ करेंगे तो मंजिल हमारे कदमों में होगी। (अनंत ज्ञान)

# ठंडोल में जांचा 54 लोगों का स्वास्थ्य

## द हंस फाउंडेशन ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, दवाइयां भी बांटीं

**राकेश डोगरा, डरोह**

द हंस फाउंडेशन की ओर से गांव ठंडोल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जिसमें लगभग 54 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान निशुल्क दवाइयां दी गईं एवं शुगर, रक्तचाप आदि के टेस्ट भी निशुल्क किए गए। इस बीच मोबाइल मेडिकल यूनिट 3 इकाई भवारना के द्वारा स्थानीय लोगों को जागरूक भी किया गया। साथ ही साथ लोगों को इस सेवा का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। इस नेक कार्य के लिए स्थानीय लोगों ने द हंस फाउंडेशन संस्था का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान सामाजिक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि शहरों की अपेक्षा गांव में सारी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध न होने के कारण वहां पर मरीजों को बहुत सी



अपने स्वास्थ्य की जांच करवाने के लिए खड़े ग्रामीण।

समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए द हंस फाउंडेशन की गाड़ी गांव-गांव जाकर निशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप लगाती है। इस स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सा अधिकारी विकास कंठवाल ने लोगों को मोतियाबिंद के बारे में जानकारी दी। शिविर में चिकित्सा अधिकारी विकास कंठवाल सामाजिक सुरक्षा अधिकारी वनिता चौहान, फार्मासिस्ट रोहित शर्मा, लैब टेक्नीशियन कमल कुमार व पायलट मंगल देव मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# खेतों में बिजली की तारें डालने से रोका तो सोए हुए परिवार पर कर दिया हमला

**अनिल छांगू, जवाली**

पुलिस थाना शाहपुर के तहत पड़ती उपतहसील हारचक्कियां के गांव छल्ल में 11केवी बिजली की प्राइवेट लाइन को एक ठेकेदार द्वारा मदन लाल की निजी भूमि में से निकालने का मामला सामने आया है। शिकायतकर्ता मदन लाल ने बताया कि मना करने पर भी भुवनेश द्वारा अपने मशरूम प्लांट के लिए बिजली की 11केवी लाइन को उनकी निजी भूमि में जबरदस्ती खंभे लगाकर निकाला गया है, जिसकी शिकायत बिजली विभाग के एसई को दी गई। खेतों में खंभे लगाने के बाद वह वहां से तारे डालने लगा। जब उसे रोका तो अगले दिन 21 जून सुबह 4 बजे के करीब उसने करीब 30 लोगों के साथ उनके सोए हुए पूरे परिवार पर हमला कर दिया। हमलावरों ने उनकी पत्नी, भाभी, बच्चों को बुरी तरह से पीटा गया। वे सभी भाग कर पुलिस थाना शाहपुर पहुंचे।

पुलिस ने उन सभी के बयान लिए और फिर मेडिकल करवाया। लेकिन अभी तक पुलिस की ओर से आरोपी पर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनकी जमीन साझी जमीन है और उन्होंने तक्सीम करवाने के लिए स्टे ले रखा है। उन्होंने सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू, विधायक केवल पठानिया, एसपी शालिनी अग्निहोत्री से न्याय की मांग की है।

वहीं, जब इस बारे में आरोपी भुवनेश कुमार से बात हुई तो उन्होंने बताया कि उन्होंने इस जमीन को लीज पर लिया है। इसलिए बिजली की लाइनें डाली गई हैं। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं एसएचओ

**इस** बारे में एसएचओ शाहपुर सुरजीत राणा से बात हुई तो उन्होंने बताया कि मामले में क्रॉस एफआईआर दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

### नायब तहसीलदार के बोल

**नायब** तहसीलदार हारचक्कियां डीसी राणा से बात हुई तो उन्होंने बताया कि जमीन पर स्टे है, परंतु लीज पर दी जा सकती है। लैंड स्टेटस के साथ कोई छेड़खानी नहीं की जा सकती।

> बिजली की यह लाइन प्राइवेट है। इससे बिजली बोर्ड का कोई लेना-देना नहीं है। जब तक इस कार्य से आपति नहीं हटती, तब तक बिजली का कनेक्शन नहीं दिया जाएगा।
>
> **-अमित शर्मा, अधिशाषी अभियंता, बिजली बोर्ड, मंडल शाहपुर**

## हेल्थ इज वेल्थ

# दांतों की संवेदनशीलता को नजरअंदाज करना पड़ सकता है भारी

**आइसक्रीम** का टुकड़ा मुंह में डालने से या फिर गर्म कॉफी पीने से अगर दांतों में झनझनाहट होती है तो यह इस बात का संकेत है कि आपके दांत संवेदनशील है। संवेदनशील दांत और लक्षण समय के साथ विकसित हो सकते हैं। आमतौर पर मसूड़ों के कमजोर होने के कारण यह हो सकता है। यह 20 से 40 वर्ष की आयु के लोगों में अधिक आम है। बहुत से लोग इनेमल घिसाव से पीड़ित होते हैं, हालांकि यह किशोरावस्था में लोगों को प्रभावित कर सकता है और जब वे 70 वर्ष से अधिक उम्र के होते हैं। यह अधिक गंभीर दंत समस्या का शुरुआती संकेत भी हो सकता है। आपके पास है यदि संवेदनशील दांत हैं तो यह संभव है कि आपके दांत का कुछ इनेमल नष्ट हो गया हो। इनेमल एक कठिन, सुरक्षित सौदा है, जिससे आप उन्हें जो कुछ भी डालते हैं, उससे निपटते हैं। जब यह खत्म हो जाता है, तो दर्द पैदा करने वाले तंत्रिका अंत उजागर हो जाते हैं। इनेमल आईपीएसएस के कारण हैं। सुरक्षात्मक परत जो आपके दांतों की मदद करती है



डॉ. समृद्धि रामाणी

**दंत क्षरण :** बहुत जोर से ब्रश करना और अगल-बगल से ब्रश करने से इनेमल खराब हो सकता है, खासकर जहां पर कण मसूड़ों से मिलते हैं। दंत क्षरण दांतों के इनेमल का खोखलापन होता है, जो अम्लीय भोजन और पेय पदार्थों से निकलने वाले एसिड के हमलों के कारण होता है। यदि इनेमल को क्षति पहुंचती है तो दांतों के नीचे की डेंटाइन उजागर हो जाती है जिससे संवेदनशीलता हो सकती है। मसूड़े उजागर हो सकते हैं और अधिक संवेदनशील हो सकते हैं। जड़ की सतहें स्वाभाविक रूप से पीछे हट जाती हैं (वापस सिकुड़ जाती हैं) और दांतों की जड़ों में उनकी सुरक्षा के लिए इनेमल परत नहीं होगी।

**मसूड़ों की बीमारी:** मसूड़े दांत से नीचे उतर जाते हैं और हड्डी के सहारे को भी नष्ट कर देते हैं। दांत के आसपास के मसूड़ों में पॉकेट बन सकते हैं, जिससे उस क्षेत्र को साफ रखना मुश्किल हो जाता है और समस्या और भी बढ़ जाती है। दांत पीसना एक ऐसी आदत है, जिसमें दांतों को एक साथ भींचना और पीसना शामिल है। इससे दांतों का इनेमल खराब हो सकता है

**फाइबर युक्त नाश्ता करें:** अम्लीय खाद्य पदार्थ और पेय, सोडा, चिपचिपी कैंडी, उच्च चीनी, कार्बोहाइड्रेट की बजाय फाइबर युक्त नाश्ता करें। फल और सब्जियां, पनीर, दूध, सादा दही ये आपके मुंह को नम कर देंगे और एसिड और बैक्टीरिया से लड़ने में मदद करेंगे, जो आपके दांतों को खा सकते हैं। लार एक ऐसा तरीका है जिससे आपका मुंह इनसे निपटता है। आप हरी या काली चाय भी पी सकते हैं या चीनी रहित गम चबा सकते हैं। यदि आप कुछ अम्लीय खाते हैं, तो ब्रश करने में जल्दबाजी न करें।

**दंत चिकित्सक से लें सलाह :** कभी-कभी, अपने तनाव को दूर करने से समस्या रुक सकती है। यदि वह काम नहीं करता है, तो आगे के लिए अपने दंत चिकित्सक से संपर्क करें। ब्लीचिंग से होने वाली संवेदनशीलता आमतौर पर अस्थायी होती है। उपचार कैसा हो सकता है, इसके बारे में अपने दंत चिकित्सक से बात करें। आपके दांतों पर प्लाक और टार्टर जमा होने से आपके मसूड़े पीछे खिंच सकते हैं। यह आपके दांत की हड्डी के सहारे को नष्ट कर सकता है, आपकी मुस्कान को उज्ज्वल और दर्द मुक्त रखने में मदद के लिए दिन में दो बार ब्रश और फ्लॉस करें।

**धूम्रपान और तंबाकू सेवन से बचें:** मजबूत और स्वस्थ दांतों के लिए धूम्रपान न करें और तंबाकू का सेवन न करें। इससे मसूड़ों की बीमारी हो सकती है। यह भी महत्वपूर्ण है कि दांत दर्द के कारण दांतों की देखभाल से न कतराएं। अपने दांतों को नजरअंदाज करने से हालात और भी खराब हो सकते हैं। साल में दो बार चेकअप के लिए अपने डेंटिस्ट के पास जरूर जाएं।

प्रस्तुति : डॉ. समृद्धि रामाणी

# ईयरफोन से कान की नसों पर बढ़ता दबाव आपको बना सकता है बहरा

**आईजीएमसी शिमला में कान की समस्या के हर दिन आ रहे 3 से 4 मामले**

**आजकल** लोग मोबाइल फोन का सबसे ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके साथ लोग कान में इयरफोन या हेडफोन लगाने के आदी आप भी हैं, लेकिन सावधान रहे आपकी यह आदत आपको भले पंसद हो, लेकिन आपके कानों को यह गंभीर रूप से बीमार बनाती है। आईजीएमसी के सहायक प्रोफेसर डॉक्टर ईशान चौहान से जब इसके बारे में बात की गई तो उन्होंने बताया कि लंबे समय तक कान में हेडफोन लगाने से इंफेक्शन से लेकर बहरेपन तक का खतरा पैदा



**डॉ. ईशान चौहान**
आईजीएमसी के सहायक प्रोफेसर

होता है। सुनने की क्षमता में कमी आने के साथ सनसनाहट और दर्द की समस्या लेकर मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। आईजीएमसी अस्पताल में 3 से 4 मरीज हर रोज पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि तेज म्यूजिक से कानों की नसों पर दबाव पड़ता है, लेकिन कुछ और वजह भी हैं, जिससे कान पर असर पड़ता है। उन्होंने बताया कि हेडफोन उपकरण लोगों पर इस कदर हावी हो गया है कि कुछ लोगों का इसके बिना गुजारा ही नहीं है और यही आदत लोगों को नुकसान पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि ईयरफोन के इस्तेमाल से आपके कान और दिमाग क्षतिग्रस्त हो सकते हैं।


### ईयरफोन या हेडफोन से होने वाले नुकसान

**कान** में दर्द- लंबे समय तक हेडफोन या ईयरफोन का यूज करने से कानों में दर्द होना शुरू हो जाता है। पहले ये दर्द हल्का होता है, लेकिन लंबे सयम बाद यह दर्द तेज और कान में भारीपन ला देता है। सुनकर भले ही अजीब लगे, लेकिन यह सच है कि आपके हेडफोन की आदत आपके दिमाग पर असर डालती है। ईयफोन से निकलने वाली इलेक्ट्रो मेग्नेटिक वेव्स दिमाग पर बहुत बुरा असर डालती हैं। इससे आवाज आने का भ्रम होने लगता है। ईयरफोन आपके कानों में ईयरवैक्स की अधिकता का कारण बनता है। कान में मैल जमा होने से कई बार संक्रमण, सुनने की समस्या या टिटनस की शिकायत हो जाती है। ईयरफोन और हेडफोन का ज्यादा इस्तेमाल से कानों की नसों पर दबाव पड़ने लगता है। इससे कई बार नसे फूल जाती हैं और कान में पस जमने लगता है। इस कारण व्यक्ति को कम या फिर बिलकुल सुनाई नहीं देता।

प्रस्तुति : रविंद्र जस्टा, शिमला

### ईयरफोन से बच्चों को रखें दूर

**डॉक्टर** ईशान ने कहा कि बच्चों को ईयरफोन से दूर रखना चाहिए। अगर आप बच्चों के पास फोन दे रहे हो तो ध्यान रखें कि बच्चा नोर्मल आवाज को बढ़ाकर तो फोन इस्तेमाल नहीं कर रहा। इससे कान खराब हो सकते हैं। ऑनलाइन गेम खेलने, म्यूजिक और फिल्म देखने के लिए धड़ल्ले से बच्चे भी अब ईयरफोन का इस्तेमाल करने लगे हैं, लेकिन इस आदत के चलते पिछले कई सालों से कान से जुड़ी समस्याएं भी बढ़ती जा रही हैं। कुछ समय के लिए तो ठीक है, लेकिन अधिक समय तक या रोज इसका यूज कानों पर बुरा असर डालता है। ईयरफोन से आने वाली आवाज ईयरड्रम से करीब से टकराती है और इससे ईयरड्रम को स्थायी नुकसान हो सकता है।



# आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है अधिक तापमान

## त्वचा रोग न हों, इसके लिए सावधानियां बरतना बहुत जरूरी

**गर्मियों** में ज्यादा तापमान त्वचा संबंधी समस्याओं को को जन्म दे सकता है। हालांकि ये समस्याएं आमतौर पर गंभीर नहीं होती हैं। ज्यादातर कुछ दिनों से लेकर कुछ हफ्तों में ठीक हो जाती हैं। अगर कोई दाने या कोई दूसरी त्वचा संबंधी



ऋचा रोग विशेषज्ञ डॉ. दिलबाग सिंह

समस्या बनी रहती है या बिगड़ जाती है, तो आपको अपने त्वचा विशेषज्ञ के पास जाना चाहिए। गर्मियों से होने वाले त्वचा रोग और उनके प्रति बरती जाने वाली सावधानियों को पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा त्वचा रोग विभाग एचओडी व त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. दिलबाग सिंह से अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र ने बातचीत की। त्वचा रोग विभाग एचओडी व त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. दिलबाग सिंह ने बताया कि अधिक गर्मी/धूप का प्रभाव त्वचा पर गहरा असर डालता है। इससे बचने के लिए सावधानियां बरतना बहुत आवश्यक होता है। डॉ. दिलबाग सिंह ने बताया कि खुजलीदार दाने धूप से झुलसी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

**घमौरियां होना आम बात:** त्वचा विशेषज्ञ डॉ. दिलबाग सिंह ने बताया कि गर्मियों घमौरियां का शिकार होना आम बात है। पसीने की ग्रंथियों के बंद हो जाने के कारण ऐसा होता है। चूंकि पसीना बाहर नहीं निकल पाता, इसलिए यह आपकी त्वचा के नीचे जमा हो जाता है, जिससे घमौरियां और छोटे-छोटे खुजलीदार दाने हो जाते हैं। जब दाने फट जाते हैं और पसीना निकलता है, तो कई लोगों को अपनी त्वचा पर चुभन महसूस होती है। यदि आप धूप में रहते हैं तो आपको पित्ती हो सकती है।

**ढीले-ढाले सूती और लंबी आस्तीन वाले कपड़े पहनें:** घमौरियों से बचने के लिए ढीले-ढाले सूती और हल्के वस्त्र पहनने चाहिए। जब भी संभव हो, चौड़ी टोपी, धूप का चश्मा, लंबी आस्तीन वाले कपड़े और पैंट पहनें। दिन के सबसे ठंडे समय में बाहर व्यायाम करें या फिर घर के अंदर, जहां आप एयर-कंडीशनिंग का आनंद ले सकें, व्यायाम करें। जब भी संभव हो पंखे, ठंडे शावर और एयर-कंडीशनिंग का उपयोग करके अपनी त्वचा को ठंडा रखने का प्रयास करें।

प्रस्तुति : एमएम डैनियल, जिला चंबा

# ब्लड प्रेशर बढ़ना जितना खतरनाक कम होना भी उतना की घातक



### बीपी लो हो जाए तो ये उपाय करें

ब्लड प्रेशर लो होने पर नमक पानी पिएं। सोडियम लो बीपी को बैलेंस करने में मदद करता है। शरीर में हाइड्रोजन लेवल से यह परेशानी दूर होती है। लो बीपी ठीक करना है तो एक कप स्ट्रॉन्ग कॉफी पी सकते हैं। यह कारगर घरेलू उपाय है। गरम दूध पीने से भी लो बीपी की समस्या दूर हो सकती है। अगर धमनियों में अचानक से ब्लड फ्लो बढ़ जाए तो आइसोमेट्रिक हैंड ग्रिप एक्सरसाइज से इसे कंट्रोल कर सकते हैं।

## लो बीपी से लोग बेहोश तक हो जाते हैं, ब्रेन हैमरेज होने का भी खतरा

**आमतौर** पर हाई ब्लड प्रेशर खतरनाक माना जाता है, लेकिन इसका कम होना भी खतरे से खाली नहीं होता। यदि आप को अक्सर कमजोरी महसूस होती है या चक्कर आता है तो संभल जाएं क्योंकि यह लो ब्लड प्रेशर का संकेत हो सकता है। ब्लड प्रेशर के कम होने से लोग बेहोश तक हो जाते हैं। लो बीपी होने पर ब्रेम हैमरेज तक का खतरा हो सकता है। ब्लड प्रेशर लो हो जाए और आप ऐसी सिचुएशन से गुजरने लगे तो परेशान होने की बजाय घरेलू उपाय अपनाएं, जो इस समस्या से आपको बाहर निकालने में मदद करेंगे।



हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता

**बीपी मरीजों पर गर्मी का असर**

हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि सर्दियों में बीपी हाई होने का खतरा रहता है, जबकि गर्मी में ब्लड प्रेशर लो हो सकता है। दरअसल, तापमान कम होने पर ब्लड वेसल्स सिकुड़ जाती हैं और ब्लड प्रेशर बढ़ने लगता है। वहीं, गर्मियों में तापमान ज्यादा होने से खून की धमनियां फैलने लगती है और ब्लड प्रेशर लो होने लगता है। इसलिए बीपी के मरीजों को गर्मियों में खास सावधानी रखनी चाहिए। उन्हें रेगुलर तौर पर बीपी की मॉनिटरिंग करनी चाहिए।

**गर्मी में ब्लड प्रेशर लो होने के कारण**

गर्मियों में ब्लड प्रेशर लो होने के कई कारण हो सकते हैं। डिहाइड्रेशन और नमक कम खाने से भी बीपी लो हो सकता है। गर्मियों में ज्यादा पसीना आने से शरीर में पानी की कमी होती रहती है। ऐसे में अगर पर्याप्त पानी न पिया जाए तो डिहाइड्रेशन की समस्या हो सकती है। इससे ब्लड प्रेशर गिर सकता है। इस मौसम में ज्यादा पसीना आने से शरीर में नमक कम होने लगता है, जो ब्लड प्रेशर लो होने का कारण हो सकता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार एक वयस्क का नॉर्मल ब्लड प्रेशर 120-80 एमएम हाई होना चाहिए।

प्रस्तुति : आर मोहन चौहान, सोलन

## न्यूज ब्रीफ

### धमकाने पर क्रॉस एफआईआर दर्ज

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पुलिस थाना नगरोटा बगवां के अंतर्गत कनेहड़ खावा में मनोज कुमार तथा बाल सिंह निवासी खावा पालरा ने एक दूसरे पर रास्ता रोककर गाली-गलौज किया व जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। इस संदर्भ में दोनों शिकायतों के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 341, 504, 506 में पुलिस थाना में क्रॉस एफआईआर दर्ज की गई है।

### रास्ता रोका, जान से मारने की दी धमकी

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** पुलिस थाना बैजनाथ मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। पीहड़ जंगल में मुकेश कुमार निवासी डूहक डाकघर चौबीन ने गांव के अशोक कुमार का रास्ता रोककर मारपीट, गाली-गलौज किया व जान से मारने की धमकियां दीं। इस संदर्भ में भारतीय दंड संहिता की धारा 323, 504, 506 पुलिस थाना बैजनाथ में दर्ज किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### मारपीट तथा सरकारी काम में पहुंचाई बाधा

**अनंत ज्ञान, लंबागांव।** पुलिस थाना लंबागांव के अंतर्गत धुप्क्यारा में अनिल कुमार निवासी धुप्क्यारा ने डाक विभाग में पोस्ट मास्टर पद पर कार्यरत सतीश कुमार के साथ लड़ाई-झगड़ा, मारपीट की व जान से मारने की धमकी दी तथा सरकारी काम में बाधा पहुंचाई है। शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 332, 353, 504, 506 में पुलिस थाना में दर्ज किया गया है।

### गाली-गलौज तथा धमकाने का लगाया आरोप

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पुलिस थाना नगरोटा बगवां के अंतर्गत कनेहड़ खावा में बाल सिंह निवासी खावा पालरा ने एक व्यक्ति पर रास्ता रोककर गाली-गलौज करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस संदर्भ में भारतीय दंड संहिता की धारा 341, 504, 506 में पुलिस थाने में केस दर्ज किया गया है।

# देहरा में सीएम कर रहे डोर-टू-डोर प्रचार

## पत्नी और कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर ने मसरूर और आसपास के क्षेत्रों में मांगे वोट

**शुभम शर्मा, देहरा**

देहरा उपचुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों ने धुंआधार प्रचार शुरू कर दिया है। सीएम सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर और खुद सीएम सुक्खू अलग-अलग जगह प्रचार कर रहे हैं। कमलेश ठाकुर धार सपड़ू, भटेड़ लालपुर, मसरूर, करयार, धंगड, बिलासपुर व सकरी में प्रचार किया, जबकि खुद सीएम ने अपने पुश्तैनी घर वाले इलाकों में डेरा डाला। उन्होंने चपलाह, चनौर कनोल और बढ्ढल में प्रचार किया।

सीएम सुक्खू ने अपने संबोधन में कहा कि मैंने तभी कह दिया था कि देहरा मेरा है। जब अंतरराष्ट्रीय जू का शिलान्यास किया, तब सीएम ने ये शब्द कहे थे। सीएम सुक्खू ने इशारों में कहा कि में कुछ बड़ा देहरा को देने वाला हूं, जिसे राजनीतिक पंडित जिले के दर्जे से जोड़ कर देख रहे हैं।

सीएम ने कहा कि कैबिनेट में पहले ही देहरा में एसपी ऑफिस, एसई पीडब्लूडी को खोलने की बात कही है। सीएम सुक्खू ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आप





कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर ने धार सपड़ू, भटेड़ लालपुर, मसरूर, करयार, धंगड, बिलासपुर और सकरी में चुनाव प्रचार कर लोगों का समर्थन मांगा।

### बीजेपी प्रत्याशी होशियार सिंह को बताया बिका हुआ विधायक

मैरी पत्नी कमलेश ठाकुर को जीता कर भेजो एक सीएम ऑफिस देहरा में भी खोला जाएगा। उन्होंने यहां बीजेपी के प्रत्याशी होशियार सिंह ने इस्तीफा देकर अपने ईमान को बेचा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के कार्यकर्ताओं से अपील करता हूं कि इन्होंने कमल का फूल खरीदा है। इस खरीदे हुए कमल के फूल को वोट न दें, बल्कि देहरा के विकास के लिए कमलेश ठाकुर को वोट करें। बता दें कि पिछले कल भी कांग्रेस प्रत्याशी ने डोर-टू-डोर जाकर जनता से वोट मांगे थे। (अनंत ज्ञान)

## हैप्पी बर्थडे



कांगडा जिले के भड़वाल के युवान को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



सरकाघाट खरोह के बीएस आजाद को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

# तिब्बती युवाओं पर मारपीट और शीशे तोड़ने का आरोप

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

मैक्लोडगंज में वीकेंड पर बढ़े पर्यटन कारोबार के बीच देर रात तिब्बती समुदाय तथा 2 स्थानीय युवाओं में मारपीट का मामला सामने आया है। लड़ाई की सूचना मिलने के बाद पुलिस में मामला दर्ज किया गया। मामला भारतीय दंड सहिंता की 323, 341, 34 की धाराओं में दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार जोगीवाड़ा निवासी साहिल के ब्यानों के अनुसार वे चार लोग रात को एक पार्टी से लौट रहे थे। इस दौरान उन्होंने एक लडाई झगड़े में अपने परिचित को बचाने की कोशिश की तथा इस दौरान करीब दर्जन भर तिब्बती युवाओं ने उन पर हमला कर दिया। इस दौरान तिब्बती युवाओं ने अपनी स्कूटियां

### पहचान करने के लिए पुलिस खंगालेगी सीसीटीवी फुटेज

पीड़ित पक्ष की कारों के आगे खड़ी कर उनको रोक कर मारपीट की तथा कारों पर ईंट पत्थरों से हमला कर दिया। आरोपित पक्ष ने कारों के शीशे तोड़ डाले। पुलिस ने रविवार सुबह आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की। चारों पिड़ित युवकों का मेडिकल करवाया गया है। अब तक इस मामले में आरोपितों की संख्या तथा पहचान का खुलासा नहीं हो पाया है। उधर, पुलिस थाना मैक्लोडगंज के एसएचओ विनोद शर्मा के अनुसार मामले की जांच तथा आरोपितों की पहचान की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# डॉ. प्रीति को मिला अंतरराष्ट्रीय मानस हिंदी सेवी सम्मान

## हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में हिंदी विभाग की सहायक प्रोफेसर हैं डॉ. प्रीति

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रीति सिंह को पूर्वोत्तर हिंदी अकादमी, शिलांग की ओर से पर्वतीय देश भूटान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में हिंदी साहित्य के क्षेत्र में लेखन और शिक्षण योगदान के लिए 'अंतरराष्ट्रीय मानस हिंदी सेवी सम्मान 2024' से सम्मानित किया गया।

पूर्वोत्तर हिंदी अकादमी शिलांग द्वारा भूटान की राजधानी थिम्फू, पारो, फुटशोलिंग शहर में 5 जून से 10 जून को अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया था, जिसमें भारत सहित नेपाल व भूटान के 136 साहित्यकारों का साहित्यिक एवं सामाजिक विचार



विमर्श हुआ साथ ही भारत एवं भूटान के मैत्रीय संबंधों को और अधिक मजबूत करने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। वर्तमान में डॉ. प्रीति सिंह हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में सहायक प्रोफेसर हैं। डॉ. प्रीति सिंह, शिक्षा के क्षेत्र में कुशल शोधकर्ता, शिक्षक एवं लेखक हैं और अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ठ विषेषज्ञता लाती हैं। इनकी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्र-पत्रिकाओं में 45 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। इन्होंने भारत के विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सेमिनारों में वक्ता, विषय विशेषज्ञ और धन्यवाद ज्ञापन के साथ विशेष व्याख्यान दिए हैं।

डॉ प्रीति सिंह, यूजीसी नई दिल्ली से पोस्ट-डोकटोरल भी है साथ ही आईसीएसएसआर के मेजर प्रोजेक्ट के अंतर्गत सहायक निदेशक के रूप में कार्य कर रही हैं। डॉ. प्रीति सिंह भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान शिमला में एसोसिएट फेलो भी हैं। (अनंत ज्ञान)


# जदरांगल में शिव मंदिर में रह रहे साधु के साथ की मारपीट

**अनंत ज्ञान, योल**

धर्मशाला मंडल के अंतर्गत आने वाले जदरांगल गांव में सड़क किनारे स्थित शिव मंदिर में शनिवार देर रात कुछ अज्ञात शरारती तत्वों ने 45 वर्ष के इसूर गिरि नाम के साधु के साथ मारपीट की और कुछ नकदी व पीतल के बर्तन चोरी कर ले गए।

जानकारी के मुताबिक शनिवार देर रात उन अज्ञात लोग मंदिर पहुंचे और सबसे पहले लाइट बंद कर दी, जिससे सब जगह अंधेरा छा गया। अंधेरे का फायदा उठाकर चोरों ने बाबा से मारपीट कर उसे बांध दिया गया और जो भी सामान हाथ लगा उसे लेकर भाग गए। साधु बाबा को बांधकर दरवाजा बाहर से बंद कर वे वहां से चले गए।

सुबह होते ही साधु बाबा ने जोर-जोर से आवाज लगाई तो कुछ सैर



कर रहे लोगों ने दरवाजा खोला और गांव के लोगों को भी रात में हुई घटना के बारे बताया। स्थानीय लोगों ने इस बारे सूचना पुलिस चौकी योल को दी। चौकी प्रभारी रमेश चंद ने बताया कि छानबीन की जा रही है। यह शरारती तत्वों का काम है। (अनंत ज्ञान)

# कोली समाज सामाजिक कार्यों में ज्यादा से ज्यादा भाग ले : अमर चंद



**अजय पाल, पंचरुखी**

हिमाचल प्रदेश कोली समाज की राज्य कार्यकारणी की बैठक प्रदेश अध्यक्ष अमर चंद शलाठ की अध्यक्षता में साक्षरता भवन मंडी में हुई। बैठक में जिला कांगडा, मंडी, कुल्लू, शिमला, सोलन, सिरमौर व बिलासपुर से सैकड़ों पदाधिकारियों ने भाग लिया। इसमें समाज से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि हिमाचल में एससी/एसटी की जनसंख्या 33 प्रतिशत के लगभग है। हिमाचल में एससी/एसटी उपयोजना को लागू तो किया गया है, परंतु यह कागजों तक ही सीमित हैं। उपयोजना का बजट 33 प्रतिशत से बजाए 4 प्रतिशत किया जा रहा है और हैरानी की बात है कि 4 प्रतिशत बजट भी पूरी तरह खर्च न करके अन्य कार्य में डायवर्ट किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि एससी/एसटी सब-प्लान के लिए विशेष एक्ट बनाया जाए तथा आवंटित बजट की 100 प्रतिशत धनराशि एससी एसटी वर्ग पर खर्च हो, यह सुनिश्चित करने के लिए साझा मंच का गठन किया गया है। उन्होंने हिमाचल के विभिन्न जिलों में बिखरे कोली समाज को एकछत्र इकट्ठा करने के लिए सभी जिलों के पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र में ब्लॉक स्तर पर ज्यादा से ज्यादा सदस्य जोड़ने को कहा। उन्होंने सभी लोगों से अधिक से अधिक सामाजिक कार्य करने का आह्वान किया। अध्यक्ष ने सभी से पर्यावरण को बचाने के लिए कोली समाज के बैनेर तले बरसात मे अधिक से अधिक पौधे लगाने का आग्रह भी किया। बैठक में आए सभी जिलाध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्र मेंकोली समाज द्वारा करवाई गई विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट रखी।

इस मौके पर महासचिव गोपाल झिल्टा, रौशन लाल डोगरा, बलबीर चौहान, जगदीश सिंह, संजय पुंडीर, मीर सुख, जस्सी देवी, बेली राम, नेत्र सिंह, रूप चंद, बलबीर झिल्टा, दिला राम, प्रभा शांडिल, शेर सिंह, भगत राम, परस राम भारती, प्यारे लाल, रतन कश्यप, डीआर आनंद, रमेश पाल, राम नाथ, बलदेव शांडिल, जिला कांगडा की ओर से जिला अध्यक्ष कालिदास कोली, पूर्व अध्यक्ष पंजाब सिंह, ज्ञान चंद डोगरा, राजिंदर पाल, भीम सिंह व अन्य लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# सरकारी भूमि के आवंटन पर जांच के पूरा होने तक रोक

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

जिलाधीश ने पूर्व विधायक की परिजन को चकोता प्रणाली के तहत आवंटित सरकारी भूमि के आवंटन पर जांच के पूरा होने तक रोक लगा दी है। गत वीरवार को जारी किए गए निर्देशों के तहत कहा गया है कि इस जमीन के आवंटन में खामियां पाई गई है और मामले की बैजनाथ के एसडीएम जांच करेंगे और जांच के बाद रिपोर्ट पर आगामी निर्णय किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि करीब चार वर्ष पहले पूर्व विधायक की परिजन को गणेश बाजार के समीप मुख्य मार्ग के साथ चकोता प्रणाली के तहत यह जमीन आवंटित हुई थी। इसको लेकर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष वीरेंद्र जमवाल ने जिलाधीश के समक्ष आवंटन करने वाले एस डी ओ सिविल और तहसीलदार को चुनौती दी थी।

याचिकाकर्ता का कहना था कि इस बहुमूल्य भूमि का पब्लिक इंटरेस्ट में उपयोग किया जा सकता था। अब जिलाधीश ने इस भूमि के आवंटन की प्रक्रिया में खामियां पाने के बाद एसडीएम को मामले की जांच करने को कहा है। याचिका कर्ता विरेंद्र जमवाल के अधिवक्ता प्रणब घावरू ने मामले की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

# अमनदीप अस्पताल पठानकोट में रागी जत्थे ने शबद-कीर्तन कर संगत को किया निहाल

## एमडी डॉक्टर अमनदीप कौर की देखरेख में वार्षिक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

पठानकोट शहर के प्रसिद्ध अमनदीप अस्पताल, जोकि पठानकोट के साथ-साथ जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के मरीजों को बढ़िया स्वास्थ्य सुविधाएं दे रहा है की ओर से अस्पताल के एमडी डॉक्टर अमनदीप कौर की देखरेख में वार्षिक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सबसे पहले श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ साहब के भोग डाले गए।

इसके उपरांत भाई गुरइकबाल सिंह हजूरी रागी जत्था गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा माडल टाउन पठानकोट के जत्थे ने शबद-कीर्तन कर संगत को निहाल किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में पहुंची शहर की प्रसिद्ध शख्सियतो को सिरोपा



भेंट पर सम्मानित भी किया गया। अंत में गुरु साहब का लंगर अटूट वितरित किया गया इस अवसर पर डा. नवजोत सिंह, डायरेक्टर फैकल्टी विजय थापा ,समाज सेवक सतीश महेंद्र, मनप्रीत सिंह साहनी अध्यक्ष गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा माडल टाउन पठानकोट, व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनिंदर सिंह, एसएस बावा, रवनीत सिंह गढ़, गौरव वडैहरा, कामरेड रमेश कुमार, हरसिमरनजीत सिंह, अजय बबबर, गुरदेव सिंह जोहल, आदित्य गुप्ता, संजीव घई, आरती मेहरा इत्यादि उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# इंदौरा पुलिस ने बढ़ाई रात्रि गश्त

**अशोक ठाकुर। इंदौरा**

गत दिनों स्वर्णकार के घर रात को हुए जानलेवा हमले को देखते हुए इंदौरा पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। पुलिस ने इसके लिए संवेदनशील व पंजाब के प्रवेश स्थानों पर नाकाबंदी करना शुरु कर दी है। इस बारे डी एसपी विशाल वर्मा ने बताया कि इंदौरा का अधिकांश हिस्सा पंजाब सीमा से सटा हुआ है और अब तक के



अधिकांश आपराधिक मामलों में पड़ोसी राज्यों के आपराधिक तत्वों की संलिप्तता पाई गई है। ऐसे में पुलिस द्वारा मुस्तैदी बढ़ाई गई है। (अनंत ज्ञान)

# प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट एक हफ्ते बाद ओपन

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** करीब एक सप्ताह बाद हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट ओपन हो गई है। वेबसाइट के खुलने से अध्यापक पात्रता परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के साथ-साथ अन्य लोगों ने भी राहत की सांस ली है। जानकारी के मुताबिक करीब एक सप्ताह पहले हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के साथ लगते जंगल में आग लग गई थी। इस दौरान कुछ तकनीकी कारणों के चलते बोर्ड का सर्वर डाउन हो गया था तथा बोर्ड की वेबसाइट धीमी पड़ गई थी और ओपन नहीं हो पा रही थी। वेबसाइट के ओपन नहीं होने के कारण टेट अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में दिक्कत आई थी। (अनंत ज्ञान)

# धर्मशाला शहर में आज कई जगह बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

धर्मशाला शहर में सोमवार 24 जून को प्रात: 10.00 बजे से सायं पांच बजे तक विद्युत लाइनों के रखरखाव के चलते विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।




सहायक अभियंता रमन भरमौरिया ने कहा कि आईपीएच कॉम्प्लेक्स, एमसी कार्यालय, यात्री निवास, क्षेत्रीय अस्पताल, आयुर्वेदिक अस्पताल, न्यायिक परिसर, टेलीफोन एक्सचेंज, एसपी कार्यालय, डीसी कार्यालय, डिपो बाजार, सिविल लाइंस, रामनगर, लोअर टीसीवी, महाजन क्लीनिक शामनगर, पुलिस लाइंस, एकजोत कॉलोनी, चीलगाढ़ी, हाउसिंग बोर्ड, शिक्षा बोर्ड, एआईआर, राजकीय महाविद्यालय, बीएड कॉलेज तथा सकोह, चेलियां, एचपीसीए स्टेडियम, सरस्वती नगर, सिविल लाइंस सिविल बाजार, फोरेंसिक लैब, माइक्रो वेव, टेलीफोन एक्सचेंज नरघोटा, टी एस्टेट पेट्रोल पंप (मानफिलिंग) गोरखा कॉलोनी, हाउसिंग कॉलोनी, सर्किट हाउस, ऑफिसर कॉलोनी चिलगाढ़ी, मैक्लोडगंज मुख्य चौक, परमपावन दलाई लामा मंदिर, जोग्वियारा गांव, हरू गांव, दुसलान, टिप्पारोड, संजय मार्ग और आसपास के क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। (अनंत ज्ञान)

**सुविधा** | शाहपुर के विधायक बोले, मेटी-घरोह-बंडी-नागनपट्ट में कूहल निर्माण पर खर्च होंगे एक करोड़ 38 लाख

# शाहपुर के किसानों को मिलेंगी बेहतर सिंचाई सुविधाएं : पठानिया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

उप मुख्य सचेतक विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। इसके लिए सिंचाई की नई परियोजनाओं की कार्य योजना भी तैयार की गई। रविवार को शाहपुर विस क्षेत्र में 20 लाख की लागत से निर्मित बडोदर कूहल का विधिवत शुभारंभ करने के उपरांत उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि एक करोड़ 38 लाख की लागत से मेटी,घरोह,बंडी कल्याड़ा, नागनपट्ट के किसानों के लिए कूहल का निर्माण किया जाएगा, ताकि खेतों में सिंचाई की बेहतर सुविधा मिल सके। केवल सिंह पठानिया ने कहा कि पिछले कई वर्षों से बढोदर कूहल को ठीक करने की मांग किसानों द्वारा उठाई जा रही थी।

इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए अब ठीक किया गया है तथा कूहल में अब पानी की सप्लाई शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एवं उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के आशीर्वाद से शाहपुर विस क्षेत्र के लिए 1 करोड़ 38 लाख से मेटी, घरोह, बंडी कल्याड़ा, नागनपट्ट के किसानों के खेतो की सिंचाई के लिए कूहल बनाई जाएगी। इससे किसानों के 54 हेक्टेयर खेतों की सिचाई के लिए उपलब्ध रहेगा।




उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार हमेशा जन हित के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

कांग्रेस सरकार ने चुनावों के समय जो जनता से वादे किए थे उनको पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की आर्थिकी सुदृढ़ करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। किसानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से हिम उन्नति क्रियान्वित की जा रही है। उन्होंने कहा कि हिम उन्नति योजना के अंतर्गत क्षेत्र विशेष आधारित एकीकृत और समग्र कृषि को प्रदेश में बढ़ावा दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हिम उन्नति योजना के अंतर्गत प्रदेश भर में चिन्हित किए गए समूहों के लिए भौगोलिक परिस्थितियों, स्थानीय जलवायु और मिट्टी की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए क्लस्टर तैयार किए जा रहे हैं। वर्तमान वित्त वर्ष में हिम उन्नति योजना के अन्तर्गत 25 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। हिम उन्नति के अंतर्गत अब तक 286 क्लस्टरों को चिन्हित किया गया है जिनमें से 186 क्लस्टरों में खरीफ 2023 सीजन से गतिविधियाँ शुरू कर दी गई है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### भुक्कड़ स्कूल में लड़कियों को बांटे सर्टिफिकेट



**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ की 45 छात्राओं को आत्म रक्षा का प्रशिक्षण लेने में सर्टिफिकेट बांटे गए। सर्टिफिकेट वितरण समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य देशराज कमल ने कहा कि बदलते समय में लड़कियों को अनेक चुनौतियों को सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को देखते हुए समग्र शिक्षा विभाग ने लड़कियों को अपनी रक्षा के लिए परिपक्व बनाने के लिए प्रशिक्षित किया है। उन्होंने कहा कि लड़कियों के साथ छेड़खानी की बातें अकसर सुनने को मिलती है। ऐसे में आत्म रक्षा के लिए सीखे तौर-तरीके लड़कियों को मजबूत बनाएंगे। उन्होंने लड़कियों से आह्वान किया कि पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियां भी लड़के और लड़कियों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए बहुत जरूरी हैं। इस अवसर पर प्रवक्ता बलदेव सिंह, अशोक गुलेरिया, पवन रांगड़ा, संजीव कुमार, नीलकमल आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### भकरेड़ी में मारपीट का मामला दर्ज

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के तहत भकरेड़ी कस्बे में मारपीट करने पर एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना भोरंज के अंतर्गत मुकेश कुमार गांव भकरेड़ी ने शिकायत दी कि प्रीतम चंद ने उसके साथ बिना वजह मारपीट की है जिस पर उसने भोरंज पुलिस थाना में मामला दर्ज करवा दिया है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मामले की पुष्टि एसएचओ भोरंज योग राज चंदेल ने की है। (अनंत ज्ञान)

### निर्वाचन आयोग के पर्यवेक्षकों ने दिए निर्देश

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** उपचुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सामान्य पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किए गए वरिष्ठ आईएएस अधिकारी चंद्रभूषण त्रिपाठी और व्यय पर्यवेक्षक आनंद कुमार लगातार फील्ड में जाकर निरीक्षण कर रहे हैं, ताकि क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित की जा सके तथा किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि एवं उम्मीदवारों के चुनावी खर्च पर कड़ी नजर रखी जा सके।रविवार को भी चंद्रभूषण और आनंद ने अमरोह चौक के पास नादौन विधानसभा क्षेत्र की सीमा पर तैनात स्टैटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) और फ्लाइंग स्क्वायड टीम (एफएसटी) का औचक निरीक्षण किया। और एसएसटी और एफएसटी के रजिस्टरों एवं रिकॉर्ड की चैकिंग की। उन्होंने दोनों टीमों को हर समय अलर्ट रहने तथा सभी वाहनों की चैकिंग करने के निर्देश दिए। (अनंत ज्ञान)

### पूर्व सैनिकों ने विधायक रणजीत से की मुलाकात



**ए कुमार, सुजानपुर।** हमीरपुर, कांगड़ा और बिलासपुर के पूर्व सैनिक सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह से मिले और अपनी मांगी रखीं। कैप्टन रणजीत ने सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया तथा कहा कि लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों ने विधायक को उनकी जीत पर बधाई दी। इस अवसर पर सैनिकों ने कहा कि यह क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा से बहुत लोग सेना में हैं। आज एक पूर्व सैनिक एमएलए बना है, जिसका लाभ क्षेत्र की जनता के साथ-साथ सैनिकों को भी होगा। इस अवसर पर कैप्टन रणजीत ने पूर्व सैनिकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि पूर्व सैनिकों ने उन्हें भरपूर समर्थन दिया, जिसके चलते वह आज इस पद पर पहुंचे हैं। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### टी-20 : मंडी ने कुल्लू को 7 विकेट से हराया

**शशि सोनल, नादौन।** सीनियर अंतर जिला स्तरीय टी-20 क्रिकेट प्रतियोगता का मैच रविवार को जिला मंडी व कुल्लू की टीम के बीच हुआ, जिसमें मंडी ने कुल्लू को 7 विकेट से पराजित करमैच जीत लिया है। कुल्लू ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 152 रन बनाए। मंडी की टीम ने 153 रन के लक्ष्य को 3 विकेट पर 17.3 ओवर में 156 रन बनाकर पूरा करके मैच जीत लिया है। यह जानकारी क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया व स्टेडियम के प्रभारी टिंका ठाकुर ने दी। (अनंत ज्ञान)

### सव. वीरभद्र सिंह को पुष्पांजलि की अर्पित



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह की जयंती पर पुष्पांजलि समारोह का आयोजन सुजानपुर में वार्ड नंबर 6 में किया गया। इस अवसर पर सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कैप्टन रंजीत सिंह और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर कैप्टन रणजीत ने कहा कि जो हिमाचल की तस्वीर और तकदीर पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह के समय में बदली गई है, शायद उनसे पहले यह कोई नहीं कर पाया होगा। ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने कहा कि राजा वीरभद्र सिंह अपने समय के विकास पुरुष के नाम से जाने जाते थे और आने वाले समय में भी उन्हें हमेशा याद रखा जाएगा। इस अवसर पर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, विनय शर्मा, सुषमा शर्मा, सुलोचना सूद, बीना धीमान, सीमा सरोच, मनोज ठाकुर, जैसी राम विमल, अमृत आजाद, सोनिया, मधु बाला, सुलोचना देवी, सिद्धार्थ वालिया, सुरजीत छोटू अन्य मौजूद रहे।

# आशीष के घर के बाहर बने स्पीड ब्रेकर पर पीडब्ल्यूडी ने चलाई जेसीबी

## बोले- सरकार धक्काशाही पर है उतारु, हिसाब करेगी जनता

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



स्पीड ब्रेकर को उखाड़ती जेसीबी।

हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी और पूर्व विधायक आशीष शर्मा के घर के बाहर बनाए गए स्पीड ब्रेकर को पीडब्ल्यूडी ने जेसीबी से उखाड़ फेंका। आज सुबह ही यह कार्रवाई शुरू हुई। गौरतलब यह है कि इस स्पीड ब्रेकर का निर्माण भी पीडब्ल्यूडी न ही करवाया था, लेकिन अब बदली हुई परिस्थितियों में उसे उखाड़ दिया है। इस पर जिला भाजपा और मंडल भाजपा ने तो इस कार्रवाई पर सरकार के रवैये की कड़ी आलोचना की है। खुद आशीष शर्मा भी मुख्यमंत्री के रवैये पर हैरान हैं।

इधर, जिला भाजपा के अध्यक्ष देशराज शर्मा और मंडल हमीरपुर के अध्यक्ष आदर्श कांत ने कहा है कि हाल के दिनों में सरकार के आचरण और रवैये ने आम लोगों और समाज के विभिन्न हितधारकों के बीच काफी चिंताएं पैदा की हैं। जनता और उसके प्रतिनिधियों के प्रति सरकार का अड़ियल और अहंकारी रुख वाकई हैरान कर देने वाला है।

गौरतलब है कि पूर्व विधायक और भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा के घर के सामने सुरक्षात्मक दृष्टि से लगाए गए स्पीड ब्रेकर तो सरकारी विभाग द्वारा ध्वस्त कर दिया गया है। भाजपा पदाधिकारियों ने इस कार्रवाई को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और सरकार का कायरता भरा कदम बताया है। देशराज शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा अपनी शक्तियों का गलत इस्तेमाल करके असहमति जताने वालों को डराने और दबाने के कई मामले सामने आए हैं। इससे न केवल जनता के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होता है, बल्कि भय और दमन का माहौल भी बनता है। (अनंत ज्ञान)



## आशीष बोले- सरकार का यह कदम शर्मनाक

**दूसरी** ओर पूर्व विधायक और भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा ने सरकार के इस कदम को बहुत ही शर्मनाक बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मन में इतनी कुंठा भर चुकी है कि अब वह सरकारी तंत्र के दुरुपयोग से भी परहेज नहीं कर रहे हैं। उनके निवास स्थान पर मिलने आने वाले लोगों को सड़क पार करने में कोई परेशानी न हो इसके लिए यह स्पीड ब्रेकर लगाए गए थे, लेकिन सरकार में बैठे आकाओं की घटिया मानसिकता यह दर्शाती है कि यह अब वे जनता के हितों से खिलवाड़ करने से भी गुरेज नहीं करेंगे। आशीष ने कहा कि पिछले कल ही उन्हें प्रताड़ना करने के मकसद से शिमला बुलाया गया था और दोपहर बाद जब वह हमीरपुर को ओर आ रहे थे, तो फिर से उन्हें वापस बुला लिया गया। साफ है कि ये सारे काम राजनीतिक द्वेष की भावना से किए जा रहे हैं और सरकारी अमला भी जनता की सेवा छोड़कर सरकार के हाथों की कठपुतली की तरह काम कर रहा हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के कुकर्मों का हिसाब जनता अवश्य करेगी।

# भाजपा ने हमीरपुर को बनाया शिक्षा हब : सुमित, विजयपाल

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

भाजपा के प्रदेश सचिव एवं हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के सहप्रभारी सुमित शर्मा ने और पार्टी के जिला उपाध्यक्ष विजयपाल सोहारु ने दावा किया है कि हमीरपुर विधानसभा के उपचुनाव में पार्टी के प्रत्याशी आशीष शर्मा भारी मतों के साथ जीत दर्ज करवाने जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमीरपुर को विकास की राह पर आगे बढ़कर शिक्षा का हब अगर किसी ने हमीरपुर को बनाया है, तो वह भाजपा की पूर्व धूमल व जयराम ठाकुर की सरकारों ने बनाया है। आज हमीरपुर विधानसभा में बहुत सारे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान मौजूद हैं, जो न केवल हिमाचल प्रदेश बल्कि बाहरी राज्यों के विद्यार्थियों के लिए भी उच्च शिक्षा ग्रहण करने का सर्वोत्तम स्थान बने हैं। यह सब भारतीय जनता पार्टी की देन है।

उन्होंने कहा हमीरपुर के पॉलिटेक्निकल कॉलेज से यह शुरुआत हुई और बाद में एनआईटी कॉलेज हो मेडिकल कॉलेज हो बागवानी कॉलेज हो तकनीकी विश्वविद्यालय हो सब भाजपा की देन है। यहां के हमीरपुर ब्वॉयज स्कूल की अति-आधुनिक भव्य बिल्डिंग हो, केवल यही नहीं इसके साथ-साथ बहुत सारे विभागों के प्रमुख कार्यालय पीडब्ल्यूडी का के ऑफिस आईपीएस का के ऑफिस फॉरेस्ट का कंजर्वेशन ऑफिस इत्यादि और इसके साथ-साथ हमीरपुर का सर्विस सिलेक्शन बोर्ड यह सब वर्तमान बड़े प्रतिष्ठित संस्थान हैं। जो भाजपा ने हमीरपुर को दिए हैं।

भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि आज कांग्रेस किस मुंह से चुनाव में लोगों से वोट मांगेगी। एक समय था जब कांग्रेस के तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह ने कहा था कि वह हमीरपुर के सर्विस सिलेक्शन बोर्ड को कबूतर खाना बनाएंगे। और उन्होंने वह करके भी दिखाया था। प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवाओं को नौकरी प्राप्त करने के लिए शिमला का मुंह देखना पड़ा था, क्योंकि हमीरपुर से नई भर्तियां करना लगभग वीरभद्र सरकार में बंद हो चुकी थीं। एक दौर आज चला है, जब प्रदेश में सुख सरकार है, जो हमीरपुर का मुख्यमंत्री होने का दम भरते हैं, पर उन्होंने सत्ता में बैठते ही हमीरपुर के राज्य सेवा चयन आयोग को बंद कर दिया युवाओं को झूठे ख्वाब दिखाए कि पहले ही कैबिनेट में लाख नौकरियां युवाओं को देंगे। आवश्यकता में बैठे हुए डेड वर्ष हो गया है। कभी पैसा ना होने का रोना रोते रहे कभी प्राकृतिक आपदा से प्रभावित होने का कार्ड खेलते रहे और चुनाव में फिर से जनता के साथ झूठ पर झूठ बोल रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## डंगा लगाकर मिट्टी उठाना भूला पीडब्ल्यूडी

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**



जिला हमीरपुर में आपदा के बाद सड़कों में लोक निर्माण विभाग द्वारा डगे लगाए जा रहे हैं। भारी बारिश के कारण पिछले वर्ष बिझड़ी भोटा-रोपड़ी सड़क बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो हो गई थी। अब रोपड़ी के पास सड़क को दुरुस्त करने के लिए विभाग द्वारा एक डंगा लगाया गया है, लेकिन हैरानी की बात है कि डंगे का काम पूरा होने के बाद भी सड़क किनारे पड़ा मलबा हादसों को न्योता दे रहा है, लेकिन शायद ठेकेदार का मतलब केवल डंगा लगाने से ही है। सड़क किनारे पड़े मलबे के कारण अगर कोई हादसा हो भी जाता है तो इससे किसी को क्या लेना-देना।

जहां पर डगा लगाया गया है उस स्थान पर एक तीखा मोड़ भी है। ऐसे में अगर दोनों साइड से वाहन आमने-सामने आ जाएं तो अचानक गाड़ी मलबे के ऊपर चढ़ कर दुर्घटनाग्रस्त हो सकती है। वाहन चालकों व स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग से सड़क किनारे पड़े मलबे को उठाने की मांग की है। एक्सईएन रवींद्र जुगलानी का कहना है कि इस स्थान पर एक डंगा और लगाया जाना है, लेकिन पहले डंगे का काम पूरा हो चुका है, इसलिए ठेकेदार को जल्द मलबा हटाने के आदेश दे दिए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## 198 अभ्यर्थियों ने दी मेडिकल टेट परीक्षा

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**



टेट की लिखित परीक्षा देकर बाहर आते अभ्यर्थी।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या हमीरपुर में सुबह के सत्र में नॉन-मेडिकल टेट की लिखित परीक्षा के लिए 200 अभ्यर्थियों को कॉल लेटर जारी किए गए थे। उपप्रधानाचार्य डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि लिखित परीक्षा में 198 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जबकि दो अभ्यर्थी परीक्षा से अनुपस्थित पाए गए। टेट की लिखित परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक आयोजित की गई, जबकि शाम के सत्र में एलटी टेट की लिखित परीक्षा के लिए इसी परीक्षा केंद्र में 131 अभ्यर्थियों को कॉल लेटर जारी किए गए थे। इनमें से 116 अभ्यर्थियों ने लिखित परीक्षा में भाग लिया और 15 अयर्थी परीक्षा से अनुपस्थित पाए गए। (अनंत ज्ञान)

## जीएनएम कोर्स के लिए आवेदन 14 जुलाई तक

**एसके शर्मा,जाहू**

हिमाचल प्रदेश नर्सेज रजिस्ट्रेशन काउंसिल के द्वारा 3 वर्षीय जीएनएम कोर्स प्रवेश के लिए आवेदन मांगे गए हैं। हिमाचल प्रदेश के 46 जीएनएम ट्रेनिंग संस्थानों मे 901 छात्राओं को संस्थान में नर्स बनने के लिए दाखिला दिया जाएगा। हिमाचल प्रदेश में इस समय 6 सरकारी संस्थान हैं, जिनमें 160 सीटों, जबकि 40 निजी संस्थान हैं जिनमें 741 छात्राओं को जीएनएम कोर्स के लिए दाखिला होगा।

जीएनएम आवेदन के लिए अभ्यर्थी का जमा दो होना अनिवार्य है। जीएनएम एक ऐसा कोर्स है, जिसमें साइंस आर्ट्स व अन्य संकाय के अभ्यर्थी भी दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। जीएनएम कोर्स के लिए छात्राओं को ऑफलाइन फॉर्म एचपीएन आरसी की वेबसाइट से डाउनलोड करना होगा, जबकि आवेदन करने की फीस को ऑनलाइन करनी होगी जिसकी रसीद आवेदन फार्म के साथ भेजनी होगी। बिना ऑनलाइन फीस के फार्म को रद्द कर दिया जाएगा।

सामान्य व ओबीसी वर्ग के लिए 400 अन्य वर्ग को 200 रुपए फीस होगी। फीस ऑनलाइन एसबीआई कलेक्ट के माध्यम से करनी होगी। आवेदन पहुंचने की अंतिम तिथि 14 जुलाई व अन्य पिछड़ा क्षेत्रों के लिए 24 जुलाई निधार्रित की गई है। (अनंत ज्ञान)

## बड़े भाग्य से सुनने को मिलती है श्री हरि कथा: आचार्य

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



कथा सुनाते व्यास आचार्य मुकेश शर्मा जी महाराज तथा उपस्थित संगत।

सीनियर सिटीजन काउंसिल द्वारा बाल भवन में श्रीराम चरित मानस कथा के तीसरे दिन कथा व्यास आचार्य मुकेश शर्मा जी महाराज ने आई हुई संगतों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने प्रभु श्रीराम का बाल चरित्र का भी बड़े सुंदर तरीके से वर्णन किया।

कथा में महाराज ने बताया कि भगवान का नाम लेने से जीवन की यात्रा का पता ही नहीं चलता। इसलिए प्रभु का सिमरन प्रतिदिन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रभू से रिश्ता जोड़ तो लीजिए फिर देखिए किस प्रकार जीवन रूपी नैया भव सागर से पार होती है। उन्होंने कहा कि सत्संग और श्री हरि की कथा सुनने का सौभाग्य हर किसी को नहीं मिलता। रविवार को प्रभु श्रीराम के बाल अवस्था में नामकरण से लेकर कथा का शुभारंभ किया गया। कथा व्यास आचार्य मुकेश शर्मा जी महाराज ने आई हुई संगतों को राम के बाल रूप के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार भगवान शिव श्रीराम के बाल को देखने के लिए एक ज्योतिषी के रूप में पहुंचे और प्रभु श्रीराम के बारे में राजा दशरथ और माता कौशल्या को इसकी जानकारी दी। संस्था के प्रधान विजय पुरी, गीता प्रचार प्रसार संस्थान के सचिव भगवान दास शास्त्री ने बताया कि बाल भवन वार्ड नंबर 5 हमीरपुर में सात दिवसीय श्रीरामचरित मानस कथा आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह श्री राम चरित मानस कथा प्रतिदिन शाम 2 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 27 जून को हवन यज्ञ और भंडारा भी आयोजित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## कलश यात्रा से आज शुरू होगी शिवपुराण कथा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** रंगस पंचायत के न्याटी गांव में स्थित श्री राम मंदिर में 24 जून को कलश यात्रा निकाल कर शिव पुराण कथा का शुभारंभ होगा। मंदिर के पुजारी सुभाष चंद ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह 11 बजे के करीब कलश यात्रा निकाली जाएगी, उसके बाद विधिवत तौर पर शिव पुराण कथा का शुभारंभ होगा। उन्होंने बताया कि 30 जून तक चलने वाले इस शिव पुराण में कुठेड़ा वाले रिंकू पंडित कथा का गुणगान हर रोज दोपहर एक से शाम 4 बजे तक करेंगे। 30 जून को कथा विश्राम पर पूर्णाहूति के बाद भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने इलाकावासियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया है।

## विधायक रणजीत ने सुजानपुर अस्पताल का किया निरीक्षण

**ए कुमार, सुजानपुर**



अस्पताल परिसर का दौरा किया व यहां उपचाराधीन रोगियों से बात

सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत राणा ने सुजानपुर अस्पताल का किया निरीक्षण करने के बाद कहा कि जिला में आदर्श चुनाव आचार संहिता खत्म होते ही अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर तैनात किए जाएंगे। इसके साथ-साथ अस्पताल में जो भी मूलभूत सुविधाओं की कमी है उसे पूरा किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर का दौरा किया व यहां उपचाराधीन रोगियों से बात की, उनका हालचाल जाना और उनसे सवाल-जवाब किए गए। इसके बाद विधायक ने अस्पताल में तैनात डॉक्टर से भी मुलाकात की

कैप्टन रणजीत राणा ने कहा कि सिविल हॉस्पिटल को सुक्खू सरकार ने 50 से 100 बेड का किया है। वैसे ही यहां पर बेहतरीन डॉक्टर की तैनाती की जाएगी और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं दी जाएंगी। (अनंत ज्ञान)




**श्रद्धांजलि** भारत की एकता और अखंडता के प्रति दृढ़ संकल्प का प्रतीक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी : रणधीर शर्मा

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

रविवार को भाजपा ने भोटा चौक स्थित पार्टी कार्यालय में बलिदान दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। जहां भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं हमीरपुर उपचुनाव प्रभारी रणधीर शर्मा ने डॉ. मुखर्जी की पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके जीवन, आदर्शों और देश सेवा के प्रति उनकी अस्मरणीय प्रतिबद्धता को याद किया।

उन्होंने कहा कि आज हम भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर चिंतक एवं महान शिक्षाविद् डॉ. मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उनके आदर्शों और योगदान को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश सचिव एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सह प्रभारी सुमित शर्मा और युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर रणधीर शर्मा ने बताया कि डॉ. मुखर्जी का जीवन और उनके विचार आज भी हमें प्रेरित करते हैं। उनकी दूरदर्शिता और राष्ट्रभक्ति ने भारतीय राजनीति को एक नई दिशा दी। भाजपा आज भी उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प रखती है और उनके बलिदान को सम्मानित करती है। वह भारतीय जनसंघ के संस्थापक और हिंदुत्व विचारधारा के प्रबल समर्थक थे। उनका योगदान जम्मू-कश्मीर की राजनीति में महत्वपूर्ण रहा है, जहां उन्होंने धारा 370 के विरोध में अपनी जान गंवाई। डॉ. मुखर्जी का मानना था कि यह प्रणाली जम्मू-कश्मीर को एक अलग पहचान देने का प्रयास था, जिसे वे भारतीय संघ के खिलाफ मानते थे। डॉ. मुखर्जी ने यह घोषित किया कि 'एक देश में दो प्रधान, दो विधान, दो निशान नहीं चलेंगे', जो उनके एकीकृत भारत के दृष्टिकोण को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जम्मू-कश्मीर भारतीय संघ का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए, जिसमें बाकी भारत के समान अधिकार और कर्तव्य हो।



श्रद्धांजलि समारोह में मौजूद रणधीर शर्मा और अन्य।

इस अवसर पर देशराज शर्मा, अजय रिंटू, आदर्श कांत शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, तेज प्रकाश चोपड़ा, अनिल जसवाल, गज्जन राम शर्मा आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

**आज** के समाज की सबसे बड़ी बीमारी कुष्ठ रोग या तपेदिक नहीं है, बल्कि अवांछित रहने की भावना है। **–मदर टेरेसा**

## संपादकीय

# पेपर लीक पर राजनीति


बार-बार पेपर लीक होने से देशभर में बवाल मचा हुआ है। छात्रों का भविष्य दांव पर लगा है। कई परीक्षाएं रद्द कर दी गई हैं। ऐसे में छात्रों को दोबारा तैयारी करनी पड़ रही है। मेडिकल कोर्सेज के दाखिले के लिए करवाई जाने वाली नीट परीक्षा का पेपर लीक होने पर सबसे ज्यादा हल्ला हुआ। जगह-जगह प्रदर्शन हो रहे हैं। पेपर लीक के आरोपों की वजह से नई नवेली एनडीए सरकार भी सवालों के घेरे में आ गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एहतियात बरतते हुए नीट-पीजी एंट्रेंस टेस्ट फिलहाल स्थगित कर दिया है। पेपर लीक को लेकर हो रहे विवाद के बीच सरकार ने नीट परीक्षा करवाने वाली संस्था नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए के महानिदेशक सुबोध सिंह को हटा दिया है। फिलहाल भारत व्यापार संवर्धन संगठन के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रदीप सिंह खरोला को एनटीए का प्रभार सौंपा है। एनटीए देश के प्रमुख संस्थानों में से एक है, लेकिन पेपर लीक मामलों की वजह से एनटीए की छवि धूमिल हुई है। सरकार ने एनटीए के कामकाज की समीक्षा करने और परीक्षा सुधारों के लिए सात सदस्यीय समिति का गठन किया है। शुरुआत में जब नीट का पेपर लीक होने की बात सामने आई थी तो सरकार के केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस मामले को हल्के में लिया और कहा कि कोई गड़बड़ नहीं हुई, लेकिन जब जैसे ही मामले ने तूल पकड़ा तो सरकार तुरंत एक्शन में आ गई। सरकार को अपनी छवि बचाए रखने के लिए कार्रवाई करने पड़ रही है। नीट पेपर लीक के बाद इसकी जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंप दिया गया है। सरकार अब दावा कर रही है कि वह पारदर्शी और त्रुटिरहित परीक्षा करवाने की पक्षधर है। पेपर लीक प्रकरण को लेकर राजनीति भी खूब हो रही है। विपक्ष को बैठे बिठाए सरकार को घेरने का मुद्दा मिल गया है। लोकसभा का सत्र शुरू होने वाला है। ऐसे में इस पहले सत्र में खूब हंगामा बरपेगा। विपक्ष सवाल करेगा और सरकार को उसके जवाब देने होंगे। देशभर में गली-चौराहों पर आजकल पेपर लीक होने को लेकर चर्चा हो रही है। यह मामला हॉट टॉपिक बन गया है। नीट पेपर लीक में अब प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की भी एंट्री होने वाली है।

ईडी नीट में कथित अनियमितताओं को लेकर मनी लॉन्ड्रिंग के एंगल से जांच कर सकता है। हालांकि पेपर लीक को रोकने के लिए सरकार ने एक कड़ा कानून भी लागू कर दिया है। लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 को अधिसूचित कर दिया गया है। इस कानून के तहत पेपर लीक करने पर अपराधियों के लिए अधिकतम 10 साल की जेल की सजा और एक करोड़ रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है। पेपर लीक होने पर सेंटर और अधिकारियों पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। अगर किसी परीक्षा में हुए गड़बड़ी में एग्जाम सेंटर की भूमिका पाई जाती है तो उस सेंटर को चार साल के लिए सस्पेंड किया जाएगा। एंटी पेपर लीक कानून इसी साल फरवरी महीने में पारित हुआ था। सरकार ने पेपर लीक के मामले सामने आने पर इस कानून को तुरंत लागू किया है। हालांकि प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में शामिल होने वाले अभ्यर्थी इस कानून के दायरे में नहीं हैं। इस कानून का उद्देश्य केवल धांधली करके युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को रोकना है इसलिए अभ्यर्थी को इस कानून के दायरे से बाहर रखा गया है। कानून को अधिक प्रभावी बनाने के लिए एक उच्च स्तरीय राष्ट्रीय तकनीकी समिति बनाने पर भी विचार हो रहा है ताकि कंप्यूटर के जरिए होने वाली परीक्षाएं अधिक सुरक्षित बनाई जा सकें। परीक्षाओं के दौरान इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और फुलप्रूफ आईटी सिक्योरिटी सिस्टम का उपयोग किए जाने का भी प्रावधान किया जा सकता है। ऐसी सख्ती अगर पहले की होती तो पेपर लीक करने वाले कानून के भय से कभी पेपर लीक के बारे में सोच भी नहीं सकते थे। इस कानून को किस रूप में और कितना प्रभावी बनाया जाएगा यह देश के हर नागरिकों की जिम्मेदारी है। जहां भी गड़बड़ दिखे सराकार के ध्यान में लाए, क्योंकि अपराधियों पर नकेल कसने के लिए देश में तरह-तरह के कानून तो बहुत हैं, लेकिन जिन लोगों ने गड़बड़ करनी हो वह फिर भी कर जाते हैं। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ

**जगन्नाथ** मिश्रा एक भारतीय राजनीतिज्ञ थे, जिन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में कार्य किया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में उनकी भागीदारी उच्च स्तर पर थी। वह तीन बार बिहार के मुख्यमंत्री चुने गए। अपने भाई एलएन मिश्रा की हत्या के बाद जगन्नाथ मिश्रा सत्तर और अस्सी के दशक के अंत में बिहार के सबसे शक्तिशाली कांग्रेस नेता बन गए। 1990 में लालू प्रसाद यादव के उभरने से पहले, जगन्नाथ मिश्रा को कांग्रेस में सबसे बड़े जननेता के रूप में आंका गया था। उन्हें प्यार से 'डॉक्टर साहब' कहा जाता था। उन्हें मुसलमानों के साथ उनके प्रभाव के कारण 'मौलाना जगन्नाथ' भी कहा जाता था, जो उन्होंने 1980 में उर्दू को राज्य की दूसरी आधिकारिक भाषा बनाकर अर्जित किया था। उन्होंने कई शोध पत्र लिखे और कई पुस्तकों का लेखन और संपादन भी किया। वह एक कुशल अर्थशास्त्री थे और उन्होंने बिहार की अर्थव्यवस्था पर कई किताबें भी लिखीं। वह कई सामाजिक संगठनों के संरक्षक भी थे।



जगन्नाथ मिश्रा
जन्म : 24 जून, 1937
मृत्यु : 19 अगस्त, 2019

## अपनी बात

**आज** आधुनिकता के रंग में मोबाइल फोन के इस्तेमाल के बगैर हम अपने आप को सामाजिक रूप से अलग-थलग पाएंगे। जिस तरह से तीव्रगामी रूप से सामाजिक विकास अपने चरम पर है। वहीं, दूसरी ओर मोबाइल फोन के ऊपर हमारी आज इतनी निर्भरता बढ़ गई है कि हर इंसान के मन में उसे बार-बार देखने की आदत सी बन गई है। इस कारण हम अपनी मर्यादा तक भूल रहे हैं।

मोबाइल फोन के इस्तेमाल की पहुंच मंदिरों से लेकर श्मशानघाट तक, एवं स्नानागार से शौचालय में प्रवेश करने तक हो गई है। ऐसा प्रतीत होता है कि यही हमारे शरीर का एक अलग अंग बन गया है, जिसे हम तनिक क्षण भी अपने से दूर नहीं होने देते। यही आदत धीमी-धीमी अभ्यस्तता के कारण हमारे मनोभावों में इतनी हावी हो गई है, जिस कारण राह चलते दोपहिया वाहनों को चलाते समय ब्लूटुथ एवं इयरफोन को कान में लगाकर अपनी मति को हम खुद ही भ्रमित कर रहे हैं। इसके फलस्वरूप या तो हम खुद दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं या फिर मौत से बेखबर राह चलते किसी इंसान को कुचलकर हमेशा के लिए दर्दनाक मौत की नींद सुला देते हैं। **–मनु महाजन, नगरोटा बगवां**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# ग्रीष्म लहरों से मौत को रोकने के लिए बने कार्ययोजना

भारत के लोग लगातार ग्रीष्म लहरों की चपेट में हैं। मई-जून 2024 में उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में तापमान पिछले 124 वर्षों में सर्वाधिक उच्च स्तर लगभग 50 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज किया गया। ग्रीष्म लहर भारत के लिए कोई नई परिघटना नहीं है, लेकिन इस वर्ष उल्लेखनीय यह है कि उसका समयपूर्व आगमन हुआ है और देश के उत्तर-पश्चिमी सेदक्षिण-पूर्वी हिस्सों तक उसका व्यापक स्थानिक प्रसार रहा है। यह उपयुक्त समय है कि देश को ग्रीष्म लहरों और संबद्ध चरम मौसमी घटनाओं से निपटने के लिए ठोस योजनाओं का निर्माण करना चाहिए।

ग्रीष्म लहरों के जानलेवा प्रभावों को कम करने के लिए पूर्व-चेतावनी प्रणाली, हीट-प्रूफ शेल्टर और व्यापक रूप से पौधरोपण महत्वपूर्ण है। ग्रीष्म लहर असामान्य रूप से उच्च तापमान की अवधि है, जो भारत के उत्तर-पश्चिमी और दक्षिण-मध्य भागों में ग्रीष्मकाल के दौरान उत्पन्न होती है। यह वायु के तापमान की वह स्थिति है जिसके संपर्क में आना मानव शरीर के लिए घातक हो जाता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग उस स्थिति को ग्रीष्म लहर के रूप में वर्गीकृत करता है, जब मैदानी इलाकों में तापमान कम से कम 40 डिग्री सेंटीग्रेट और पहाड़ी क्षेत्रों में कम से कम 30 डिग्री सेंटीग्रेट तक पहुंच जाए और यह सामान्य तापमान से कम से कम 5-6 डिग्री सेंटीग्रेट की वृद्धि को इंगित करता हो। भीषण गर्मी का कारण वर्षा युक्त पश्चिमी विक्षोभ या उष्णकटिबंधीय तूफान की अनुपस्थिति है, जो उत्तर भारत में भूमध्यसागर से वर्षा लाते हैं। भारत में पहले से ही गर्म शहरों में ग्लोबल वार्मिंग और जनसंख्या वृद्धि का संयोजन बढ़ते हुए 'हीट एक्सपोजर' का प्राथमिक चालक है। 'अर्बन हीट आइलैंड' शहरों के भीतर भी तापमान की वृद्धि करता है, जिसकी त्वरा ग्रीष्म लहरों के दौरान और बढ़ जाती है। यह स्थिति तब बनती है, जब जब शहर प्राकृतिक भूमि आवरण को फुटपाथ, इमारतों और अन्य ठोस सतहों के घने सांद्रता से प्रतिस्थापित कर देते हैं, जो गर्मी को अवशोषित करते हैं और देर तक बनाए रखते हैं।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

मई-जून के माह में भारत में ग्रीष्म लहरों की उपस्थिति एक सामान्य घटना है, लेकिन देश के कई हिस्सों में धीरे-धीरे बढ़ते अधिकतम तापमान के कारण वर्ष 2024 में ग्रीष्म लहरों की समय-पूर्व उत्पत्ति की स्थिति बनी। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार भारत में ग्रीष्म लहर दिवसों की संख्या वर्ष 1981-1990 के 413 से बढ़कर वर्ष 2011-2020 में 600 हो गई है। ग्रीष्म लहर दिवसों की संख्या में यह तेज वृद्धि जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभाव के कारण घटित हुई है। ग्रीष्म लहरों के कारण जान गंवाने वाले लोगों की संख्या भी वर्ष 1981-1990 में 5,457 से बढ़कर वर्ष 2011-2020 में 11,555 हो गई है। वर्ष 1967 से अब तक पूरे भारत में ग्रीष्म लहरों के कारण 39,815 लोगों की मौत हो चुकी है। भू-जलवायु और सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों के कारण सबसे अधिक मौतें उत्तर प्रदेश में 6,745 हुई हैं। इसके बाद आंध्र प्रदेश (5,088), बिहार (3,364), महाराष्ट्र (2,974), पंजाब (2,720), मध्य प्रदेश (2,607), पश्चिम बंगाल (2,570), ओडिशा (2,406), गुजरात (2,049), राजस्थान (1,951), तमिलनाडु (1,443), हरियाणा (1,116), तेलंगाना (1,067), दिल्ली (996), झारखंड ( 855), कर्नाटक (560), असम (348) आदि राज्यों का स्थान है, जबकि शेष 12 राज्यों में 954 लोग मौत के शिकार हुए।

महाराष्ट्र स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस साल भीषण गर्मी ने राज्य में 25 लोगों की जान ले ली है। ये ग्रीष्म लहरें बहुत अधिक हानिकारक हैं। इसके मुख्य प्रभावों में मानव मृत्यु दर, बढ़ते तापमान, जन जागरूकता कार्यक्रमों की कमी और अपर्याप्त दीर्घकालिक शमन उपायों के कारण ग्रीष्म लहरों से मृत्यु की स्थिति बनती है। टाटा सेंटर फॉर डेवलपमेंट और शिकागो विश्वविद्यालय की वर्ष 2019 की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2100 तक जलवायु परिवर्तन से प्रेरित अत्यधिक ताप के कारण सालाना 5 मिलियन से अधिक लोगों के मरने की संभावना होगी। बढ़ी हुई गर्मी से मधुमेह और परिसंचरण एवं श्वसन संबंधी रोगों के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में वृद्धि होगी।

ग्रीष्म लहरों की लगातार घटनाएं अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। अत्यधिक गर्मी और सूखे की घटनाओं से फसल उत्पादन का नुकसान हो रहा है और वृक्ष सूख रहे हैं। चरम गर्मी से प्रेरित श्रम उत्पादकता हानि से खाद्य उत्पादन को अचानक लगने वाले झटके से स्वास्थ्य एवं खाद्य उत्पादन के लिए जोखिम और अधिक गंभीर हो जाएंगे। ये परस्पर प्रभाव खाद्य कीमतों में वृद्धि करेंगे, घरेलू आय को कम कर देंगे और विशेष रूप से उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में कुपोषण और जलवायु संबंधी मौतों को बढ़ावा देंगे।

वर्ष 2030 में कृषि और निर्माण जैसे क्षेत्रों से संलग्न श्रमिक गंभीर रूप से प्रभावित होंगे क्योंकि भारत की एक बड़ी आबादी अपनी आजीविका के लिए इन क्षेत्रों पर निर्भर है। भारत के लिए इस पर विचार करना भी उचित होगा कि अनिश्चित श्रम बाजार स्थिति वाले देशों और क्षेत्रों को इस तरह की चरम गर्मी के साथ उच्च उत्पादकता हानियों का सामना करना पड़ सकता है। समग्र रूप से भारत में हीट स्ट्रेस के कारण वर्ष 2030 में लगभग 34 मिलियन पूर्णकालिक नौकरियों का नुकसान हो सकता है। जलवायु विज्ञान समुदाय ने वृहत साक्ष्यों के साथ दावा किया है कि ग्रीनहाउस गैसों और एरोसोल के उत्सर्जन में वैश्विक स्तर पर उल्लेखनीय कटौती नहीं की जाएगी तो ग्रीष्म लहर जैसी चरम घटनाओं के भविष्य में और अधिक तीव्र, आवर्ती और दीर्घावधिक होने की ही संभावना है। ग्रीष्म लहरों के प्रभावों को कम करने के लिए हमें दीर्घकालिक रणनीतियां अपनाने की आवश्यकता है।

ग्रामीण इलाकों की तुलना में शहरों के अत्यधिक गर्म होने का एक बड़ा कारण यह भी है कि वे गहरे रंग की छतों, सड़कों और पार्किंग स्थलों से ढके हुए हैं, जो गर्मी को अवशोषित करते हैं और उन्हें देर तक बनाए रखते हैं। दीर्घकालिक समाधानों में से एक यह होगा कि गहरे रंग की इन सतहों को हल्के रंग के और अधिक हल्का और परावर्तक सामग्री से प्रतिस्थापित किया जाए, जो कि यह अपेक्षाकृत शीतल वातावरण का निर्माण करेगा। यह कार्ययोजना ग्रीष्म लहरों से मौत को रोकने के लिए कारगर साबित होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# युवाओं के भविष्य के खिलवाड़ के जिम्मेदार कौन?

भारत में परीक्षा से पहले प्रश्न पत्रों का लीक हो जाना व परीक्षा में गड़बड़ी होने के चलते भर्तियों को निरस्त करने का एक रिवाज सा बन गया है। ऐसी धांधलियां हमारे देश के लाखों बच्चों की प्रतिभा का मजाक उड़ाती नजर आ रही हैं। दायित्वपूर्ण पदों पर बैठे राजनेता व व्यवस्था में बैठे हुए उच्च अधिकारी इस संबंध में अपनी कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं कर पा रहे हैं।

नीट और नेट दोनों ही परीक्षाओं में प्रतिभावान विद्यार्थी बैठते हैं। कुछ विद्यार्थी विषम परिस्थितियों में परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिए न जाने क्या-क्या जुगाड़ करके एक-दो दिन पूर्व रहने-खाने की व्यवस्था करते हैं, तब जाकर कहीं परीक्षा केंद्र पर पहुंच पाते हैं। पिछले दिनों नीट परीक्षा में गड़बड़ी की खबरों ने पूरे भारत में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली और उसकी भूमिका पर सवाल खड़े कर दिए। एनटीए की ओर से यह स्वीकार किया गया कि जिन जिन परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्रों को परीक्षार्थियों को विलंब से बांटा गया या किसी कारण देरी हुई, उन केंद्रों के 1563 परीक्षार्थियों को कृपांक अंक दिए गए हैं। कृपांक अंक देने के फैसले को पलटते हुए इन विद्यार्थियों को 23 जून को फिर से परीक्षा देने का फैसला किया गया है। कई स्थानों पर नीट की परीक्षा पर छात्र इसलिए भी सवाल उठाते हुए नजर आ रहे हैं कि इस बार 67 परीक्षार्थियों के 720 में से 720 अंक यानी शत-प्रतिशत अंक हासिल किए हैं, जो अब तक का रिकॉर्ड है, इससे पहले इतिहास में इतने छात्रों ने कभी इतने अंक हासिल नहीं किए हैं।



लेखक : मदन चंबियाल
शोधार्थी हिप्र विवि शिमला

कुछ छात्र तो यह मांग कर रहे हैं कि इन 67 छात्रों को वहीं प्रश्न पत्र दोबारा से दिया जाए और फिर से परीक्षा को कंडक्ट करवाया जाए या इस परीक्षा को रद्द किया जाए। नीट की परीक्षा एक ऐसी परीक्षा है, जिसके माध्यम से डॉक्टरी की पढ़ाई की जाती है। नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी की खबरें अभी शांत हुई ही नहीं थीं कि देश की शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने यह कहकर नेट की परीक्षा रद्द कर दी कि कुछ स्थानों पर नेट का प्रश्न पत्र लीक हुआ था। ये दोनों परीक्षाएं जो आजकल सुर्खियों में बनी हुई हैं, जो हमारी व्यवस्था पर कड़े प्रश्न चिन्ह खड़े करती हैं।

ऑनलाइन परीक्षा में प्रश्न पत्रों का पहले ही लीक हो जाना आम बात हो गई है। सरकार तथा व्यवस्था में बैठे हुए लोगों को इस ओर अपना ध्यान देना अति आवश्यक है। परीक्षा में प्रश्न पत्रों का परीक्षा से पहले अन्य लोगों तक पहुंच जाना हमारी कार्यप्रणाली को कठघरे में खड़ा करता है। नीट परीक्षा में सर्वोच्च न्यायालय संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई कर रहा हैं, वहीं नेट परीक्षा के रद्द होने के साथ ही सीबीआई जांच भी हो रही है। छानबीन में जो कोई भी दोषी पाया जाता है, उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जानी चाहिए ताकि भविष्य में इस प्रकार की गलतियों से बचा जा सके तथा लाखों छात्रों के भविष्य को सुरक्षित किया जा सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता

### गायब हुआ बसंत

जगदेव प्रेमी
जेबीटी टीचर (लारल स्कूल)

कीटनाशकों ने कर दिया है,
तितलियों का कत्ल।
भंवरों ने उनके वियोग में
कर ली आत्महत्या।
चंद मधुमक्खियां सरसों के पीले
फूलों पर कर रहीं
भोजन के लिए संघर्ष।
जंगल हो गए हैं आग के हवाले।
न कहीं कोयल की कूक,
न कहीं चिड़ियों का शोर।
बुरांस के फूलों की खुशबू
भी हो गई दूर।
दूर-दूर तक नजर आते हैं
सिर्फ काले पहाड़,
लगता है पहाड़ों से 'बसंत'
गायब हो गया।

# खेती भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़

18वीं लोकसभा के गठन तथा शपथ ग्रहण के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजग गठबंधन की सरकार ने अपना कामकाज प्रारंभ कर दिया है। कठिन चुनौतियों में भी अवसर खोजने वाली भाजपा व प्रधानमंत्री मोदी ने अपना संकल्प पत्र अमल में लाकर राजनीतिक गणित ठीक करने का अभियान भी आरंभ कर दिया है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि नए दौर की भारतीय जनता पार्टी सदा चुनावी मोड़ में रहती है। वह बात अलग है कि चुनावों में कभी सफलता मिलती है और कभी नहीं भी मिलती।

वर्तमान लोकसभा में भाजपा को 241 सीटें प्राप्त हुई हैं। उसे उप्र, राजस्थान, हरियाणा और महाराष्ट्र में अच्छा खासा नुकसान हुआ, किंतु प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तनिक भी विलंब न करते हुए भाजपा ने सब कुछ ठीक करने के लिए कमर कसकर अभियान आरंभ कर दिया है। लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने पहली फाइल पर हस्ताक्षर करके किसानों की सम्मान निधि की अगली किस्त को मंजूरी दी। वहीं, कैबिनेट ने अपनी बैठक में गरीबों के लिए 3 करोड़ आवास बनाने का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद जहां जी-7 में भाग लेने के लिए इटली गए, वहीं भारत में उन्होंने सर्वप्रथम अपने संसदीय क्षेत्र काशी की यात्रा की और किसानों को सम्मान निधि जारी करते हुए मतदाताओं को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने काशी में बन रहे स्टेडियम की प्रगति का अवलोकन भी किया। काशी में प्रधानमंत्री मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरी तरह से साथ तथा तनाव मुक्त दिखे, साथ ही अगली अग्निपरीक्षा के लिए तैयार भी।



लेखक : मृत्युंजय दीक्षित
स्वतंत्र टिप्पणीकार

प्रधानमंत्री मोदी ने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से किसान सम्मान निधि के तहत 20 हजार करोड़ रुपए किसानों के खाते में डाले। अभी जब विपक्ष यही दिखाने में जुटा हुआ है कि इस बार भाजपा का अपने दम पर बहुमत नहीं है, तब भाजपा मतदाता अभिनंदन यात्रा के माध्यम से यह बताने के लिए जुट गई है कि ऐतिहासिक रूप से तीसरी बार सरकार बनाने का अवसर जनता ने भाजपा को ही दिया है। आंकड़ों के अनुसार विगत चुनावों में भाजपा के पास ग्रामीण इलाके की 201 सीटें थीं, जबकि पार्टी इस बार ग्रामीण क्षेत्रों में मात्र 126 सीट ही जीत पाई है। माना जा रहा है कि किसानों, युवाओं और महिलाओं का एक बड़ा वर्ग इस बार किसी न किसी कारण से भाजपा से नाराज हो गया, जिससे उसकी सीटें काफी कम हो गईं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी से किसान सम्मेलन के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी के नाराज मतदाताओं को मनाने के साथ कई समीकरण साधने व संदेश देने का प्रयास किया है।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि 18वीं लोकसभा के लिए हुआ यह चुनाव भारत के लोकतंत्र की विशालता, लोकतंत्र के सामर्थ्य, भारत के लोकतंत्र की व्यापकता, भारत के लोकतंत्र की जड़ों की गहराई को दुनिया के सामने पूरे सामर्थ्य के साथ प्रस्तुत करता है। उन्होंने अपने संबोधन में एक बार फिर कहा कि मां गंगा ने मुझे गोद लिया है, मैं यहीं का हो गया हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैंने किसान, नौजवान, नारी शक्ति और गरीब को विकसित भारत का मजबूत स्तंभ माना है और सरकार बनते ही सबसे पहले और सबसे बड़ा किसान और गरीब परिवारों से जुड़ा फैसला लिया है। उन्होंने बताया कि आज 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने के लिए भी बड़ा कदम उठाया गया है। कृषि सखी के रूप में बहनों की नई भूमिका उन्हें सम्मान और आय के लिए नए साधन दोनों सुनिश्चित करेगी। कृषि निर्यात में हमें और आगे जाना है।

किसान सम्मेलन को उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी संबोधित किया और प्रदेश के किसानों को बड़ा संदेश देते हुए उनकी नाराजगी को कम करने का प्रयास किया है ताकि उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा उपचुनावों तक किसानों की नराजगी को कम करके लाभ लिया जा सके। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि व किसानों के लिए बहुत बड़ी बातें कही हैं। उनका कहना है कि खेती हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान आत्मा। किसान भगवान के रूप हैं। इसी को ध्यान में रखकर सरकार किसानों के हित के लिए बहुत काम कर रही है। 2024 के लोकसभा चुनावों में ग्रामीण क्षेत्रों में हुए नुकसान को देखते हुए भाजपा ग्रामीण क्षेत्रों में अपना विशेष अभियान चलाने जा रही है। आगामी दिनों में हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। इसमें हरियाणा की 90 में से 35 सीट का फैसला किसान करते हैं। झारखंड की 81 में से 31 सीटों पर भी किसान असरकारी हैं, जबकि महाराष्ट्र में 288 विधानसभा सीटों मे से 134 सीटें ऐसी हैं जहां किसान चुनाव परिणामों पर सीधा असर डालते हैं। भाजपा मतदाताओं का आभार जताने के लिए मतदाता अभिनंदन यात्रा भी निकालेगी। स्पष्ट है भाजपा एक गतिमान पार्टी है और वह अपने कार्यकर्ताओं को भी गतिमान बनाए रखना जानती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# चीन के खिलाफ आक्रामक विदेश नीति जरूरी

'शठे शाठ्यं समाचरेत' अर्थात दुष्ट के साथ दुष्टता का ही व्यवहार करना चाहिए। यह नीति भारत को अपने पड़ोसी व साम्राज्यवादी देश चीन के बारे में अपनानी चाहिए। चीन कभी भारत का विश्वसनीय पड़ोसी नहीं रहा है। नेहरू काल के दौरान चीन 'हिंदी चीनी भाई भाई' का नारा देकर 1962 में भारत के साथ विश्वासघात भला कौन भूल सकता है। भारत की सीमा पर घुसपैठ अथवा जमीन पर कब्जा करना चीन की फितरत में रहा है। भारत की लगातार चेतावनी के बावजूद वह एलएसी का न केवल उल्लंघन करता रहा है, बल्कि अरुणाचल प्रदेश पर दावा करता रहा है। इसके लिए उसने साम, दाम, दंड, भेद की नीति का पालन किया।

इसके अलावा जम्मू-कश्मीर में हाल ही में रियासी में श्रद्धालुओं की बस पर हमला किया गया। इसके बाद जम्मू-कश्मीर में लगातार हमले बढ़े हैं। इसके पीछे भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को इन हमलों में पाकिस्तान और चीन की संयुक्त साजिश नजर आ रही है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 4 से 8 जून के बीच कई दौर की लंबी-लंबी बैठकें की थीं। इस दौरान दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने कश्मीर पर चर्चा की। दोनों की मुलाकात के बाद ही जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले भी बढ़े हैं। भारतीय खुफिया एजेंसियों को इसमें पाकिस्तान और चीन की साजिश दिख रही है। भारत ने लगभग 60 हजार राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों को इस्टर्न लद्दाख में विभिन्न स्थानों पर तैनात किया है। एलएसी पर भारतीय सेना की भारी संख्या में तैनाती से चीन बौखलाया जरूर है। खुफिया सूत्रों के अनुसार, सेना का ध्यान भटकाने के लिए जम्मू-कश्मीर में लगातार आतंकी वारदात बढ़ाई जा रही है। हालांकि भारत के कड़े रुख के चलते चीन अपनी मंशा में सफल नहीं हो पाया, लेकिन इसी वर्ष जिस तरीके से उसने अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा जताने के लिए इस राज्य में एलएसी के पास 30 स्थानों के नाम बदल दिए, वह अत्यंत चिंताजनक है। भारत ने भी उस पर जवाबी कार्रवाई करते हुए तिब्बत के 30 स्थानों के नाम बदलने की तैयारी कर ली है। भारत इन नामों कभी भी सूची जारी कर सकता है।



लेखक डॉ. अनिल कुमार
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारत का मानना है कि ऐसा करने से चीन को उसी की भाषा में जवाब दिया जा सकेगा। सवाल यह है कि क्या ऐसा करने से चीन अरुणाचल प्रदेश पर अपना अधिकार जताना बंद कर देगा? क्या जो वह भारतीय सीमा पर लगातार घुसपैठ करता है, उसे बंद कर देगा? शायद चीन को इससे बहुत अधिक फर्क नहीं पड़ेगा। अगर चीन को सही मायने में जवाब देना है तो तिब्बत के महज नाम बदलने से बात नहीं बनेगी। उसको अधिक आक्रामक तरीके से जवाब देना पड़ेगा। चीन इससे पहले भी ऐसे ही नाम बदलने का काम वर्ष 2017, 2021 और 2023 में कर चुका है। भारत ने पहले भी इसका विरोध किया और यह कहता रहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है और रहेगा। इसके लिए भारत को और अधिक सख्त कदम उठाना चाहिए। अब केंद्र में एक बार फिर मोदी के नेतृत्व में सरकार है और अरुणाचल प्रदेश में भी भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार बन चुकी है। ऐसी स्थिति में भारत को अपनी विदेश नीति को अधिक आक्रामक बनाने की आवश्यकता है।

वास्तविकता यह है कि तिब्बत को चीन अपने देश का हिस्सा मानता है। चीन अपने मैप में अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताता रहता है। यह बात सही है कि अब मोदी सरकार चीनी मानचित्रण और नामकरण करने के मामले में अपना रुख बदलने को तैयार है, लेकिन अब भारत सरकार को आगे बढ़ते हुए चीन को ठीक तरह से जवाब देना चाहिए। जिस तरह से चीन अरुणाचल को अपने देश का हिस्सा मानता है, भारत को तिब्बत को एक आटोनॉमस देश का दर्जा देना चाहिए। चीन अरुणाचल के निवासियों को स्पेशल वीजा स्टैपिल्ड के नाम से देता है, भारत को भी तिब्बत के निवासियों के लिए कुछ विशेष वीजा जारी करना चाहिए। इसके अलावा भारत को चीन की इमेज को हर अंतरराष्ट्रीय प्लेटफॉर्म पर आक्रमणकारी और साम्राज्यवादी देश के तौर पर रेखांकित करना चाहिए। चीन के लिए 'शठे शाठ्यं समाचरेत' की नीति ही उपयुक्त नीति है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### 57 वर्षीय व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में हुआ लापता

**उमेश, सुंदरनगर।** मंडी जिला के सुंदरनगर उपमंडल के कनैड़ से एक 57 वर्षीय व्यक्ति रहस्यमई परिस्थितियों में लापता हो गया है। परिजनों ने लापता मोहन लाल की हर जगह तलाश की लेकिन उसका कोई भी अता-पता नहीं चल पाया। पुलिस को दी गई शिकायत में साजन कुमार पुत्र मोहन लाल निवासी कनैड़ ने बताया कि उसके 57 वर्षीय पिता मोहन लाल उर्फ पप्पू पिछले कुछ समय से दिमागी तौर से परेशान चल रहे थे। मौजूदा समय में पिता कनैड़ में मिठाई की दुकान चलाते हैं। 21 जून की सुबह 4 बजे पिता घर से दुकान के लिए निकले लेकिन दुकान में नहीं पहुंचे और पैदल ही सुंदरनगर की तरफ चले गए और चंडीगढ़ से कुल्लू डिपो की बस में सवार होकर दिल्ली की ओर चले गए है लेकिन दिल्ली में ढूंढने के बाद भी उनका कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया है। मोहन लाल के बेटे साजन कुमार ने बताया कि उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस थाना धनोटू, चंडीगढ़ पुलिस और दिल्ली पुलिस को सौंप कर पिता को ढूंढने की गुहार लगाई है। (अनंत ज्ञान)

### सरकाघाट कांग्रेस ने मनाई वीरभद्र सिंह की जयंती



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट ब्लॉक कांग्रेस के तत्वाधान में सरकाघाट शहर में शहरी कांग्रेस के प्रधान अश्विनी गुलेरिया नगर परिषद के अध्यक्ष कश्मीर सिंह की अध्यक्षता में प्रदेश के छह बार रहे मुख्यमंत्री आधुनिक हिमाचल के निर्माता राजा वीरभद्र सिंह की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सचिव अरशद हल्कू, बृजलाल हितेश कौशल ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ता लेखराज शशि शहरी कांग्रेस के सचिव विनोद कुमार, ब्लॉक इंटक के अध्यक्ष विजय राणा, शशि कुमार आदि शामिल थे। (अनंत ज्ञान)

### बैडमिंटन प्रतियोगिता में कोट हटली क्लब रहा प्रथम



**अनिल शर्मा, मंडी।** मंडी जिला स्तरीय पहली जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता भांबला में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में जिला से आठ लड़कों व पांच लड़कियों की टीमों के 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया। लड़कों के वर्ग में भांबला क्लब ने नौबाही क्लब को 35.23 व 35.26 से हराकर जीत दर्ज की। लड़कियों के वर्ग में क्लब कोट हटली ने भांबला क्लब को 35.22 व 35.21 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। समापन समारोह की अध्यक्षता डीके ठाकुर प्रिंसिपल सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल भांबला ने की। इस मौके पर मंडी जिला बॉल बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष बीएल गोयल, महासचिव केसी ठाकुर, आरके भारद्वाज कोषाध्यक्ष व कार्यकारिणी के सभी सदस्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### जल्द हो दिव्यांग कल्याण समिति की बैठक



**अनिल शर्मा, मंडी।** हिमालयन दिव्यांग कल्याण संस्था की मासिक बैठक जिला प्रधान हेमलता पठानिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला भर से आए दिव्यांगों ने भाग लिया और दो प्रस्ताव पारित किए। प्रस्तावों की प्रतिलिपि उपायुक्त मंडी और जिला कल्याण अधिकारी को प्रेषित की गई। दिव्यांग कल्याण समिति की जिला प्रधान हेमलता पठानिया ने कहा कि दिव्यांग कल्याण समिति की बैठक 3 महीने में होती है और इसकी अध्यक्षता उपायुक्त मंडी द्वारा की जाती है, लेकिन एक वर्ष से यह बैठक नहीं हो पाई है, जिस कारण सारे मामले लटके हैं। (अनंत ज्ञान)

### पूरे पांच साल चलेगी कांग्रेस सरकार : बिमला



**अभिषेक शर्मा, जोगिंदरनगर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव बिमला चौहान ने बताया कि भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने चुनी हुई कांग्रेस सरकार को 'ऑपरेशन कमल लोटस' गिराने के हसीन सपने देखे थे इनके मंसूबे पूरे नहीं हुए तो खसियारी बिल्ली खंबा नोचे अब मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह के ऊपर परिवारवाद के आरोप लगा रहे हैं जो बिल्कुल सही नहीं है। देहरा विधानसभा चुनाव क्षेत्र में हाई कमान द्वारा सर्वेक्षण करवाया गया था। इस सर्वे में कमलेश ठाकुर को लोगों द्वारा उपयुक्त उम्मीदवार सर्वेक्षण में पाया गया था इसलिए टिकट दिया गया है। बिमला चौहान ने कहा कि सुक्खू की सरकार पूरे पांच वर्ष जनहित में काम करेगी और आगामी विधानसभा चुनाव में फिर दोबारा कांग्रेस पार्टी की ही सरकार बनेगी। (अनंत ज्ञान)

### अरुंधति राय के खिलाफ मुकदमें पर सीपीआई में रोष

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी/कोटली।** विश्व विख्यात लेखिका अरुंधति रॉय के खिलाफ आतंकवाद विरोधी कानून के तहत मामला दर्ज किए जाने को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने कड़ा एतराज जताया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की प्रदेश इकाई की ओर से महामहिम राष्ट्रपति को पत्र लिखकर यह मांग की गई है कि इस प्रकार के बेबुनियाद मामले को अविलंब रद्द किया जाए। जिला एवं सत्र न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता, भाकपा के पूर्व राज्य सचिव तथा राष्ट्रीय परिषद के पूर्व सदस्य कामरेड देश राज तथा राज्य सचिव भाग सिंह चौधरी ने मामला दर्ज किए जाने को लेकर दिल्ली के उपराज्यपाल तथा केंद्र की मोदी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि लोगों को अभिव्यक्ति की आजादी के प्रति जागरूक करने वाली समाज सेविका एवं प्रगतिशील लेखन में विश्व भर में नाम कमा चुकी अरुंधति राय पर इस प्रकार का संगीन मामला दर्ज किया जाना फासीवादी विचारधारा का परिचायक है। (अनंत ज्ञान)

### गांधी भवन में पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह किए याद



**अनिल, मंडी।** जिला कांग्रेस कमेटी मंडी ने पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर गांधी भवन में एक बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष योगेश पटियाल ने की। इस मौके पर अलकनंदा हांडा, आकाश शर्मा, जोगिंद्र गुलेरिया, अनिल सेन, प्रदीप, हरीश, लाभ, अनिल शर्मा, हेमंत, कर्मचंद, अनु, प्रवीण, नवीन, दीपक, नीतिन, आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# पिछली बरसात के प्रभावितों को न जमीन और न मिला किराया

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

टिहरा उपतहसील की ग्राम पंचायत तनियार के वार्ड हियुन की दलित बस्ती बाल्ह पर गत वर्ष 13 अगस्त को हुई पलयकारी बरसात से हुए भू स्खलन से तीनों तरफ मलबा आ गया था और इसे असुरक्षित घोषित कर दिया गया था तथा यहां के एक दर्जन परिवारों को उसी दिन वहां से सुरक्षित जगहों के लिए शिफ्ट कर दिए गए था और कुछ समय पंचायत घर में ठहराने के बाद अब वे किराए के मकानों में रह रहे हैं।

दस महीने गुजर गए हैं और दो परिवारों को छोड़कर बाकी सभी परिवार टिहरा के आसपास किराए के मकानों में रह रहे हैं और डेढ़ से तीन हजार रुपए मासिक किराया दे रहे हैं। मानसून अगले सप्ताह तक हिमाचल में पहुंचने वाली है लेकिन इस बस्ती पर पिछली बरसात में गिरे मकानों और चारों ओर पड़े मलबे को अभी तक नहीं हटाया गया है।



पिछली बरसात में क्षतिग्रस्त हुए मकान।

पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने बताया कि जो परिवार किराए के मकानों में रह रहे हैं उन्हें सरकार द्वारा किराया, राशन तथा मकान बनाने के लिए सुरक्षित जगह पर भूमि देने की घोषणा की थी जिसके लिए पत्राचार भी किया था लेकिन अब टिहरा तहसील के कर्मचारी इसके बारे स्वयं एसडीएम या विधायक से पता लगाने के लिए बोल रहे हैं। इन परिवारों को 11 महीनों में एक पैसा भी किराए देने के रूप में जारी नहीं किया गया है जो प्रशासन और यहां के विधायक की गैर जिम्मेदाराना कार्यप्रणाली को ही दर्शाता है। (अनंत ज्ञान)

> नुकसान का पूरा ब्यौरा तैयार किया गया है तथा आवश्यक कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन और सरकार को भेजा गया है। किराए की अदायगी के साथ साथ प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर बसाने के जरूरी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।
> -जोगेंद्र पटियाल, एसडीएम धर्मपुर।

### मांग पूरी न होने पर करेंगे अनशन

**भूपेंद्र** सिंह ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि इन परिवारों का पिछला किरया 30 जून तक अदा नहीं किया जाता है और मकान बनाने के लिए भूमि उपलब्ध नहीं करवाई जाती है तो वे प्रभावितों के साथ मिलकर अनशन शुरू करेंगे। इस बस्ती के निवासी रूपलाल, सुरेश कुमार, राजेश कुमार, बसंत सिंह, रमेश कुमार, राकेश कुमार, मंजीत और सोनू इत्यादि किराए के मकानों में रह रहे हैं जिन्हें 11 महीने का निर्धारित किराया नहीं दिया हैं।

# चैलचौक में लड़की ने फांसी लगा दी जान

**मंडी।** चैलचौक में एक लड़की ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। जानकारी के अनुसार थाना गोहर के अंतर्गत नेहा शर्मा पुत्री सुदेश शर्मा निवासी गांव व डाकघर चैलचौक तहसील चच्योट जिला मंडी व उम्र 18 साल ने 22 जून को अपने कमरा में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

परिजनों ने नेहा की मृत्यु पर किसी व्यक्ति विशेष पर कोई शक जाहिर नहीं किया है। पुलिस ने धारा 174 सीआरपीसी के अंतर्गत कार्रवाई अमल में लाई है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही असली कारणों का पता चलेगा।

# हिमाचल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की तैयारियां शुरू

## 50 फिल्म डायरेक्टर-प्रोडयूसर और दस अभिनेता करेंगे शिरकत

**अनिल शर्मा, मंडी**

हिमाचल प्रदेश के केंद्र में स्थित छोटी काशी मंडी में आगामी 27 से 30 जून तक आयोजित होने हिमाचल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की तैयारियां शुरू हो गई है। मुंबई से आए फिल्म फेस्टिवल डायरेक्टर पवन शर्मा ने मंडी के मोतीपुर स्थित संस्कृति सदन में कैंप आफिस शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि मंडी जैसे समृद्ध सांस्कृतिक विरासत वाले शहर में यह पहला मौका है कि जब हिमाचल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आयोजन स्थानीय रत्तन ज्वैलर्स के सहयोग से किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस फिल्म फेस्टिवल में क्षेत्रीय, आर्ट एवं विभिन्न भाषाओं की फिल्मों के करीब पचास फिल्म डायरेक्टर-प्रोड्यूसर मंडी पहुंच रहे हैं। वहीं पर फिल्मों और टेलिविजन के दस मशहूर कलाकार भी इसका हिस्सा होंगे। जिनमें चंद्रकांता फेम क्रूर सिंह अखिलेश मिश्रा, सीआईडी फेम आदित्य श्रीवास्तव, गंगाजल फिल्म के मुख्य विलेन यशपाल शर्मा, शांति के नानू जासूस राजेश, अमिताभ बच्चन की फिल्म अग्रिपथ, मंगल और मातृभूमि जैसी फिल्मों में अपने अभिनय की छाप छोड़ने वाले मंडी के नीरज सूद, चिल्लर पार्टी फेम मंडी की कलाकार सपना, अनिल कपूर के साथ फैनी खान में लीड रोल करने वाली पीहू, आफिस-आफिस फेम हेमंत पांडे, तीस से अधिक तेलुगु फिल्मों में अभिनय करने वाले और मां साहब के निर्देशक ओम आदि इस हिमाचल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में शिरकत करने वाले हैं।

पवन शर्मा ने बताया आज की फिल्में नाच गाने तक ही सीमित रह गई हैं. उनके पास बहुत सी ऐसी अच्छी फिल्में हैं, जिन्हें इंटरनेशनल अवार्ड तक मिले हुए हैं. लेकिन हमारे देश में उन फिल्मों को बड़े पर्दे पर आने नहीं दिया जाता है. इस फेस्टिवल के माध्यम से युवा पीढ़ी और जनता को अच्छी फिल्में देखने का संदेश भी दिया जाएगा. साथ इस फिल्म फेस्टिवल में हिमाचल की उन हस्तियों को भी सम्मानित किया जाएगा। पवन ने कहा कि उन्होंने फिल्मी जगत, साहित्य, कला एवं पेंटिंग के जरिए समाज को सही दिशा में ले जाने में अपना योगदान दिया है। बता दें कि पवन कुमार शर्मा मंडी जिला के रहने वाले हैं और पिछले 40 सालों से फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



जानकारी देते हुए पवन शर्मा।

### संस्कृति सदन में दिखाई जाएगी 35 फिल्में

हिमाचल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के दौरान संस्कृति सदन में विभिन्न भाषाओं, प्रांतीय एवं आर्ट करीब 35 फिल्में दिखाई जाएगी। पवन शर्मा ने बताया कि भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ओर से इस फिल्म फेस्टिवल के लिए फिल्मों के सेंसर के लिए पत्र जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि फिल्म फेस्टिवल में उनके द्वारा निर्देशित फिल्म वन रक्षक दर्शकों की मांग पर दिखाई जा रही है। पवन शर्मा ने बताया कि फिल्म फेस्टिवल के दौरान ही हिमाचल की कहानी पर आधारित फिल्म की लॉचिंग की जाएगी।

### फेस्टिवल की कमेटियों का किया गठन

**पवन** शर्मा ने बताया कि फिल्म फेस्टिवल के संचालन के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया जा रहा है। इसके लिए स्थानीय सांस्कृतिक संस्थाओं ,रंगमंच से जुड़े कलाकारों को भागीदारी निभाने के लिए खुला निमंत्रण है। जो भी कलाकार इसमें अपनी भागीदारी निभाने के इच्छुक हो वे उनसे संपर्क कर सकते हैं।

### नशे के साथ अन्य कुरीतियों पसार रही पैर

पवन कुमार शर्मा ने बताया कि चकाचौंध की इस दुनिया में नशे के साथ अन्य कुरीतियों तेजी से अपने पैर पसार रही हैं । फिल्मी जगत में बहुत कम ऐसे निर्देशक हैं, जिनका ध्यान इनकी ओर जा रहा है। इन कुरीतियों जड़ से खत्म करने, युवा पीढ़ी और समाज को साहित्य के साथ जोड़ने के लिए फिल्म फेस्टिवल के माध्यम से एक पहल की जा रही है। इस प्रयास में उनके साथ मंडी जिला की कुछ सामाजिक संस्थाएं भी आगे आई हैं।

# वंशज आजाद सुप्रीम कोर्ट में बने ज्यूडिशियल रिसर्च एसोसिएट

**अनिल शर्मा, मंडी**



वंशज आजाद।

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के अधिवक्ता वंशज आजाद का चयन सुप्रीम कोर्ट आफ इंडिया में बतौर ज्यूडिशियल रिसर्च एसोसिएट के पद पर हुआ है। वंशज आजाद ने अपनी 12वीं की पढ़ाई धर्मशाला से करने के बाद नेशनल ला यूनिवर्सिटी शिमला से वकालत का पांच वर्षीय कोर्स 2023 में करने के बाद एक साल तक हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट में वकालत की।

इस दौरान वंशज आजाद ने सीपीएस सहित बार कौंसिल आफ हिमाचल प्रदेश के खिलाफ अति महत्वपूर्ण मुकदमों में पैरवी की। वंशज आजाद ने मार्च महीने में सुप्रीम कोर्ट का टैस्ट पास करके जून में फाइनल साक्षात्कार पास करके आठ जुलाई, 2024 को ज्वाइन करना है। वंशज आजाद ने बताया कि उन्होंने 12वीं की शिक्षा विज्ञान संकाय में पास करने के बाद कानून की डिग्री हासिल की जोकि उनके लिए एक नया क्षेत्र था।

वंशज ने अपनी सफलता का श्रेय अपने स्वर्गीय दादा-दादी के साथ अपने माता-पिता व बहन डा. पारिका व एचएएस अधिकारी विपिन ठाकुर को दिया। सरकाघाट के रहने वाले वंशज आजाद के पिता डॉ.जे. के. आजाद प्रदेश कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं व माता स्कूल प्रिंसिपल हैं व इनकी बहन एमबीबीएम डाक्टर है। (अनंत ज्ञान)

# बीएसएल नहर में कूदा 21 वर्षीय युवक, तलाश जारी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।**

जिला मंडी के पुलिस थाना धनोटू के तहत गांव रौं के समीप एक 21 वर्षीय युवक द्वारा बीएसएल नहर में छलांग लगाने का मामला सामने आया है। पुलिस थाना धनोटू ने मामले में आगामी जांच शुरू कर दी है। युवक की शिनाख्त दीपक(21) पुत्र तुलसी राम निवासी लड़ा डाकखाना ब्रिखमणी तहसील बल्ह पुलिस थाना धनोटू जिला मंडी हिमाचल प्रदेश के तौर पर हुई है।

जानकारी देते हुए डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा युवक की तलाश जारी है । (अनंत ज्ञान)

# पैसे के लिए विवाहिता को किया प्रताड़ित, केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

पुलिस थाना सुंदरनगर के तहत विवाहिता द्वारा पति व सास-ससुर पर प्रताड़ना के आरोप लगाए गए हैं। पुलिस ने पीड़ित महिला अरूणा पुत्री टेक चंद गांव भदरौण डाकघर चैलचौक तहसील चच्योट जिला मंडी के शिकायत पत्र के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता महिला का विवाह मनोज कुमार के साथ हिंदू रिति रिवाज के अनुसार वर्ष 2021 में हुआ था, लेकिन शादी के बाद से ही पीड़िता के पति व सास-ससुर पैसे की मांग करने लग गए। जब पीड़ित विवाहिता ने पति व ससुराल पक्ष वालो की पैसों की मांग को पूरा नहीं किया गया तो उन्होंने इसके साथ लड़ाई-झगड़ा करना शुरू कर दिया। इस पर शिकायतकर्ता ने आरोपियों के खिलाफ ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित करने के आरोप लगाए गए हैं। थाना प्रभारी सुंदरनगर नानक चंद ने बताया कि शिकायतकर्ता विवाहिता के शिकायत पत्र अनुसार केस दर्ज कर लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# स्व. वीरभद्र सिंह को दी श्रद्धांजलि

**पीयूष शर्मा, करसोग ।** पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह के जन्मदिन पर ब्लॉक कांग्रेस करसोग के नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर दी।

कायदे से जन्मदिन के अवसर पर उनकी याद में मिठाई बांटी जानी चाहिए थी और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके याद किया जाना था , लेकिन कांग्रेसी नेता जन्मदिन व निधन के दिन में फर्क करना ही भूल गए जिसकी वजह से स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के जन्मदिन पर पुष्पांजलि अर्पित करने के स्थान पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया। (अनंत ज्ञान)

# बरसात में सतर्क रहें अधिकारी : ब्रह्मदास

**अनिल शर्मा, मंडी**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्म दास चौहान ने नाचन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत घरोट के पंडार, बरौहकडी में गांव के बार्ड ठारू, कोट, कथीयुणी, नालनी, पुखटी, डनोहड, पंडार वाया सियू में जाकर आपदा के समय सड़कों व घरों के नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने लोगों की समस्या को सुना। उन्होंने लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस पार्टी का सहयोग देने पर जनता का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर उन्होंने आ रही बरसात में सतर्क रहने के साथ अधिकारियों को भी निर्देश दिए। उन्होंने बरसात से पहले सड़कों निकासी और असुरक्षित जगहों पर सतर्कता बरतने को कहा। इसके अलावा मनरेगा के तहत किए जा रहे कामों का भी जायजा लिया।



लोगों से मिलते हुए ब्रह्मदास चौहान।

उन्होंने बरसात से पहले सुरक्षा डंगों को पूरा करने के भी निर्देश दिए और ब्रह्मदास चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने आपदा के समय जो राशि सभी विभागों और पंचायतों में दी गई है उसे आपदा प्रभावितों को उनके घरों व सड़कों के डगों और खेतों में हुए नुकसान पर खर्च करें इसके अलावा जो स्वीकृत राशि की गई है उन्हें प्रभावितों को पूरी राशि खर्च की जाए अन्यथा उनके ऊपर चाय पंचायत प्रतिनिधि हो चाहे सरकारी कर्मचारी हो उनके ऊपर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# नशा मुक्ति अभियान समिति निकालेगी पैदल यात्रा

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

नशा मुक्ति अभियान के लिए गठित कमेटी ने 26 जून सुबह 8 से 9 बजे तक भराड़ी से सजाओ तक निकलने वाली पैदल यात्रा में स्थानीय लोगों से विशेष तौर महिला व युवक मंडलों तथा बुद्धिजीवियों से भाग लेने की अपील की है। कमेटी के अध्यक्ष एथेलेटिक्स कोच भूपिंद्र भूप्पी, मलिका ठाकुर, कृष्ण देव गुलेरिया, प्रवीण उपाध्याय, नीलम, रणताज राणा व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने कहा कि क्षेत्र में बढ़ते नशे के इस्तेमाल की रोकथाम के लिए जन जागरण अभियान चलाया जा रहा।



बैठक के दौरान सामूहिक चित्र में सदस्य।

भूप्पी ने कहा कि नशा मुक्त समाज और विशेष तौर पर युवाओं को इस मकड़जाल से बचाना आज के समय की सबसे ज्यादा जरूरत है और उसके लिए युवाओं को खेलों में भाग लेने के लिए भी प्रेरित करना होगा। (अनंत ज्ञान)

# हिंदू संस्कृति को सिखाने के लिए आयोजित होगा शिविर

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर ।** श्री रामकृष्ण आश्रम जोगिंद्रनगर (लदरुहीं) के प्रबंधक राममोहन दास रामायणी ने बताया कि आगामी 25 जून से 30 जून तक पूज्य महाराज श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामशरण दास जी महाराज की प्रेरणा से 7 वर्ष से 15 वर्ष तक के बच्चों और बच्चियों का आवासीय संस्कार शिविर श्री अन्नपूर्णा धाम लदरुहीं मे आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर के दौरान बच्चे बच्चियों को धर्म, राष्ट्र और समाज के प्रति समर्पित भाव, परिवार में बड़े बुजुर्गों का सम्मान के प्रति जागरूक किया जाएगा।

# सीएम चुनाव को प्रभावित करने के लिए नित नए झूठ बोल रहे : जम्वाल

**अनिल शर्मा, मंडी**



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का बयान हास्यास्पद और झूठ से ओत-प्रोत है कि स्टाफ की कमी के कारण इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के पांच हजार आवेदन लटके हुए हैं। भाजपा मुख्य प्रवक्ता व विधायक सुंदरनगर राकेश जम्वाल ने कहा कि मुख्यमंत्री चुनाव को प्रभावित करने के लिए नित नए झूठ बोलते जा रहे हैं। जिस से साफ पता चलता है कि सरकार में बने रहने के लिए वो किस हद तक गिर सकते हैं और कितना झूठ और फरेब कर सकते हैं।

जम्वाल ने कहा कि 18-59 तक सभी महिलाओं को 1500 रुपए देने का वादा करने वाली कांग्रेस सरकार ने महिला वोट को भुनाने के लिए मात्र यह घोषणा की थी। आज तक अपने जुमलों को शर्तों और किस्तों में भुना रही है। महिलाओं को मिलने वाली रकम को शर्तों में बांध दिया है। (अनंत ज्ञान)

**जांच** | लाखों के आभूषण चोरी मामले में पुलिस ने आरोपी महिलाओं की धरपकड़ के लिए चलाया सर्च अभियान

# भरजवाणु, धनेश्वरी और रोपा क्षेत्र में खंगाली प्रवासियों की झुग्गियां

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

उपमंडल सुंदरनगर के मुख्य बाजार भोजपुर से लाखों रुपए के आभूषण चोरी मामले में पुलिस द्वारा शनिवार देर रात एक बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई है। पुलिस ने ग्राम पंचायत जुगाहन के भरजवाणु, कलौहड़ पंचायत के धनेश्वरी और नगर परिषद के रोपा क्षेत्र में प्रवासियों की सैकड़ों झुग्गियों की तलाशी ली गई। इस कार्रवाई में पुलिस को मामले में वांछित आरोपी महिलाओं को लेकर कई अहम सुराग हाथ लगे हैं।

जानकारी के अनुसार मामले में पुलिस को आभूषण चोरी की वारदात को अंजाम देने वाली दो महिलाओं और उनके साथ एक बच्चे को घांघल क्षेत्र में लोगों द्वारा देखने की सूचना प्राप्त हुई। कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना सुंदरनगर के एएसआई दौलत कटारिया के नेतृत्व में टीम ने देर रात तक भरजवाणु, रोपा और धनेश्वरी में स्थापित प्रवासियों की सैकड़ों झुग्गियों की गहनता से तलाशी ली गई। इस दौरान पुलिस टीम के साथ बीडीसी कलौहड़ सदस्य महेश शर्मा मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### क्या है मामला

बीते बुधवार दोपहर को उपमंडल सुंदरनगर के मुख्य एवं सबसे व्यस्त भोजपुर बाजार में पीड़ित महिला व उसकी सास गहनों के बैग के साथ खरीददारी करने के लिए एक बर्तन की दुकान में पहुंची। इसी दौरान मौके पर दो महिलाएं एक छोटे बच्चे के साथ सामान लेने के बहाने आईं और चली गईं। पीड़ित महिला ने अपनी सास को जब गहनों के बैग के बारे में पूछा तो पता चला कि लाखों रुपए मूल्य के आभूषणों का बैग गायब था। इस पर महिला ने तुरंत इसकी शिकायत पुलिस थाना सुंदरनगर को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना में संलिप्त महिलाओं की जानकारी बाजार व आसपास के क्षेत्र की सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर जुटा ली है।



जांच करते हुए पुलिस अधिकारी।

### आरोपी महिलाओं ने मोबाइल बेचने की कोशिश की थी

**पुलिस** टीम को झुग्गियों में रहने वाली प्रवासी महिलाओं ने बताया कि बीते शुक्रवार को कुछ महिलाएं घांघल क्षेत्र में 4-5 मोबाइल फोन लेकर आधे से कम दामों पर बेचने की कोशिश कर रही थी। महिलाओं के साथ एक अन्य पुरूष भी मौजूद था। इससे लगता है कि यह एक बढ़ा गिरोह हो सकता है।

### बिना पंजीकरण के रह रहे प्रवासी

**थाना** पुलिस ने भरजवाणु, धनेश्वरी और रोपा क्षेत्र में जांच में पाया कि पुलिस द्वारा बार-बार प्रवासियों से अपना पंजीकरण थाना में कराने के आदेश देने के बावजूद भी लोग बिना पंजीकरण के अपने परिवार संग रह रहे हैं। इन सैकड़ों प्रवासियों का कोई रिकॉर्ड थाना में उपलब्ध नहीं है।

> आरोपी महिलाओं की धरपकड़ को लेकर भरजवाणु, धनेश्वरी और रोपा क्षेत्र में विशेष सर्च अभियान चलाया गया था। बिना पंजीकरण क्षेत्र में रहने और झुग्गियां बनाने के भूमि देने वाले स्थानीय लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।
> -भारत भूषण, डीएसपी, सुंदरनगर।

# हेल्थ इलेवन मंडी ने क्रिकेट में नामधारी स्पोर्ट्स टीम को किया पराजित



मैच के दौरान खिलाड़ी सामूहिक चित्र में।

**अनिल शर्मा, मंडी**

पड्डल मैदान मंडी में हेल्थ इलेवन मंडी और नामधारी स्पोर्ट्स टीम रामनगर के बीच 20-20 क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ। नामधारी टीम ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। नामधारी टीम ने 9 विकेट खोकर 177 रन बनाए। नामधारी स्पोर्ट्स टीम की तरफ से सोनू ने 54 रन, माना ने 31 रन व गोविंद ने 21 रन बनाए।

हेल्थ इलेवन की तरफ से भानू ने दो विकेट, रविंद्र ने दो विकेट, अमरजीत शर्मा ने एक विकेट, अक्षित शर्मा ने एक, दिनेश ने एक, आनंद ने एक विकेट व बंटी ने एक विकेट लिया। 178 रनों का लक्ष्य हेल्थ इलेवन ने 6 विकेट खोकर प्राप्त कर लिया।

हेल्थ इलेवन टीम ने 19.4 ओवर में 178 रन का लक्ष्य पूरा कर दिया तथा 4 विकेट से मैच जीत गए। हेल्थ इलेवन टीम के बल्लेबाज अक्षित शर्मा को मैन ऑफ दा मैच का पुरस्कार दिया गया। (अनंत ज्ञान)

# बाबा बालकनाथ मंदिर में भंडारे के साथ मूर्ति स्थापित

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** पांडवों की भूमि पंडोह धार्मिक आयोजनों के लिए प्रसिद्ध है। पिछले एक सप्ताह से बाबा बालकनाथ मंदिर तीन पीपल में 'मूर्ति स्थापना' अनुष्ठान का समापन रविवार को विशाल भंडारे के रूप में हुआ।

कार्यक्रम 18 जून से आरम्भ हुआ जिसमें प्रातः 4:00 बजे बाबा बालक नाथ की महिमा का गुणगान प्रभात फेरी के रूप में किया गया। जो रविवार तक निरंतर चलता रहा। 20 जून को हवन पाठ तथा 21-22 जून को बाबा बालकनाथ जी के मंदिर में भव्य मूर्ति स्थापित की गई। एक सप्ताह तक दिन रात बाबा की महिमा का गुणगान भजन भजन कीर्तन के माध्यम से किया गया। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ



जिला ऊना के डंगोली में स्थानीय लोगों ने लगाई मीठे पानी की छबील।

### हर गांव में 3-4 पौधे रोपित करेगी संस्था

**अभिषेक, ऊना।** जिलाभर में महर्षि वाल्मीकि श्री गुरु रविदास महासभा पौधरोपण अभियान चलाएगी। इसकी शुरुआत रविवार से जिला के ऊना खंड से की गई। अभियान के तहत धरती को हरा -भरा करने के उद्देश्य से खंड के विभिन्न गांवों में पहले चरण में 200 पौधे रोपित किए जाएंगे। इसकी शुरुआत रविवार से ऊना खंड के गांव जलग्रां, भड़ौलियां, बहडाला आदि से की गई। महासभा के अध्यक्ष अमित कुमार वाल्मीकि ने बताया कि महासभा ने एक गांव एक पौधा अभियान का आगाज किया है। 200 के करीब पौधे विभिन्न गांवों में रोपित किए जाएंगे। इसमें हर गांव में चार से पांच पौधे विभिन्न प्रजातियों के रोपित किए जाएंगे। इस अवसर पर इशांत तुग्गा, सन्नी, शुभम, अंकू, अर्जुन, कर्ण, दीपक, आकाश आदि बढ़-चढ़कर योगदान करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### संतोषगढ़ के युवाओं ने मोक्ष धाम को संवारा



मोक्ष धाम के साफ-सफाई अभियान में शामिल युवा।

**नरेश सिंघा, संतोषगढ़।** स्थानीय युवाओं ने अपने सामाजिक कार्यों के क्रम को लगातार जारी रखा हुआ है। इस कड़ी में रविवार को स्थानीय युवाओं ने साप्ताहिक क्रम में स्थानीय मोक्षधाम में सफाई कार्य किया। श्मशान भूमि पर उगी झाड़ियों को हटाया तो यहां पर क्यारियों को भी संवारा। पौधों को पानी देकर श्मशानघाट को हरा-भरा बनाए रखने के लिए योगदान दिया। युवाओं में नरेश कुमार, अश्वनी कुमार, सौरभ पुरी, बग्गा जट्ट, अंकुश सच्चर, राजू पंडित, रोहित पुरी, शिव, पंकु, नीरज, सूरज शर्मा, बंटी दुबे आदि ने बताया कि हर सप्ताह उन्हें यहां आकर साफ-सफाई कार्य करना सुकून प्रदान करता है। स्थानीय स्वां नदी की साफ-सफाई के लिए सभी मिलकर जल्द अभियान चलाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### स्वर्णकार पांच दिन करेंगे अवकाश

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला के स्वर्णकार पांच दिनों तक ग्रीष्मकालीन अवकाश पर रहेंगे। 26 से 30 जून तक जिले में समस्त स्वर्णकारों की दुकानें बंद रहेंगी। यह जानकारी स्वर्णकार संघ के सदस्य शिव कुमार ने दी। इसके अलावा ऊना शहर के समस्त कपड़ा व्यापारी तीन दिन का ग्रीष्मकालीन अवकाश 28 से 30 जून तक करेंगे।

### दो जून को नंगल निवासी राकेश के साथ हुई मारपीट का मामला

# आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए तो करेंगे प्रदर्शन

**अभिषेक कुमार, ऊना**

दो जून को नंगल निवासी और स्वराज माजदा के कर्मचारी राकेश कुमार बैंस से पुलिस लाइन रूपनगर के निकट हुई कथित मारपीट के मामले ने तूल पकड़ लिया है। पुलिस पर खानापूर्ति के लिए कुछ लोगों के खिलाफ मामले तो दर्ज किए, लेकिन जो इस हमले में कथित तौर पर शामिल थे, उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं किए जाने के आरोप लग रहे हैं।

इस मामले को लेकर श्री वाल्मीकि सभा नंगल और नया नंगल की एक अहम बैठक पार्षद रणजीत सिंह लक्की के नेतृत्व में संपन्न हुई। इसमें भारी संख्या में वाल्मीकि समुदाय से जुड़े लोग शामिल हुए। इस मौके पर उपस्थित पूर्व पार्षद रजिंद्र हंस, पूर्व पार्षद डॉ. रजिंद्र कुमार, भगवान वाल्मीकि और गुरु रविदास सेना पंजाब के अध्यक्ष एमएस सिद्धू आदि ने चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि अगर जल्द असली आरोपियों के खिलाफ मामले दर्ज नहीं हुए तो जिला पुलिस प्रमुख के दफ्तर का घेराव करने के अलावा रास्ता जाम भी किया जा सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।



नारेबाजी करते गुस्साए वाल्मीकि समुदाय के लोग।

रणजीत सिंह ने कहा कि यह घटना दो जून की है और राकेश हंस इस वारदात के बाद से ही कोमा में है। इस मौके पर मास्टर अनिल कुमार, राजेंद्र गिल, अमन सिद्धू, राजवीर, चमन लाल, विजय सहोता इत्यादि भी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने स्व. वीरभद्र सिंह को दी श्रद्धांजलि



श्रद्धांजलि अर्पित करते विधायक विवेक शर्मा व अन्य।

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने रविवार को हिमाचल हवेली जोगीपांगा में स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह की जयंती के उपलक्ष पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुटलैहड़ द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुराचार के मामले में जांच शुरू

**राजेश शर्मा, ऊना**

शादी का झांसा देकर युवती से दुराचार के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छानबीन शुरू कर दी है। पीड़ित युवती अपनी बहन के साथ नालागढ़ रहती थी, जहां यह घटना हुई है। शिकायत मिलने के बाद महिला थाना ऊना ने इस मामले की तहकीकात शुरू की है। शिकायत के मुताबिक आरोपित युवक काफी समय से पीड़ित युवती के संपर्क में था।

थाना ऊना के तहत एक गांव की युवती ने ऊना की एक कंपनी में काम करने वाले युवक पर शादी का झांसा देकर दुराचार करने का आरोप लगाया है। शिकायत में युवती ने युवक के चाचा, जीजा व भाई पर गलत काम करने की नीयत से जबरदस्ती कमरे में ले जाने की बात कही है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर युवक सहित उनके रिश्तेदारों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में युवती ने बताया कि मैं अपनी बहन के साथ नालागढ़ में रहती थी। यही पर ऊना का एक युवक पिछले साढ़े तीन वर्ष से नालागढ़ कंपनी में काम करता था। जान-पहचान होने के बाद युवक मुझे बहला-फुसला कर अपने कमरे ले गया, जहां पर मुझे शादी का झांसा देकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए।

कई बार शारीरिक संबंध बनाने के चलते वह गर्भवती भी हो गई, जिसके चलते युवक ने दवा खिलाकर बच्चा गिरा दिया। युवती का कहना है कि आजकल युवक ऊना की एक कंपनी में काम करता है। कुछ दिन पहले मैं जब युवक के घर गई और शादी की बात कही, तो युवक ने मना किया। युवती ने चारों के खिलाफ पुलिस के पास शिकायत दी है। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने युवती की शिकायत पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

## टांडा की टीम बनी बास्केटबॉल विजेता

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** तीन दिवसीय हेमराज मेमोरियल बास्केटबॉल प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया, जिसमें स्थानीय विधायक रणजीत सिंह ने विजेता टीमों को सम्मानित किया। फाइनल मुकाबला टांडा व टौणी देवी टीम के मध्य खेला गया। जिसमें टांडा की टीम ने टौणी देवी को 75-31 के बड़े अंतर से पराजित किया और खिताब अपने नाम कर लिया। इस दौरान विधायक ने विजेता टीमों को पुरस्कृत किया। विजेता टीम टांडा को 21000 नकद व ट्राफी तथा उपविजेता टौणी देवी की टीम को 15000 नकद व ट्रॉफी प्रदान की। इसी तरह से टांडा की टीम के खिलाड़ी काका को बेस्ट प्लेयर घोषित किया गया। इस दौरान अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि कई वर्षों से आयोजन समिति बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कर रही है और इस बार भी सफल आयोजन के लिए समिति को बधाई। समापन समारोह के दौरान प्रधान रविंद्र ठाकुर, प्रधान दीवान चंद, प्रधान गुलशन ठाकुर, राजेंद्र वर्मा, राजेश ठाकुर, अनिल चौहान के साथ ही आयोजन समिति के अध्यक्ष बलवीर ठाकुर, सुरजीत सिंह आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# वैक्सीन लगवाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने शुरू किया विशेष अभियान

**अभिषेक कुमार, ऊना**

जिले में एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन अभियान को गति प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने दस मोबाइल टीमों का गठन किया है। यह टीमें जिलेभर के विभिन्न उपमंडलों में जाकर लाभार्थी लोगों का वैक्सीनेशन करेंगी। इसके अलावा क्षेत्रीय अस्पताल के अलावा नागरिक अस्पताल गगरेट, हरोली, बंगाणा, अंब, सीएचसी दौलतपुर चौक, संतोषगढ़, बसदेहड़ा, थानाकलां, दुलेहड़ और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाथड़ी में प्रतिदिन एडल्ट बीसीजी टीकाकरण सत्र लगाए जाएंगे।

जिले को क्षयरोग मुक्त बनाने के लिए एडल्ट बीसीजी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग की तरफ से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। विभाग की तरफ से 41 हजार लोगों को एडल्ट बीसीजी वैक्सीन लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

जिले में अभी तक 22 हजार पात्र लोगों ने ही एडल्ट बीसीजी वैक्सीन लगवाई है। ऐसे में अब स्वास्थ्य विभाग की ओर से पात्र लोगों को घर-द्वार जाकर बीसीजी वैक्सीन लगाने का अभियान शुरू किया जाएगा। इस कड़ी में जिले में दस मोबाइल टीमें पात्र लोगों तक पहुंचकर उनका वैक्सीनेशन करेंगी।




**वैक्सीन लगवाने के लिए काफी कम लोग आ रहे आगे**

बता दें कि वैक्सीनेशन करवाने को लेकर काफी कम लोग आगे आ रहे हैं। इस वैक्सीन को लगवाने के लिए विभाग ने 18 से 60 साल के आयु वर्ग में पांच वर्ग बनाए हैं। इसमें दुबले-पतले लोग, बीते पांच वर्षों में क्षयरोग की चपेट में आने वाले लोग, बीते तीन साल से टीबी संक्रमित के संपर्क में रहे लोग, धूम्रपान करने वाले लोग एवं मधुमेह से ग्रसित लोगों को बीसीजी वैक्सीन लगाई जानी है।

इसके अलावा पात्र लोग वैक्सीन को लगवाने के लिए अपने क्षेत्र की आशा वर्कर से संपर्क कर सकते हैं। साथ ही नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र से भी संपर्क कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)


## कार्यालय ग्राम पंचायत झम्बर विकास खंड व जिला ऊना हि.प्र.

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत झम्बर विकास खंड व जिला ऊना हि.प्र. द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए सभी विकास कार्यों हेतु रेत, बजरी 10, 20 एमएम गटका 40 एमएम, स्टोन डस्ट भाड़ा, सीमेंट ढूलाई जलग्रां स्टोर से झम्बर पंचायत तक, सीमेंट लोडिंग व अनलोडिंग, शटरिंग, मिक्सचर किराया, मिट्टी भर्ती, पानी का टैंक किराया, लोकल चक्कर, पत्थर इंट, सरिया, पीवीसी पाईप 2, 5, 3, 4, 6, 8 इंच (4Kg Pressure with ISI Mark), स्टील चेंबर, सैनेटरी सामान, दीवार व फर्श टाइल, इंटरलॉक टाइल 40, 60, 80 एमएम, साईन बोर्ड, आरसीसी चैंबर, दरवाजे खिड़कियां, चौगाठ लकड़ी/ एल्युमिनियम, लोहा, जापानी शीट) बिजली से संबंधित सामान आदि को निविदाएं निम्न शर्तों पर आमंत्रित की जाती है।

निविदा शर्तेः- निविदाता के पास पैन/जीएसटी न. होना अनिवार्य है। संबंधित ग्राम पंचायत के ट्रैक्टर मालिकों को सामग्री दुलाई हेतू प्राथमिकता दी जायेगी। निविदाओं पर दरें स्पष्ट अंकित होनी चाहिए। ओवर राइटिंग होने की दशा में निविदा रद की जायेगी। समय पर या मांग अनुसार सामग्री न पहुंचने पर सप्लाई आदेश रद्द कर दिए जायेंगे तथा निविदा रद्द मानी जायेगी। गुणावता में अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी।

अतः इच्छुक फर्म निविदाएं दिनांक 25.06.2024 सुबह 11 बजे तक स्वयं या डाक द्वारा बंद लिफाफे में कार्यालय ग्राम पंचायत में जमा करवा सकती है। निविदा दिनांक 26.06.2024 को सुबह 11 बजे खोली जाएगी। निविदाएं रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत का होगा।

सचिव/प्रधान
ग्राम पंचायत झम्बर
विकास खंड व जिला ऊना हि.प्र.


# देवभूमि की प्रतिभाओं को निखारने में 'उड़ान' कर रही सराहनीय कार्यः विक्कू

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है, पंख से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है। इस कहावत को उड़ान संस्था के सेवानिवृत्त कर्मचारियों व अधिकारियों ने सच कर दिखाया है। क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखारने के लिए इस संस्था का सामूहिक प्रयास सराहनीय है। कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा उड़ान संस्था के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए बोल रहे थे।




विधायक विवेक शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए उड़ान संस्था के अधिकारी।

विवेक शर्मा ने कहा कि संस्था देवभूमि हिमाचल प्रदेश प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें प्रोत्साहित करने में सराहनीय कार्य कर रही है। समाज के लोगों को भी आगे आकर इस महान कार्य में अपना योगदान देना चाहिए, ताकि देश के भावी भविष्य छात्रों का भी शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कारों से युक्त व्यक्तित्व का निर्माण किया जा सके, ताकि वे भी समाज की मुख्यधारा से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बन सकें।

**उड़ान का उद्देश्य कोई भी बच्चा और युवा अकेला न करे महसूस: योगराज**

संस्था के संस्थापक योगराज भारद्वाज ने कहा कि उड़ान बड़े पैमाने पर पूरे देश में सक्रियता से कार्य कर रही है। वहीं, डॉ. राममूर्ति शर्मा व प्यारे लाल शर्मा ने संस्था द्वारा चलाए जा रही विभिन प्रतियोगिताओं की जानकारी दी। इससे पूर्व मुख्यातिथि विवेक शर्मा ने ज्योति प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस दौरान छात्राओं ने गानों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। मुख्यातिथि ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए 11 हजार रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर कुटलैहड़ कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मींका, पूर्व अध्यक्ष कैसी शर्मा, पूर्व पंचायत समिति अध्यक्ष मीना चौधरी, सुरेश दत्त, ओम प्रकाश आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# शरारती तत्वों ने तोड़े गांधी चौक में लगे बैंच

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

गांधी चौक हमीरपुर में लगाए गए दो बैंचों को शरारती तत्वों ने तोड़ दिया है। ऐसे में गांधी चौक में दोपहर के समय आराम करने पहुंच रहे लोगों को खासी असुविधा झेलनी पड़ रही है। हालांकि, नगर परिषद हमीरपुर ने दो माह पहले ही गांधी चौक में चार नए बैंच लोगों को बैठने के लिए लगाए थे, जिन्हें किसी ने तोड़ दिया है।



गौरतलब रहे कि जिला मुख्यालय स्थित गांधी चौक में आए दिन संघों व पार्टियों के कार्यक्रम चले रहते हैं। हाल ही में गांधी चौक में हुई विशाल जनसभा आयोजित की गई। ऐसे में जनसभा के दौरान भी बैंच टूटने के क्यास लोगों द्वारा लगाए जा रहे हैं। हालांकि, नगर परिषद अभी तक गांधी चौक में आयोजित होने वाले किसी भी कार्यक्रम को लेकर कोई शुल्क नहीं वसूल रहा है। ऐसे में नगर परिषद को अपने बजट से ही टूटे बैंचों की मुरमत करवानी पड़ेगी।

गांधी चौक में लगाए गए दो बैंचों को तोड़ दिया गया है। इसकी सूचना उन्हें प्राप्त हुई है। बैंचों को जल्द ही ठीक करवा दिया जाएगा। उन्होंने शहर के लोगों से अपील की है कि वह सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान न पहुंचाए और शहर की सुंदरता को बढ़ाने में नगर परिषद का सहयोग करें। (अनंत ज्ञान)

## उधार के पैसे दिए नहीं, उलटा लात और घूंसे जड़ दिए

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सरली लंबलू शनिदेव मंदिर के पास रेहड़ी पर प्रसाद बेचने वाले को शनिवार देर शाम 4 युवकों ने लात-घूंसे मारे, जिससे युवक को चोटें आई हैं। सुनील कुमार गांव सरली ने सदर थाना हमीरपुर में शिकायत दर्ज करवाई है कि वह सरली (लंबलू) शनिदेव मंदिर के पास सड़क के किनारे रेहड़ी लगाकर प्रसाद बेचने का काम करता है। शनिवार देर शाम समय करीब 8 बजे जब यह अपनी रेहड़ी बंद करने लगा तो 4 लड़कों रिंकू, लल्ला, ननू ने मेरे साथ मारपीट की, क्योंकि मैंने उक्त लड़को से 17,000 रुपए लेने थे। इस संदर्भ में उन्होंने मुझे मारा। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि चारों लड़कों के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत डोहगी
### विकास खंड बंगाणा, जिला ऊना (हि.प्र.)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत डोहगी द्वारा विभिन्न शीर्ष के अंतर्गत विकास कार्यों हेतु वित्त वर्श 2024-25 के लिए पंजीकृत ठेकेदारो/सप्लायरों/व्यक्तियों से निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु सील बंद लिफाफे में निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जिसके लिए इच्छुक ठेकेदार/सप्लायर/व्यक्ति दिनाक 28.06.2024 को सायं पांच बजे तक पूर्ण रूप से भरी हुई अपनी निविदाएं कार्यालय पंचायत डोहगी में जमा करवा सकता है। निविदा डाक द्वारा भी की जा सकती है। निविदाएं दिनाक 29.06.2024 को समय सुबह 11 बजे पंचायत में समिति के समक्ष खोली जाएंगी। अतः स्थान व समय पर उपस्थित होना भी सुनिश्चित करें। निविदाएं निम्न नियम एवं भर्ती पर ही मान्य होंगी।

1. निविदाएं सीलबंद लिफाफे में देनी अनिवार्य हैं। अधूरी खुली अवधि उपरांत प्राप्त निविदाएं मान्य नहीं होंगी। 2. GST/CGST दरें निविदा प्रपत्र में भरी गई दरों में ही शामिल होंगी। कम दर वाली निविदा को ही स्वीकृति दी जाएगी। 3. सप्लाई की जाने वाली सामग्री की गुणवता उत्तम होनी माहिए। पेवर ब्लाक्स का ISI मार्क होना अनिवार्य है। 4. सप्लायर द्वारा समय पर सामग्री नहीं दी जाती है या सामग्री भी गुणवत्ता सही नहीं पाई जाती है या बताई गई मात्रा से कम सप्लाई दी जाती है तो कार्यालय द्वारा इस निविदा को रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा। 5. सामग्री की दरें एक वर्ष के लिए यही रहेंगी तथा सामग्री जहां तक वाहन योग्य सड़क है वहां तक (ट्रैक्टर, जीप व टिप्पर में) पहुंचानी होगी। सामग्री की अदायगी मटीरियल देने के उपरांत ही की जाएगी। 6. जिन सप्लायर/वेंडर की निविदा स्वीकार होगी, उसे 10,000/-रु. की राशि बतौर धरोहर/अमानत पंचायत में उसी दिन जमा करवाने होंगे। (केवल बजरी, क्रैशर, रेत, डस्ट पत्थर सोलिंग निविवादाता के लिए) 7. सामग्री बिल के मात्र WXM फॉर्म लगाना अनिवार्य होगा अन्यथा सरकारी दरों पर धरोहर राशि से रॉयल्टी काट भी जाएगी। 8. अन्य शर्तें मौका पर/निविदा खोलने के समय विस्तार में बता दी जाएंगी। 9. पंजीकृत ठेकेदार/सप्लायर अपना पंजीकृत नंबर निविदा पर भरना सुनिश्चित करें। इसके साथ RC नंबर GST नंबर CGST नंबर की छायाप्रति लगना आवश्यक है।

| क्र. | सामग्री का ब्यौरा | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | बजरी क्रशर 10/20/40 एमएम, रेत धुला हुआ, डस्ट, पत्थर सोलिंग | प्रति क्यूबिक मीटर |
| 2. | इंटरलॉक टाइल/पेवर ब्लॉक 40/60/80एमएम | प्रति पीस |
| 3. | पक्की ईंट 1st/2nd Class | प्रति हजार |
| 4. | PVC पाइप ISI मार्का (2 से 6 इंच मोटाई की साइज प्रेशन दर्शाते हुए रेट प्रस्तुत करे) | प्रति फुट |
| 5. | सरिया TATA, SAIL, PARBAL, SHYAM (ISO CERTIFIED) | प्रति किलोग्राम |
| 6. | RCC पाईप (साईज दर्शाते हुए रेट प्रस्तुत करें) | पति फुट |
| 7. | हार्डवेयर सामग्री (आइटम वाइज रेट प्रस्तुत करे) | |
| 8. | इलेक्ट्रिक फिटिंग (Along with Quality Material) | प्रति प्वाइंट |
| 9. | मैनिटरी फिटिंग (Along with Quality Material) | प्रति प्वाइंट |
| 10. | स्टील कार्य (रेलिंग, रूफिंग आदि) | प्रति वर्ग फुट |
| 11. | एल्यूमिनियम फिटिंग ग्लेजिंग के साथ | प्रति वर्ग फुट |
| 12. | खेल व फिटनस उपकरण | |
| 13. | चौखट दरवाजे व खिड़की (लकड़ी/जापानी शीट) पल्ले दरवाजे व बिंडो | प्रति फुट / पति पीस साइज दर्शाते हुए |
| 14. | सटरिंग स्टील व लकड़ी | प्रति वर्ग फुट |
| 15. | Wall Painting & Wrinting 1) पब्लिक सूचना बोर्ड, मनरेगा PIB लोगो सहित 2*4. 4*5F | प्रति वर्ग फुट साइज अनुमार |
| 16. | जेसीबी खुदाई पक्की/कच्ची | प्रति घंटा |
| 17. | पानी टेंकर (स्टोरेज क्षमता दर्शाते हुए) व खड़ा रखने के लिए प्रतिदिन | प्रति दिन |
| 18. | मिक्सर मशीन (तेल सहित) | प्रतिदिन |
| 19. | लोकल चक्कर | प्रति फेरा |

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत डोहगी


**श्रद्धांजलि** बंगाणा भाजपा कार्यालय में मुखर्जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन किए अर्पित

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान सदा याद रखा जाएगा: भुट्टो

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

भारतीय जनता पार्टी कुटलैहड़ मंडल और पूर्व विधायक दविंद्र कुमार भुट्टो की ओर से बंगाणा स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में प्रखर राष्ट्रवादी, चिंतक और राष्ट्रीय एकता के सूत्रधार श्रद्धेय श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई। इस कार्यक्रम में सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए और मुखर्जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर भुट्टो ने कहा कि भारत माता के इस वीर पुत्र का जन्म 6 जुलाई 1901 को एक प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था। इनके पिता आशुतोष मुखर्जी बंगाल में एक शिक्षाविद् और बुद्धिजीवी के रूप में प्रसिद्ध थे। कलकत्ता विश्वविद्यालय से स्नातक होने के पश्चात मुखर्जी 1923 में सेनेट के सदस्य बने। अपने पिता की मृत्यु के पश्चात, 1924 में उन्होंने कलकत्ता उच्च न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में नामांकन कराया। 33 वर्ष की आयु में कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति नियुक्त हुए और विश्व का सबसे युवा कुलपति होने का सम्मान प्राप्त किया। अपने कार्यकाल में उन्होंने अनेक रचनात्मक सुधार किए तथा इस दौरान 'कोर्ट एंड काउंसिल ऑफ इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बेंगलुरु' तथा इंटर यूनिवर्सिटी बोर्ड के सक्रिय सदस्य भी रहे।



श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित करते कार्यकर्ता।

इस अवसर पर वक्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को याद किया। वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता सुदर्शन शर्मा ने बताया कि कश्मीर से धारा 370 और 35-ए के विरोध का पहला स्वर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने ही मुखर किया। हमे इनके बलिदान का स्मरण रखना चाहिए। इस अवसर पर प्रधान अरलू महेंद्र राणा, उपप्रधान सुकड़ियाल अरुण मनकोटिया, उपप्रधान अरलू भूषण शर्मा, प्रविंद्र कुमार, अजय राणा, विजय शर्मा आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### परिवहन माफिया की जड़ें मजबूत : उमेश शर्मा

**कमलेश वर्मा, मनाली।** एसटी कर्मचारी महामंडल गुजरात की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की बैठक होटल मोनीकर सिमसा, मनाली में संपन्न हुई। इस बैठक में भारतीय राष्ट्रीय परिवहन कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं परिवहन कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष उमेश शर्मा मुख्यातिथि रहे। महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री उमेश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान में पूरे देश में परिवहन माफिया की जड़े बहुत मजबूत हो चुकी हैं, जिस कारण बसों एवं अन्य सभी प्रकार के वाहनों का अवैध संचालन धड़ल्ले से हो रहा है। इस अवैध संचालन के कारण सरकार को टैक्स के रूप में पूरी धनराशि भी मिल पा रही है, जिस पर लगाम लगाने की सख्त आवश्यकता है। (अनंत ज्ञान)

### ताबो गांव के मरीजों का जांचा स्वास्थ्य

**कमलेश वर्मा, काजा।** आईजीएमसी शिमला सर्जरी डिपार्टमेंट के अस्सिटेंट प्रोफेसर डॉ. विपिन की अगुवाई में चिकित्सकों की एक टीम ने रविवार को स्पीति के पीएचसी ताबो में स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। स्वास्थ्य शिविर में आए ताबो गांव के मरीजों को स्वास्थ्य की जांच के साथ-साथ अल्ट्रासाउंड, लेब टेस्ट तथा जनरल चेकअप की सुविधाएं प्रदान की गईं। स्वास्थ्य शिविर में पीएचसी ताबो के अलावा स्पीति के लोसर, हंसा, किब्बर तथा विभिन्न गांवों के पीएचसी में भी चलाया जाएगा। इस स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकों की कुल आठ सदस्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### 358 छात्राएं खेलकूद प्रतियोगिता में ले रहीं भाग

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।** राउमापा भुंतर में रविवार से तीन दिवसीय अंडर-14 कुल्लू जोनल स्तर की छात्राओं की खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हो गई है। प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ जिला परिषद सदस्य कुल्लू आशा ठाकुर के कर कमलों से किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों से अनुशासित होकर खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। इसके बाद प्रतियोगिता में शामिल हुई छात्राओं ने बेहतरीन मार्चपास्ट कर अपने अनुशासन का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में वॉलीबाल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन का आयोजन किया जा रहा है। यह जोनल स्तर से 24 स्कूलों में 358 छात्राएं खेलकूद प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं और यह प्रतियोगिता आगामी 25 जून तक चलेगी। पहले चरण में वॉलीबाल का मैच मौहल और ठेला, नजा और भुंतर, जेष्ठा और जलुग्रा के बीच हुआ। कबड्डी में पहला मैच खोखन और भुंतर, जेष्टा और ज्ञान गंगा, खलोगी और थरास, दियार और पिपलागे के बीच हुआ, खोखो में पहला मैच जलुग्रा और डीके चोंग, नीयुल और ख्ल्यानी, सचानी और खलोगी, बजौरा और चेष्टा के मध्य खेला गया। ( अनंत ज्ञान )

### लापता कृष्ण का शव कोटनु नाला से बरामद

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** पुलिस थाना आनी के अंतर्गत तलूणा पंचायत के कोटनु नाला में एक व्यक्ति का शव क्षत विक्षत हालात में बरामद हुआ है। शव की पहचान 37 वर्षीय कृष्ण लाल पुत्र किशु राम निवासी चलौहन डाकघर देवरी के रूप में हुई है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि मृतक कृष्ण लाल के परिजनों ने गत दो मार्च को उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस थाना आनी में दर्ज करवाई थी, लेकिन जगह-जगह तलाश करने के बावजूद भी लापता कृष्ण का कोई सुराग नहीं लग रहा था, लेकिन कृष्ण लाल का बड़ा भाई बालकृष्ण और अन्य परिजनों ने कृष्ण लाल की तलाश जारी रखी। इसी दौरान रविवार को बालकृष्ण ने पुलिस को सूचित किया कि तलूणा पंचायत के कोटनु नाला में उसके भाई लापता कृष्ण लाल का शव मिला है, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल आनी लाया गया। ( अनंत ज्ञान )

### गोल्फ कार्ट का संगम बनेगा ईको ट्रेल प्रोजेक्ट

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** जिला कुल्लू के काइसधार में निर्माणाधीन ईको ट्रेल प्रोजेक्ट नेचर, कल्चर और गोल्फ कार्ट का संगम बनेगा, जो आने वाले दिनों में देश-विदेश के सैलानियों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनेगा। जाइका वानिकी परियोजना के सतोयामा कंपोनेंट के अंतर्गत तैयार हो रहा ईको ट्रेल प्रोजेक्ट में सैलानियों को सैर करने के लिए पार्क, यहां की संस्कृति और गोल्फ कार्ट की सुविधा मिलेगी। इसके मद्देनजर जाइका के परियोजना निदेशक श्रेष्ठा नंद शर्मा ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि ईको टूरिज्म की दृष्टि से काइसधार में तैयार हो रहा ईको ट्रेल प्रोजेक्ट जल्द बनकर तैयार होगा। (अनंत ज्ञान)

# स्पीति घाटी के सिलूक में पहुंचने वाली पहली विधायक बनी अनुराधा

**कमलेश वर्मा, काजा**

16 जून से स्पीति उपमंडल का दौरा कर रही लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने रविवार को दुर्गम गांव सिलूक का दौरा किया और जनसमस्याएं सुनीं।

विधायक स्पीति नदी के ऊपर बने झूले के माध्यम से सिलूक पहुंची। आज तक इस दुर्गम गांव में कोई भी विधायक कभी नहीं आया है। लिहाजा, अनुराधा राणा इस गांव में पहुंचने वाली पहली विधायक बन गई हैं। विधायक का गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि कोई विधायक पहली बार सिलूक गांव झूले पर पहुंचा है। इस मौके पर विधायक ने माने योग्मा में जनसंपर्क कर जनता की समस्याएं सुनीं और उनका आशीर्वाद प्राप्त कर आभार जताया। वहीं, विधायक सोमवार को काजा में जबकि मंगलवार को केलांग में आयोजित होने वाली प्रोजेक्ट एडवाइजरी कमेटी की बैठक में भाग लेंगी। बैठक की अध्यक्षता जनजातीय मंत्री जगत सिंह नेगी करेंगे। अनुराधा राणा ने बताया कि आज उन्हें सुखद अनुभूति हुई है। अवतारी लामा पूजनीय मरपा टुलकु से आशीर्वाद प्राप्त किया। सिलूक वासियों के समस्याओं का समाधान प्राथमिकता में किया जाएगा। अनुराधा राणा सहित कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी ओर पूर्व मंत्री फुंचोक राय ने पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। लाहौल-स्पीति की नव नियुक्त विधायक अनुराधा राणा अपनी जीत के बाद सबसे पहले स्पीति घाटी की जनता का आभार जताने के लिए 16 जून से घाटी के दौरे पर पहुंची हैं। अपने इस दौरे के दौरान उन्होंने जहां घाटी के विभिन्न गांवों का दौरा कर जन समस्याएं सुनीं। (अनंत ज्ञन)




स्पीति घाटी के सिलूक गांव पहुंची लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा (दाएं) झूले पर बैठकर नदी पार करती हुईं।

#### हालटू गांव की समस्या का होगा समाधान

विधायक ने बताया कि स्पीति घाटी के हालटू गांव में ग्रामीणों को पेश आ रही पानी की समस्या को लेकर संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए गए हैं। सोमवार को काजा में आयोजित होने वाली प्रोजेक्ट एडवाइजर कमेटी की बैठक में हालटू गांव में लंबे समय से चल रही पानी की समस्या के समधान के प्रयास किए जाएंगे।

# समर सीजन ने पकड़ी रफ्तार होटलों में ऑक्यूपेंसी 100 प्रतिशत



लाहौल-स्पीति के त्रिलोकीनाथ मंदिर में पहुंचे श्रद्धालु यादों को कैमरे में कैद करते हुए।

**कमलेश वर्मा, केलांग/ मनाली**

कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले में समर सीजन ने रफ्तार पकड़ी हुई है। सप्ताहांत के चलते होटलों में ऑक्यूपेंसी 100 प्रतिशत चल रही है। जून के अंतिम सप्ताह में पर्यटन कारोबार चरम पर रहने की उम्मीद है। इस बार अप्रैल, मई व जून में पर्यटन कारोबार बेहतर रहा है।

छोटे-बड़े सभी होटलों में रौनक लगी रही। पर्यटन से जुड़े हर कारोबारी ने इस बार राहत की सांस ली है। मनाली में जुलाई 15 तक रौनक लगी रहेगी, जबकि लाहौल घाटी में जुलाई से सितंबर तक पर्यटन चरम पर रहेगा। होटल कारोबारी रवि व्यास, राजू व बंशी ने बताया कि इस बार हालांकि ट्रैफिक जाम ने सभी की समस्या को बढ़ाया, लेकिन होटलों में कारोबार बेहतर रहा है। इस सप्ताहांत आक्यूपेंसी 100 प्रतिशत पहुंची है, जबकि जून का अंतिम सप्ताह भी बेहतर रहने की उम्मीद है। माल रोड के पर्यटन कारोबारी अतुल व राकेश ने बताया कि इस समर सीजन में पर्यटन से जुड़े लोगों का कारोबार अच्छा रहा है। होटल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने कहा कि मनाली के सभी पर्यटन स्थलों में समर सीजन की रौनक दिख रही है। होटल एसोसिएशन की ओर से पर्यटकों को बेहतरीन सुविधाएं देने का प्रयास किया गया है। रोशन ने बताया कि 15 जुलाई तक कारोबार बेहतर रहने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)

# हर जिले में बनेंगी गोशालाएं: बलदेव

## बलदेव ठाकुर बने जय हिमाचल वीर कल्याण समिति के अध्यक्ष

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

जय हिमाचल वीर कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष बलदेव ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के हर जिले में बेसहारा पशुओं के लिए गोशालाओं का निर्माण किया जाएगा, ताकि गोमाता सड़कों पर नजर न आए। इसके अलावा युवाओं को नशे से बचाने के लिए पूरे प्रदेश में अभियान चलाया जा रहा है और नशामुक्ति केंद्रों की भी स्थापना की जाएगी।

यह बात उन्होंने शाढ़ाबाई में जय हिमाचल वीर कल्याण समिति के प्रदेश जनरल हाउस को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान जहां समिति की ओर से विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई, वहीं सर्वसम्मति से एक बार फिर बलदेव ठाकुर को समिति का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर प्रदेशभर के सभी सदस्य, पदाधिकारी व जिला पदाधिकारी मौजूद रहे। सबसे पहले यहां पूर्व मुख्यमंत्री आधुनिक हिमाचल के निर्माता वीरभद्र सिंह की जयंती मनाई गई।

इस दौरान पूर्व मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि समिति को पूरे प्रदेश में मजबूत बनाया जाएगा और समिति के हर कार्यों को मजबूती से किया जाएगा। आज चिट्टा जैसी बीमारी में युवा धंस रहा है। इसके लिए समिति व्यापक अभियान छेड़ रही है। पूरे प्रदेश में समिति इस अभियान को चलाएगी। उन्होंने सभी प्रदेश के लोगों से सहयोग मांगा है। जरूरत पड़ने पर नशामुक्ति केंद्रों को भी स्थापित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त प्रदेश की सड़कों पर घूम रहे बेसहारा पशुओं के लिए हर जिले में गोशालाएं खोली जाएंगी और इन पशुओं के चारे की भी व्यवस्था की जाएगी। (अनंत ज्ञान)




जय हिमाचल वीर कल्याण समिति की बैठक के दौरान समिति के पदाधिकारी व सदस्य।

# आधुनिक हिमाचल निर्माण में वीरभद्र सिंह का महत्वपूर्ण योगदान : गोविंद

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**



कुल्लू ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह की 91वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कुल्लू जिला कुल्लू कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में जिला अध्यक्ष सेसराम आजाद की अध्यक्षता में स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने भी विशेष रूप से शिरकत की। कुल्लू जिला कांग्रेस कार्यालय में उपस्थित कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने वीरभद्र सिंह की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने वीरभद्र सिंह के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सीपीएस ने कहा कि स्वर्गीय वीरभद्र सिंह ने पूरे हिमाचल प्रदेश का एक सम्मान विकास करवाया है। हिमाचल में जहां पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय यशवंत सिंह परमार को हिमाचल निर्माता कहा जाता है, वहीं स्वर्गीय वीरभद्र सिंह को आधुनिक हिमाचल का निर्माता कहा जाता है। वीरभद्र ने जिस प्रकार पूरे हिमाचल प्रदेश को आधुनिक हिमाचल बनाने में अपने महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिस प्रकार क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर संपूर्ण हिमाचल का एक समान विकास करवाया है उनका सम्मान करने के लिए जिला कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता ने उन्हें याद किया है।

वहीं, कुल्लू जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष सेस राम आजाद ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की तरक्की में स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। (अनंत ज्ञान)

# तंजिन भाजयुमो के नए अध्यक्ष

**कमलेश वर्मा, केलांग।** भारतीय जनता युवा मोर्चा हिमाचल प्रदेश ने प्रदेश नेतृत्व से चर्चा कर लाहौल-स्पीति के क्वारिंग गांव के युवा तंजिन मिंगयुर को लाहौल-स्पीति जिला भाजयुमो का नया अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस नियुक्ति पर बधाई देते प्रदेश अध्यक्ष तिलकराज ने कहा कि युवा तंजिन मिंगयुर पूर्व में यूरनाथ पंचायत के उपप्रधान भी रहे हैं और इसके साथ ही लाहौल-स्पीति ईको टूरिजम सोसायटी के उपाध्यक्ष के तौर पर भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। तंजिन मिंगयुर की युवाओं में अच्छी पेठ के चलते ही उन्हें इस पद से नवाजा गया है। युवा तंजिन मिंगयुर हिम संवाद, रोहतांग राइडर्ज के संयोजक भी होने के साथ-साथ एक-प्रखर वक्ता भी हैं। तिलकराज ने बताया कि अभी हाल ही में संपन्न हुए उपचुनाव में भी अपने पोलिंग बूथ से भाजपा को बढ़त दिलाई थी। (अनंत ज्ञान)



# 20 को होगा 20वां भगवती जागरण

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

माता वैष्णो जगराता कमेटी कुल्लू की एक बैठक केआर वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

इस बैठक में 20 जुलाई शनिवार को होने वाले 20वें विशाल भगवती जागरण के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इस मौके पर केआर वर्मा ने बताया कि इस बार मां भगवती जागरण अखाड़ा बाजार स्थित न्यू पार्किंग कमेटी कार्यालय के पीछे आयोजित किया जाएगा। जागरण में इस बार हमीरपुर की पार्टी को माता के गुणगान झांकियां एवं तारा रानी की कथा की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा दरबार के साउंड और सजावट की जिम्मेदारी पठानकोट की पार्टी को दी गई है। इस बार जगराते के अलावा अन्य और भी धार्मिक गतिविधियों में भी जगराता कमेटी ने अपनी भूमिका निभाई है। बैठक में निर्णय लिया कि कमेटी के सदस्य गोमाता को राष्ट्रीय माता के राष्ट्रीय सम्मान के लिए इसमें विचार किया जाएगा। बैठक में माता वैष्णो देवी जागरण कमेटी के उपप्रधान विजय शर्मा, महासचिव तिलक राज, सचिव संजय करकी, लेखपाल, सुरेश शरीन, कोषाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा, महामंत्री नवीन चढ़ा आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)




माता वैष्णो जगराता कमेटी कुल्लू के पदाधिकारी व सदस्य बैठक के दौरान।

# 60 साल बाद रघुपुर गढ़ के दौरे पर जाएंगे कुंइरी महादेव व्यास ऋषि

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

आनी खंड के सुप्रसिद्ध देवता कुंइरी महादेव व्यास ऋषि के स्वधाम कुंइर में मुख्य गणों में से एक अत्यंत शक्तिशाली गण भैरो के अठारह बारह के छत्र का पुनर्निर्माण किया जा रहा है, जिसकी प्रतिष्ठा आषाढ मास के 13 प्रविष्टे दिन बुधवार यानी 26 जून को देवाज्ञानुसार प्रभुधाम कुंइर में की जा रही है।



देवता के कारदार इंद्र सिंह और स्थानीय निवासी आशीष शर्मा ने बताया कि प्रतिष्ठा के बाद कुंइरी महादेव व्यास ऋषि 60 वर्षों के बाद रघुपुर गढ़ के ऐतिहासिक दौरे पर जा रहे हैं, जिसके लिए प्रभु स्वधाम से आषाढ 15 प्रविष्टे तदानुसार 28 जून शुक्रवार को अपनी 12/20 कराड़ हार के फरूटी गांव के लिए प्रस्थान करेंगे। आषाढ 16 प्रविष्टे तदानुसार 29 शनिवार को प्रभु फरूटी गांव से रघुपुर गढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे और शुश में शाठकी कैंद के झरौणू मंदिर से प्रभु के मूल विग्रह गौज का प्रभु संग मिलन होगा। इसके पश्चात देवता अपने लाव लश्कर और तीन गढ़ सात हारों के हरियानों संग रघुपुर गढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे। इससे पहले कुंइरी महादेव का रघुपुर गढ़ का दौरा 1964 में हुआ था, जिसमें खुड्डीजहल और टकरासी नाग भी शामिल थे। (अनंत ज्ञान)

# 376 अभ्यर्थियों ने दी टेट की परीक्षा

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड की ओर से रविवार को ढालपुर स्थित शहीद बालकृष्ण राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र विद्यालय कुल्लू में अध्यापक पात्रता परीक्षा (टेट) करवाई गई। परीक्षा में कुल 376 अभ्यर्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।


छात्र विद्यालय कुल्लू में स्थापित परीक्षा केंद्र में दो सत्रों में अध्यापक पात्रता परीक्षा करवाई गई। सुबह के सत्र में नॉन-मेडिकल और शाम के सत्र में भाषा अध्यापक (एलटी) की परीक्षा हुई। एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला ने कहा कि उक्त केंद्र में परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से करवाई गई है और दोनों परीक्षाओं में कुल 376 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# हरिहर अस्पताल के चिकित्सकों ने 75 मरीजों का किया हेल्थ चेकअप

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

सनातन धर्म सभा सुल्तानपुर में रविवार को निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन हुआ।

एक दिवसीय यह स्वास्थ्य जांच शिविर में समाजसेवी संस्था कार सेवादल के सौजन्य से आयोजित किया गया और निजी अस्पताल हरिहर की ओर से विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने कैंप में आए मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। कैंप में मेडिसिन, सर्जन, ऑर्थो, चाइल्ड स्पेशलिस्ट व फिजियोथैरेपिस्ट ने अपनी निशुल्क सेवाएं दीं और मरीजों के बीपी, शुगर चेकअप सहित अन्य बीमारियों की जांच की। इस दौरान जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। कार सेवादल संस्था के अध्यक्ष मनदीप सिंह ने बताया निशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा कैंप अब अलग से गांव-गांव में भी लगाए जाएंगे। इस तरह के स्वास्थ्य कैंप के माध्यम से आम जनता को कार सेवादल संस्था की अन्य कई तरह की सुविधाओं और सेवाओं की जानकारी मिलेगी। (अनंत ज्ञान)



# मोतियाबिंद के बारे में किया जागरूक

**शीला कौल, बंजार**

द हंस फाउंडेशन ने आंखों की बीमारी मोतियाबिंद के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए जिले के 96 गांवों में एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान चलाने की पहल की है।

इस जागरूकता अभियान के तहत फाउंडेशन ने गांवों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर एक शानदार पहल की है। हंस फाउंडेशन ने अब तक तकरीबन 700 लोगों को मोतियाबिंद के शुरुआती लक्षण, उपचार और रोकथाम के बारे में जानकारी प्रदान की। इसी क्रम में फाउंडेशन ने विभिन्न गांवों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए, जिसमें तकरीबन 2700 लोगों का मुफ्त में इलाज, 600 लाभार्थियों की खून की जांच एवं मुफ्त में दवाइयां भी प्रदान की गई।

द हंस फाउंडेशन की इस पहल से बंजार ब्लॉक के निवासियों को मोतियाबिंद के प्रति जागरूक करने और उचित उपचार की सुविधा प्रदान करने का प्रयास किया गया है, ताकि वे अपनी स्वास्थ्य एवं दृष्टि को स्वस्थ्य रख सकें।

द हंस फाउंडेशन के इस पहल का मुख्य उद्देश्य था मोतियाबिंद से पीड़ित लोगों को जागरूक बनाना और उन्हें उचित उपचार के प्रति प्रेरित करना। इसके अलावा, यह पहल लोगों को बताने का भी प्रयास करती है कि मोतियाबिंद के लक्षणों को पहचानने पर जल्द उपचार करवाना जरूरी है, ताकि उनकी दृष्टि को बचाया जा सके। फोटो कैप्शन- हंस फाउंडेशन के चिकित्सक जागरूकता अभियान के दौरान मोतियाबिंद के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करते हुए। (अनंत ज्ञान)




**परेशानी** — दो किलोमीटर का अतिरिक्त सफर कर भुंतर पहुंचने को मजबूर जियावासी, विभाग नहीं ले रहा सुध

# आपदा के एक साल बाद जिया पुल की हालत जस की तस

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कुल्लू जिला में एक साल पूर्व आपदा ने खूब कहर बरपाया था, जिससे जगह-जगह काफी नुकसान हुआ था।

जिले के भुंतर स्थित जिया में भी बैली ब्रिज गत वर्ष जुलाई माह में आई बाढ़ की भेंट चढ़ गया था। आलम यह है कि आपदा के लगभग एक वर्ष बाद भी क्षतिग्रस्त बैली ब्रिज जिया के हालात जस के तस बने हुए हैं और ब्रिज निर्माण न होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इससे लोगों में लोक निर्माण विभाग के यांत्रिक मंडल के खिलाफ रोष पनपा है। यह पुल जिया पंचायत को भुंतर बाजार, भुंतर सब्जी मंडी व जिला मुख्यालय से जोड़ता है। लोगों को भुंतर आने-जाने के लिए पुल से सुविधा होती थी, लेकिन पुल बाढ़ की चपेट में आने के कारण पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और यहां से आवाजाही पूरी तरह से बंद है। ऐसे में लोगों को भुंतर बाजार पहुंचने के लिए मजबूरन दो किलोमीटर का अतिरिक्त सफर करना पड़ रहा है। एक साल से सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूलों छात्रों को पेश आ रही हैं। इसके अलावा ऐतिहासिक ब्यास- पार्वती संगम की और स्नान करने वाले देवी-देवता भी इस पुल से होकर संगम स्थल पर पहुंचते थे, लेकिन पुल के क्षतिग्रस्त होने के कारण देवी-देवताओं को भी लंबा सफर करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने पुल को ठीक करने के लिए कई मर्तबा जिला प्रशासन से भी मिले, लेकिन उन्हें सिर्फ आश्वासन ही दिया जा रहा है। पंचायत जिया के प्रधान संजीव पंडित ने बताया कि गत वर्ष जुलाई महीने में आई बाढ़ के कारण कई पुल क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिन्हें सरकार द्वारा ठीक करवाया गया, लेकिन जिया गांव के साथ ऐसा सौतेला व्यवहार क्यों किया जा रहा है। यदि जल्द ही पुल का कार्य शुरू नहीं किया, तो ग्रामीण एकत्र होकर डीसी कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करने पर मजबूर हो जाएंगे। (अनंत ज्ञान)



बाढ़ से क्षतिग्रस्त जिया पुल।

> बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए जिया पुल के लिए यांत्रिक मंडल कुल्लू को पुल के सामान को निकालने का आदेश सरकार द्वारा मिला है। पुल के सामान को निकाला गया है। पुल के निर्माण को लेकर सरकार से आदेश मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।
>
> **जीएल ठाकुर, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग यांत्रिक मंडल कुल्लू।**



## न्यूज ब्रीफ

### आज व कल किया जाएगा पेंशन की समस्या का समाधान

**भावना, सोलन।** उपनिदेशक सैनिक कल्याण क. सुरेश कुमार अग्निहोत्री (सेनि) ने बताया कि जिला सोलन के पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, पूर्व सैनिक विधवाओं के लिए रक्षा पेंशन समाधान योजना का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रक्षा पेंशन समाधान योजना का आयोजन 24 व 25 जून को डीडब्ल्यूआई ऑडिटोरियम में रक्षा रेखा नियंत्रण (पेंशन) प्रयागराज की ओर से पेंशन की समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, पूर्व सैनिक विधवाओं से आग्रह किया कि अपने किसी भी प्रकार की पेंशन समस्या के निपटारे के लिए पेंशन समाधान योजना के आयोजन में भाग लेना सुनिश्चित करें। (अनंत ज्ञान)

### बिजाई का बीज न मिलने से किसान मायूस

**एसपी जैरथ, पांवटा साहिब।** जिला सिरमौर के हरिपुरधार, सहित ऊपरी इलाकों में मक्की की बिजाई का काम शुरू हो गया है। बारिश के बाद मक्के के होने वाली बिजाई का कार्य पांवटा के पहाड़ी इलाकों में शुरू हो गया है, लेकिन कृषि केंद्र में बिजाई का बीज न मिलने की वजह से किसान मायूस हो गए हैं। बताते चलें कि पांवटा साहिब के दून क्षेत्र और पहाड़ी क्षेत्र में सबसे ज्यादा मक्का की पैदावार होती है, लेकिन इस बार लेट बारिश होने के कारण पहले तो किसानों को बिजाई के लिए इंतजार करना पड़ा, अब बारिश हुई तो बीज नहीं मिल रहा है, जिसके चलते किसान मायूस हो गए हैं। किसानों ने बताया कि पिछले दो-तीन दिनों से मक्की का बीज न मिलने की वजह से किसान अब मक्की का बीज नहीं खरीद पा रहे हैं। कुछ लोगों ने तो महंगे दामों पर दुकानदारों से मक्का खरीद लिया है, लेकिन कई किसान ऐसे हैं जो अभी भी बीज का इंतजार कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### परशुराम जयंती के उपलक्ष्य पर किया जाए अवकाश

**जोशी, रेणुका जी।** सिरमौर के रेणुका जी में गायत्री मंदिर में अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की राष्ट्रीय कार्य समिति का दो दिवसीय अधिवेशन शनिवार से आरंभ हो गया। यह अधिवेशन गायत्री आश्रम के संस्थापक एवं महामंडलेश्वर स्वामी दयानंद भारती के सानिध्य में ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल दत्त शर्मा की अध्यक्षता में आरंभ हुआ, जिसमें भारतवर्ष के विभिन्न प्रांतों से करीब डेढ़ सौ लोगों ने भाग लिया। बैठक में सात प्रस्ताव पारित किए गए, जिसमें नंबर एक में भगवान परशुराम की फोटो संविधान के न्याय खंड पर लगाने का प्रस्ताव रखा गया। भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य पर पूरे देश में अवकाश किया जाए, व ब्राह्मण कल्याण आयोग का गठन राष्ट्रीय स्तर पर होना चाहिए। पवित्र रेणुका जी तीर्थ स्थान का सुधार किया जाए। मां रेणुका व भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा यहां लगाई जाए। महामंत्री प्रचार का पद सृजित किया जाए तथा बच्चों में सनातन धर्म नैतिक शिक्षा की आवश्यकता तथा सनातन धर्म की शिक्षा का प्रस्ताव रखा गया।अंतिम प्रस्ताव में सभी ब्राह्मण सभाओं को एक मंच पर लाने पर विचार किया गया। (अनंत ज्ञान)

### गुरु हर गोबिंद साहिब का मनाया प्रकाश उत्सव

**एसपी जैरथ, पांवटा साहिब।** गुरु की नगरी पांवटा साहिब में सिखों के छठे गुरु गुरु हर गोबिंद साहिब महाराज का प्रकाश उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। यहां गुरुद्वारा परिसर में बड़ी संख्या में हरियाणा, पंजाब, दिल्ली आदि अन्य राज्यों से संगतों ने पहुंच कर शीश नवाया। इस दौरान गुरुद्वारा परिसर में प्रातः काल से देर रात तक कीर्तन-ठाढ़ी दरबार समेत विशेष कवि दरबार आयोजित हुआ, जिसमें बाहरी राज्यों से पंथप्रसिद्ध रागी जत्थों समेत कवियों ने भाग लिया और अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। इस दौरान यहां गुरुद्वारा प्रबंधन समिति द्वारा संगतों के लिए विशेष प्रबंध किए गए। (अनंत ज्ञान)

### 16 प्रवासी दुकानदारों ने नाहन से किया पलायन

**एसपी जैरथ, नाहन।** हिमाचल प्रदेश के नाहन में शामली उत्तर प्रदेश के कारोबारी जावेद की ओर से गोमास कुर्बानी की वीभत्स फोटो लगाए जाने को लेकर सांप्रदायिक भावनाओं को भड़काने को लेकर एफआईआर दर्ज हो गई है। बड़ी बात तो यह है कि शामली पुलिस के द्वारा की गई जांच में लगाई गई फोटो में दिख रहा पशु गोमांस नहीं निकला। शामली के एसपी अभिषेक ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी जावेद के द्वारा जिस पशु की कुर्बानी दी गई थी वह प्रतिबंधित पशु नहीं था। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर जो फोटो लगाई गई थी वह वीभत्स थी। उन्होंने बताया कि जावेद पर फोटो के चलते सांप्रदायिक भावनाओं को भड़काने के संबंध में प्राथमिकता दर्ज की गई है। जानकारी यह भी मिली है कि पुलिस की सख्ती को देखते हुए नाहन से करीब 16 प्रवासी दुकानदार शहर से पलायन कर चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस के नेता अपराधियों के संरक्षक: विवेक

**आर मोहन चौहान, सोलन।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा ने बिलासपुर गोलीकांड पर कहा कि संविधान को खतरे में बताने वाले कांग्रेस के नेता आज अपराधियों के संरक्षक बन गए हैं और स्वायत्तता प्राप्त संवैधानिक संस्थाओं को अपने निजी हित के लिए उपयोग कर रहे हैं। देहरा में कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी डॉ. राजेश को 9 घंटे किसने बंदी बनाकर शिमला के एक होटल में रखा। यह शिमला पुलिस की जांच का विषय है। तत्पश्चात डॉक्टर राजेश का यह बयान प्रदेश से बाहर मेरे बच्चों को खतरा हो सकता है और बाद में कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी के साथ चुनाव प्रचार में साथ हो लिए। यह कैसा प्रभाव व दबाव है यह छानबीन का विषय है। (अनंत ज्ञान)

### शिक्षक संघ ने लंबित मुद्दों के निपटारे की मांग की

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला किन्नौर की बैठक रिकांगपिओ में अध्यक्ष सुरेंद्र नेगी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई व लंबित मुद्दों के शीघ्र निपटारे की मांग की गई व ज्ञापन शिक्षा उपनिदेशक को दिया। बैठक में जेबीटी अध्यापकों व एनटीटी शिक्षकों की नियुक्ति, मध्याहन भोजन का बजट में वृद्धि करने बारे, सभी स्कूलों में पीटी, एमटीडब्ल्यू की नियुक्ति, एचटी प्रमोशन में इंक्रीमेंट बारे, अकपा में सीएचटी के पद भरने की मांग की गई। इसी तरह कंप्यूटर एवं स्पोर्ट्स ट्रेनिंग व खेलकूद प्रतियोगिता में विसंगतियों को दूर करने, अध्यापकों से अतिरिक्त कार्य न करवाने व प्राथमिक अध्यापकों को बीएलओ व डीओ आदि कार्य न देने बारे विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में महासचिव हंसराज बिष्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष टाशी डंडुब नेगी, भरत भूषण नेगी प्रेस सचिव आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)


# मंत्री-अधिकारी मेले में व्यस्त, जनता पेयजल न मिलने से त्रस्त

## मां शूलिनी मेले में शहर की प्यास नहीं बुझा पाया नगर निगम और जल शक्ति विभाग, टैंकर का पानी खरीद कर भी नहीं गुजारा

**आर मोहन चौहान, सोलन**

जल शक्ति विभाग और नगर निगम सहित जनप्रतिनिधियों की सुस्त कार्यप्रणाली के चलते इस बार तीन दिवसीय राज्य स्तरीय मां शूलिनी मेले में शहर के लोगों को पेयजल के लिए त्राहिमाम होना पड़ा। वहीं स्थानीय विधायक एवं मंत्री से लेकर पार्षद और अधिकारी मेले में व्यस्त रहे और शहर की जनता पेयजल को तरसती रही।

मेले में लोगों के यहां रिश्तेदार भी आते हैं, ऐसे में पानी की खपत बढ़ जाती है। पिछले कुछ वर्षों से पानी की इतनी किल्लत कभी नहीं हुई। लोगों को पानी की मांग पूरी करने के लिए टैंकर का पानी खरीदना पड़ रहा है, जो लोग टैंकर का पानी खरीदने में असमर्थ हैं वे अप्रमाणित प्राकृतिक जल स्रोत का पानी उपयोग करने को मजबूर हैं। ऐसे में लोगों के बीमार पड़ने का भी खतरा है। कहने को तो मेले के चलते जल शक्ति विभाग ने नगर


सोलन शहर।

निगम को पानी की सप्लाई में इजाफा किया पर शहर की मांग के मुताबिक यह नाकाफी साबित हुआ। पहले जहां 50 से 60 लाख लीटर पानी की आपूर्ति की जा रही थी, वहीं अब 70 से 75 लाख लीटर पानी कर दिया गया है, लेकिन इस बढ़ोतरी के बावजूद, सोलन और इसके आसपास के क्षेत्रों में जल संकट बरकरार है। जल शक्ति विभाग अधिकारियों के अनुसार, पानी की मात्रा बढ़ाने के लिए धर्मपुर और चंबाघाट की सप्लाई में कटौती करनी पड़ी। इसके बावजूद सोलन वासियों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। शहर की प्यास बुझाने के लिए नगर निगम को इस समय एक करोड़ लीटर पानी की जरूरत है पर जलशक्ति विभाग इसका आधा पानी दे पा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### टैक्स चुकाने के बावजूद सुविधाएं नहीं



सोलन के निवासियों को हर छह दिन बाद पानी मिल रहा है, जबकि कुछ क्षेत्रों में 8 दिन बाद भी पानी की किल्लत बनी हुई है। सोलन के निवासी नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं। लोगों का कहना है कि वे हर चीज का टैक्स देते हैं और बिजली-पानी के बिल भरते हैं, लेकिन सुविधाओं के नाम पर केवल आश्वासन ही मिलते हैं। शूलिनी मेले के चलते उनके घर रिश्तेदार आए हैं, जिससे पानी की खपत बढ़ गई है, लेकिन पानी की भारी किल्लत के कारण वे परेशान हैं। जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के अनुसार, हाल की बारिश से थोड़ी राहत मिली है, लेकिन यह राहत केवल किसानों के लिए है, जो अपनी फसलों की सिंचाई कर रहे हैं। जल शक्ति विभाग इस गंभीर जल संकट का समाधान निकालने के लिए प्रशासनिक प्रयास जारी रखे हुए है। गिरि और अश्वनी खड्ड का जल स्तर बारिश की कमी के चलते पहले से ही कम हो गया है। जल शक्ति विभाग ने जनता से पानी के विवेकपूर्ण उपयोग की अपील की है।

### प्राकृतिक जल स्रोतों पर निर्भर लोग

जल शक्ति विभाग के अधिकारियों का कहना है कि नगर निगम को पानी की मात्रा बढ़ाने के लिए अन्य जगहों पर पानी के कट लगा कर सोलन शहर को पानी सप्लाई कर रहा है। विभाग हर प्रयास कर रहा है कि अधिक से अधिक पानी शहर को दिया जाए, लेकिन इसके बाद भी सोलन तथा इसके आस-पास के क्षेत्रों में पानी की स्थिति में कोई सुधार देखने को नहीं मिला। सोलन वासियों को अब भी पानी दस दिन बात ही नसीब हो रहा है। शहर के बहुत लोग जो टैंकर का पानी खरीदने में असमर्थ हैं। यह वर्ग आंजी, शामती, सलोगड़ा स्थित प्राकृतिक जल स्रोतों पर निर्भर है। कई वार्डों में तो लोग नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। उनका कहना है कि हम नगर निगम को हर चीज का टैक्स देते हैं। बिजली, पानी के बिल देखें हैं, लेकिन हमें सुविधाओं के नाम पर सिर्फ आश्वासन ही मिलता है।



"जल शक्ति विभाग से नगर निगम को पर्याप्त मात्रा में पेयजल की लिफ्टिंग नहीं की जा रही है। नगर निगम पानी की राशनिंग तो कर रहा है, पर वो मामूली है, जितना पानी पेयजल योजनाओं से मिल रहा है उसे लोगों को सप्लाई तो कर दिया जाता है। मेले के बाद स्थिति में सुधार होने की उम्मीद है।

**एकता कापटा, कमिश्नर नगर निगम सोलन।**

# एसी भारद्वाज, अजय तोमर व अजय चौहान ने बांधा समां







मां शूलिनी मेले की द्वितीय सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकार परफॉर्मेंस देते हुए (दाएं) अतिथियों को नचाते लोकगायक एसी भारद्वाज।

**आर मोहन चौहान, सोलन**

मां शूलिनी मेला-2024 की द्वितीय सांस्कृतिक संध्या में हिमाचल प्रदेश के लोक कलाकारों के नाम रही।

दूसरी सांस्कृतिक संध्या में एसी भारद्वाज और अजय तोमर व अजय चौहान ने अपनी प्रस्तुतियां से समां बांधा। इनके अतिरिक्त मदन झाल्टा, विक्की राजटा, अरुण जस्टा व पंकज ठाकुर सहित अन्य कलाकारों ने लोक गायकी से कार्यक्रम में चार चांद लगाए। मेला समिति की ओर से की गई विशेष पहल के तहत राजकीय विद्यालयों की छात्राएं भी अपनी प्रस्तुति दे रही हैं। दूसरे संध्या में गीता आदर्श विद्यालय के स्टूडेंट्स ने दर्शकों का मनोरंजन किया। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपाध्यक्ष विनय कुमार ने बतौर मुख्यातिथि भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग) संजय अवस्थी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्थानीय विधायक एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल भी इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित थे। शूलिनी मेला समिति की ओर से मुख्यातिथि तथा विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेले एवं त्योहार हमारी समृद्ध-सांस्कृतिक विरासत को संजोए हुए हैं। इनके माध्यम से हिमाचल की लोक संस्कृति एवं परंपराओं का संवर्धन एवं संरक्षण भी सुनिश्चित होता है। सांस्कृतिक संध्याओं के माध्यम से उभरते हुए लोक कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का उचित मंच प्राप्त होता है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सोलन गौरव सिंह, नगर निगम सोलन की आयुक्त एकता कापटा, एसडीएम (ना.) सोलन डॉ. पूनम बंसल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# स्वास्थ्य मंत्री ने हेल्दी बेबी शो के विजेताओं को दिए पुरस्कार

**भावना, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने शूलिनी मेला के अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सौजन्य से ठोडो मैदान में आयोजित हेल्दी बेबी शो के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों के पोषण के प्रति लोगों में जागरूकता लाना है। इससे अभिभावकों को बच्चों के प्रतिरक्षण से संबंधित टीके आदि समय पर लगाने, उम्र के अनुसार भार और लंबाई, आयु के अनुरूप उनके विकास तथा व्यक्तिगत स्वच्छता आदि के प्रति जागरूक एवं प्रेरित भी किया जाता है। उन्होंने विजेता शिशुओं एवं उनके माता-पिता को शुभकामनाएं दीं तथा सभी प्रतिभागियों का इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आभार व्यक्त



किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन डॉ. राजन ने बताया कि हेल्दी बेबी शो में शून्य से एक, एक से तीन तथा तीन से पांच साल तक के तीन वर्गों में शिशुओं व बच्चों को शामिल किया गया। इनमें विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों के अनुरूप तीन श्रेणियां हरित, पीली व लाल रखी गई थी। प्रतियोगिता में कुल 51 प्रतिभागियों ने भाग लिया और कोई भी बच्चा रेड जोन में शामिल नहीं पाया गया। 35 बच्चे ग्रीन जोन तथा 16 बच्चे यलो जोन में पाए गए। (अनंत ज्ञान)

# महिलाओं की रस्साकशी प्रतियोगिता में सोलन ने कंडाघाट पर दर्ज की जीत

**भावना, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने शूलिनी मेले के अंतिम दिवस पुलिस विभाग के सहयोग से आयोजित रस्साकशी प्रतियोगिता के समापन समारोह की अध्यक्षता की। ऐतिहासिक ठोडो मैदान में आयोजित रस्साकशी प्रतियोगिता में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल सोलन और कंडाघाट के बीच खेला गया। इसमें सोलन की महिलाएं विजयी रहीं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं मेले के स्वरूप को विविधता प्रदान



करती हैं। इससे महिला सशक्तिकरण का संदेश देने के मेले समिति के प्रयासों की भी सराहना की। इस अवसर पर जोगिंद्रा सहकारी बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, कांग्रेस महासचिव रमेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजिलेंस श्वेता ठाकुर सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# वीरभद्र सिंह के जीवन पर डाला प्रकाश

**एसपी जैरथ, नाहन**

जिला कांग्रेस कमेटी सिरमौर के द्वारा आधुनिक हिमाचल के निर्माता पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के 90वें जन्मदिन पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए, जिसमें विशेष रूप से अजय बहादुर एवं मंडल अध्यक्ष ज्ञान चांद चौधरी उपस्थित रहे, जिसमें कांग्रेस पार्टी के अभी अग्रणी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

इस मौके पर स्व. वीरभद्र सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला गया व मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर मनीराम पुंडीर, नैन सिंह, योगी ठाकुर, लाल सिंह, रजनीश, धनवीर, बॉबी चौहान, अनूप ठाकुर, वी एस चौहान, जगदर्शन चौधरी, सोमचंद, विनीत महिंद्रा, राजेश ठाकुर आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)


पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के 90वें जन्मदिन पर श्रद्धासुमन अर्पित करते लोग।

### किन्नौर कांग्रेस ने भी श्रद्धासुमन किए अर्पित

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

किन्नौर कांग्रेस ने जिलाध्यक्ष उमेश नेगी की अध्यक्षता में सांगला में पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए व उनके किए कार्यों को याद किया गया। उमेश नेगी ने कहा कि वीरभद्र सिंह आधुनिक हिमाचल के निर्माता के नाम से जाने जाते हैं। वीरभद्र सिंह छह बार प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हैं, जबकि पांच बार



सांसद व तीन बार केंद्र में मंत्री रहे। नेगी ने कहा कि हिमाचल के विकास में उन का अहम योगदान रहा है, जो कभी बुलाया नहीं जा सकता। (अनंत ज्ञान)

### तेंदुए ने पालतू जानवरों को बनाया शिकार

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** रविवार सुबह हांगो के जंगल में तेंदुआ देखा गया। वहीं तेंदुए ने पालतू जानवरों को भी अपना शिकार बनाया है।

हांगो निवासी सुरेंद्र सिंह सूरी ने कहा कि रविवार सुबह कुछ ग्रामीण जानवरों को जंगल छोड़ने गए थे कि रास्ते में तेंदुआ दिखा साथ ही ग्रामीणों के पालतू जानवरों को भी तेंदुआ शिकार बना चुका था। प्रेम सिंह, पनमा ने बताया कि तेंदुआ एक-एक बेल व एक गाय का शिकार कर चुका है। तेंदुए को देख गांव में दहशत बनी है। लोगों को डर है कि कही तेंदुआ गांव का रुख न कर दें। सूरी ने कहा कि ग्रामीण अक्सर प्राकृतिक स्रोत से पानी लाने जाते हैं, ऐसे में उन्हें तेंदुए का खोफ बना हुआ है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत वन विभाग को दी है। (अनंत ज्ञान)

# किसानों व बागवानों को सूखे से मिली निजात

**रविदत्त भारद्वाज, राजगढ़**

समूचे राजगढ़ क्षेत्र में पिछले लगभग एक महीने से भयंकर सूखा व भीषण गर्मी पड़ रही थी। मगर पिछले तीन दिनों से यहां मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है।

यहां सुबह से रोज मौसम साफ होता है और तेज धूप खिलती है, जिससे तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जाती है और भीषण गर्मी पड़ती है, मगर दो बजे के बाद मौसम अचानक करवट बदलता है और एक दो घंटे तक भारी बारिश होती है और उसके बाद पुनः मौसम साफ हो जाता है। प्री मानसून की अच्छी बारिश से किसानों व बागवानों को सूखे से फिर थोड़ी निजात मिली है। आज भी कुछ ऐसा



ही हुआ। इस वर्ष रिकॉर्ड तोड़ गर्मी व सुखे ने यहां किसानों व बागवानों की फसलें तबाह कर रख दी थी। ऐसा सुखा यहां पिछले लगभग 70 सालों से नहीं देखा गया था। इसलिए यह बारिश संजीवनी साबित हुई है।

बागवानों की सेब, नाशपाती,आड़ू व कीवी आदि की फसलें जो सूखे से प्रभावित हो रही थी। उसके लिए यह बारिश लाभकारी साबित होगी। इस बारिश से इन फलों का साइज बनने की उम्मीद बागवानों को जगी है। अभी तक इन फलों का न तो साइज बन रहा था और सूखे के कारण फल झड़ने लग गए थे। इसके साथ-साथ किसानों की टमाटर, शिमला मिर्च, फ्रांसबीन, आलू, फूलगोभी की फसल जिसको नुकसान हो रहा था, इस बारिश से किसानों ने राहत की सांस ली है। इसके साथ-साथ यहां इन दिनों मक्की, अदरक, राजमा की फसल लगाने का समय है, मगर सुखे के कारण इन फसलों की बुआई नहीं हो पा रही थी। अब इस बारिश के बाद खेतों में पर्याप्त नमी हो गई है, अब किसानों ने इस फसलों की बुआई के लिए तैयारियां आरंभ कर दी हैं। (अनंत ज्ञान)

# चुनाव जीतने के बाद जनता के लिए अस्पताल का करवाउंगा निर्माण: सैनी

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ विधानसभा चुनाव में बतौर आजाद प्रत्याशी हरप्रीत सैनी लगातार भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशियों पर आरोप लगा रहे हैं।

हरप्रीत सैनी ने कहा कि भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशी दोनों ही अवैध गतिविधियों व अदा अवैध कामों में मशहूर हैं और दोनों ही नेताओं से क्षेत्र की जनता भी परेशान है। सैणी ने नालागढ़ के अंतर्गत गांव अभिपुर, थार्थेवाल व बेला मंदिर का दौरा किया, जहां क्षेत्र वासियों ने जोर शोर से हरप्रीत सैणी का स्वागत किया और आगामी विधानसभा चुनाव में समर्थन देने का एलान किया। इस मौके पर हरप्रीत सैणी



ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि उनका परिवार पिछले तीन दशकों से नालागढ़ क्षेत्र की जनता की सेवा में लगा हुआ है व वह खुद स्वर्गीय सरदार हरिनारायण सिंह के दिखाए गए सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं। चुनाव जीतने के तुरंत बाद नालागढ़ की जनता के लिए एक अस्पताल का निर्माण करवाउंगा, जहां सभी जरूरतमंदों का मुफ्त व गंभीर बीमारियों का बहुत कम पैसे में इलाज किया जाएगा।

# विधानसभा उपाध्यक्ष ने द्राबिल में सुनीं जनसमस्याएं

**एसपी जैरथ, नाहन**

उपाध्यक्ष विधानसभा विनय कुमार ने सिरमौर के प्रवास के दौरान रेणुका विधानसभा क्षेत्र के द्राबिल में जन समस्याएं सुनीं।

इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने उपाध्यक्ष विधानसभा के समक्ष सामूहिक तथा व्यक्तिगत समस्याएं रखीं। द्राविल क्षेत्र के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपाध्यक्ष विधानसभा के समक्ष द्राबिल से कैल तथा घाटों से कैल रोड की मांग रखी, जिसके लिए विनय ने क्षेत्र के लोगों को आश्वासन दिया कि सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरांत जल्द इन का कार्य आरंभ किया जाएगा, ताकि क्षेत्र के


विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार का द्राबिल पहुंचने पर स्वागत करते लोग।

लोग इससे लाभान्वित हो सकें। उन्होंने क्षेत्र के लोगों को कहा कि वह इस क्षेत्र के प्रतिनिधि हैं। इसलिए क्षेत्र में किसी भी प्रकार के विकास कार्य को प्राथमिकता देना उनका नैतिक कर्तव्य है। इसके अतिरिक्त विनय ने प्राप्त अधिकांश समस्याओं का निपटारा मौके पर किया तथा कुछ समस्याओं को संबंधित विभागों को तुरंत निराकरण के लिए दिया। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की ओर से प्राप्त होने वाली समस्याओं का समय पर निराकरण करना सुनिश्चित करें। (अनंत ज्ञान)

**कार्रवाई** खुले में कूड़ा फेंकते हुए तस्वीरें कैमरे में कैद, शहर को साफ रखने के लिए ग्रीन पांवटा क्लीन पांवटा का दिया गया नारा

# तीसरी आंख करेगी पांवटा की निगरानी, शहर में लगे सीसीटीवी कैमरे

**एसपी जैरथ, पांवटा साहिब**

पांवटा साहिब शहर को जहां ग्रीन पांवटा क्लीन पांवटा बनाने का अभियान प्रशासन व नगर परिषद के द्वारा शुरू किया, तो कई जगहों पर यह नारा दम तोड़ रहा है या यूं कहें कि लोग नियमों की अवहेलना कर स्वच्छ भारत अभियान की भी सरेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं।

फिलहाल शहर कैमरों की निगरानी में है। चाहे यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करना हो या खुले में कूड़ा फेंकने वालों पर कार्रवाई


पांवटा में कूड़ा खुले में फेंकते हुए।

करनी हो। पांवटा साहिब में अक्सर ही कहीं न कहीं पर आपको कूड़े के ढेर दिख जाएंगे, लेकिन खुले में कूड़ा कचरा फेंकने वाले अब सावधान हो जाएं। यदि खुले में कूड़ा कचरा फेंकते नजर आये तो भारी जुर्माना भरना पड़ेगा। इतना ही नहीं आपकी वीडियो को भी सार्वजानिक किया जा सकता है। हाल ही में नगर परिषद पांवटा साहिब ने जगह-जगह चौक-चौराहों और गलियों में तीसरी आंख का पहरा लगाया है, जो चारों दिशाओं में नजर रखेगा। यदि कोई खुले में कूड़ा फेंकता सीसीटीवी कैमरे में कैद होता है, तो उसके ऊपर कार्रवाई की जाएगी।

पांवटा साहिब एसडीएम गुंजीत चीमा ने हाल ही में एक वीडियो मीडिया को जारी कर कहा कि जहां उनके द्वारा शहर को साफ रखने के लिए ग्रीन पांवटा क्लीन पांवटा का नारा दिया गया है। घर द्वार पर कूड़े की गाड़ी पहुंच रही है बावजूद लोग बाज नहीं आ रहे हैं। कुछ लोग हैं, जो स्वच्छता अभियान की सरेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। कार्यकारी अधिकारी व एसडीएम गुंजित चीमा ने कहा कि नगर पालिका पांवटा साहिब के सफाई कर्मचारियों को दोष देने के बजाय हमें अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### कचरा फेंकने वालों पर लगेगा 5000 का जुर्माना

इस तरह के व्यवहार के खिलाफ कड़ा कदम उठाते हुए, नगर परिषद ने फैसला किया है कि खुले में कचरा फेंकने वालों पर 5000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। अभी वीडियो को ब्लर करके प्रस्तुत किया है, लेकिन आगे यदि लोग नहीं सुधरे, तो वीडियो को बिना ब्लर किए साझा किया जाएगा, ताकि सार्वजनिक रूप से कचरा फेंकने वालों की पहचान हो सके। उन्होंने कहा कि नाम और शर्मिंदगी ही अब हमारे पास एकमात्र उपाय है। उन्होंने कहा कि इससे बेहतर होगा कि लोग अपने घर के कूड़े का सही ढंग से निपटारा करें और समाज में सफाई बनाए रखें।



**टी-20 विश्व कप** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अफगानिस्तान की ऑस्ट्रेलिया पर पहली जीत

# ऑस्ट्रेलिया उलटफेर का शिकार

**एजेंसी, किंग्सटाउन**

अफगानिस्तान ने गुलबदिन नायब के चार विकेट की मदद से टी-20 विश्व कप सुपर-8 चरण के मैच में आस्ट्रेलिया जैसी दिग्गज टीम को 21 रन से हराकर बड़ा उलटफेर करते हुए अपने क्रिकेट इतिहास का एक और सुनहरा अध्याय लिख डाला।

**04** खिलाड़ियों को 20 रन देकर आउट किया गुलबदिन नायब ने।

पैट कमिंस का लगातार दूसरी हैट्रिक लेने का कारनामा भी बेनूर हो गया। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 148 रन बनाए और जवाब में आस्ट्रेलिया की टीम 19.2 ओवर में 127 रन पर आउट हो गई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अफगानिस्तान की आस्ट्रेलिया पर यह पहली जीत है। आस्ट्रेलिया को अब सोमवार को हर हालत में भारत को हराना होगा और यह दुआ करनी होगी कि अगले मैच में बांग्लादेश अफगानिस्तान को हरा दे।


ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच जीतने के बाद खुशी मनाते अफगानिस्तान के खिलाड़ी।

अफगानिस्तान के लिए सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (60) और इब्राहिम जदरान (51) ने 118 रन की साझेदारी करके बड़े स्कोर की नींव रखी। कमिंस ने हालांकि लगातार दूसरे मैच में दो ओवरों में हैट्रिक पूरी करते हुए अफगानिस्तान को बड़ा स्कोर बनाने से रोका। आस्ट्रेलिया के पावरप्ले में तीन विकेट 32 रन पर गिर गए थे, लेकिन ग्लेन मैक्सवेल ने 41 गेंद में 59 रन बनाकर टीम को मैच में बनाए रखा। नायब ने गेंदबाजी का जौहर दिखाते हुए 2021 की चैंपियन टीम पर दबाव बना दिया।

इसके साथ ही अफगानिस्तान ने पिछले साल वनडे विश्व कप में मुंबई में मिली हार का बदलाव भी चुकता कर दिया। उस समय मैक्सवेल ने अफगानिस्तान से जीत छीन ली थी और एक बार फिर वह ऐसा ही करते दिख रहे थे। अफगानिस्तान के खिलाड़ी जीत के बाद खुशी से उछलते नजर आए और यही हाल उनके सहयोगी स्टाफ का भी था।

## कमिंस ने टी-20 विश्व कप में लगातार दूसरी हैट्रिक लगाई

आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज पैट कमिंस टी-20 विश्व कप में लगातार दो हैट्रिक लगाने वाले पहले गेंदबाज बन गए जिन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर-8 चरण के मैच में यह कमाल किया। कमिंस ने 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर राशिद खान को आउट किया। इसके बाद 20वें ओवर की पहली दो गेंदों पर करीम जनत और गुलबदिन नायब के विकेट लिए।



कमिंस ने कहा, ''आस्ट्रेलिया के लिए 100 से ज्यादा मैच खेलने के बाद लगातार दो हैट्रिक लगाना सुखद है।''

कमिंस ने बांग्लादेश के खिलाफ पिछले मैच में भी 18वें और 20वें ओवर में महमूदुल्लाह, मेहदी हसन और तौहीद हृदय के विकेट लिए थे।


# सुपर-8 मुकाबले में कंगारुओं के सामने अब टीम इंडिया की चुनौती

**एजेंसी, ग्रोस आइल**

आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय टीम टी-20 विश्व कप सुपर-8 चरण के अपने आखिरी मैच में सोमवार को ऑस्ट्रेलिया को हराकर अंतिम-4 में प्रवेश के इरादे से उतरेगी जबकि अफगानिस्तान से अप्रत्याशित हार के बाद आस्ट्रेलिया के लिए यह 'करो या मरो' का मुकाबला है। भारतीय टीम लगातार तीसरी जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष रहकर सेमीफाइनल में जाना चाहेगी। वहीं अफगानिस्तान से शनिवार की रात को हारी 2021 की चैंपियन आस्ट्रेलियाई टीम को हारने पर बाहर होना पड़ सकता है। आईसीसी टूर्नामेंटों में अक्सर ऑस्ट्रेलिया से हारने वाली भारतीय टीम अपने दमदार प्रतिद्वंद्वी को टूर्नामेंट से जल्दी बाहर करने की फिराक में होगी। भारत ने सुपर-8 में अफगानिस्तान और बांग्लादेश को हराया है।

अफगानिस्तान के खिलाफ विराट कोहली और रोहित शर्मा दोनों ने रन बनाए जबकि शिवम दुबे ने भी अहम पारी खेलकर आलोचकों का मुंह बंद कर दिया।

इस टूर्नामेंट में भारत के लिए सबसे सकारात्मक बात हार्दिक पांड्या का हरफनमौला प्रदर्शन रही है जिन्होंने गेंद और बल्ले दोनों के जौहर दिखाए हैं। ऑस्ट्रेलिया को अफगानिस्तान के खिलाफ बल्लेबाजी के 'फ्लॉप शो' के बाद काफी सुधार करना होगा। ऑस्ट्रेलिया की फील्डिंग में लचर प्रदर्शन भी हैरान करने वाला था। यह देखना रोचक होगा कि कोहली लेग स्पिनर एडम जम्पा का सामना कैसे करते हैं जो कई मौकों पर उनका विकेट ले चुके हैं।


अभ्यास सत्र के दौरान पंत।

## बंग्लादेश को 50 रनों से हराया

**बांग्लादेश** के खिलाफ 50 रनों से जीत के साथ भारत ने टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को और मजबूती दी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 196 रन बनाए। बांग्लादेश की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 146 रन बना सकी।

## न्यूज ब्रीफ

### वीर अहलावत कोरिया में संयुक्त 11वें स्थान पर



**सियोल।** भारतीय गोल्फर वीर अहलावत कोलोन कोरिया ओपन के तीसरे दौर में एक ओवर 72 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर हैं। अहलावत का कुल स्कोर एक ओवर 214 का है और उनके पास तालिका में शीर्ष 10 में जगह बनाने का मौका है। वह पार 71 के कोर्स पर शुरुआत में बर्डी लगाने के बाद सातवें से 12वें होल के बीच चार बोगी कर बैठे। उन्होंने हालांकि दो बर्डी लगाकर अच्छी वापसी की। कट में जगह बनाने वाले एक अन्य भारतीय राशिद खान (84) 13 ओवर के कार्ड के साथ निराशाजनक प्रदर्शन के बाद संयुक्त 65वें स्थान पर खिसक गए। उनका कुल स्कोर 16 ओवर 229 है।

### ऑस्ट्रेलिया का दबाव में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन : मार्श

**किंग्सटाउन।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिशेल मार्श ने कहा कि उनकी टीम दबाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करती है तथा वह अफगानिस्तान से मिली हार से उबरकर भारत के खिलाफ सोमवार को होने वाले 'करो या मरो' मैच में शानदार वापसी करेगी। मार्श ने कहा, ''यह महत्वपूर्ण मैच है जो भारत के खिलाफ होगा और इसमें हमें हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। अगर हमारी इस टीम के इतिहास को देखें तो हमारे खिलाड़ी दबाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। हमारे खिलाड़ी निश्चित रूप से इसके लिए पूरी तरह तैयार होंगे।''

### सिनर ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट के फाइनल में



**हाले (जर्मनी)।** शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने हाले ओपन में झांग झिझेन को 6-4, 7-6 से हराकर पहली बार ग्रास कोर्ट टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में सिनर का सामना ह्यूबर्ट हुरकाज से होगा। इटली के सिनर ने दूसरे सेट में एक सेट प्वाइंट बचाया और फिर टाईब्रेकर में बढ़त बना ली। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सिनर ने इस साल 37 मैच जीते हैं जबकि उन्हें सिर्फ तीन बार हार का सामना करना पड़ा है। सिनर पिछले साल विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे जहां उन्हें नोवाक जोकोविच के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा था। हुरकाज ने दूसरे वरीयता प्राप्त एलेक्जेंडर ज्वेरेव पर 7-6, 6-4 की जीत में 17 ऐस लगाए।

### ऊना ने हमीरपुर को चार विकेट से हराया



**संजीव पुरी, ऊना।** महिला सीनियर वनडे प्रतियोगिता में हमीरपुर का मुकाबला ऊना के साथ पीसीसीए स्टेडियम संतोषगढ़ में खेला गया। हमीरपुर ने 40.1 ओवर में 10 विकेट खोकर 74 रन बनाए। वंशिका शर्मा ने 9 रन बनाए। ऊना की कृतिका ने तीन, स्नेहा ने तीन, वैभवी अग्निहोत्री ने दो और अंशिता ने एक खिलाड़ी को आउट किया, एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। ऊना की टीम ने 23.1 ओवर में 6 विकेट गंवाकर मैच जीत लिया। उब्बल्लेबाज कृतिका ने 17 रन, मानवी ने 23 रन, कृतिका बस्सी ने 5 रन, कृतिका कुमारी ने 6 रन बनाए। अंजली नेगी ने दो, वंशिका शर्मा ने एक, तन्वी मेहरा ने एक और श्रुति ने एक विकेट लिया किया, जबकि एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। इस अवसर पर रमन सैनी, अनुराग दयाल, पंकज पीटर, नवीन शर्मा, सुनील शर्मा, जसवीर बिट्टा, विनय कुमार मदली ने खिलाड़ियों और कोच को जीत के लिए बधाई दी है। (अनंत ज्ञान)

### विंबलडन विजेता को मिलेंगे 27 लाख पाउंड

**लंदन।** ऑल इंग्लैंड क्लब के अधिकारियों ने घोषणा की कि विंबलडन की कुल पुरस्कार राशि बढ़कर रिकॉर्ड 5 करोड़ पाउंड (लगभग छह करोड़ 40 लाख डॉलर) हो जाएगी जिसमें प्रत्येक एकल चैंपियन को 27 लाख पाउंड (34 लाख 50 हजार डॉलर) मिलेंगे। कुल इनामी राशि पिछले साल की तुलना में 53 लाख पाउंड (68 लाख डॉलर) अधिक है जो 11.9 प्रतिशत की वृद्धि है। यह 10 साल पहले इस ग्रासकोर्ट ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में प्रतियोगियों को दी गई दो करोड़ 50 लाख पाउंड (मौजूदा विनिमय दर पर 3 करोड़ 20 लाख डॉलर) से दोगुनी है। ऑल इंग्लैंड क्लब की नई अध्यक्ष डेबोरा जेवांस ने कहा कि टिकटों की मांग इस साल से अधिक कभी नहीं रही। इस साल के विजेताओं को मिलने वाली राशि में प्रत्येक वर्ग में 3,50,000 पाउंड (लगभग 4,50,000 डॉलर) की बढ़ोतरी हुई है जो 14.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। एकल के पहले दौर में हारने वाले खिलाडियों को 2023 में 55,000 पाउंड (70,000 डॉलर) से बढ़ाकर 60,000 पाउंड (लगभग 76,000 डॉलर) मिलेंगे।

## अपनी लैंग्थ से कभी समझौता नहीं करते कुलदीप यादव

**एजेंसी, ग्रोस आइल**



कुलदीप यादव टी-20 क्रिकेट में ईंट का जवाब पत्थर से देने पर यकीन करते हैं और इसी आक्रामक तेवर से भारत के इस कलाई के स्पिनर को वेस्टइंडीज में चल रहे टी-20 विश्व कप में अप्रतिम सफलता मिल रही है। पिछले एक साल से अधिक समय से सभी प्रारूपों में भारत के सर्वश्रेष्ठ स्पिनर कुलदीप को अमेरिका में लीग चरण में बाहर रहना पड़ा था। वेस्टइंडीज की स्पिनरों की मददगार पिचों पर वह काफी प्रभावी साबित हो रहे हैं। उन्होंने दो मैचों में पांच विकेट ले लिए हैं।

कुलदीप की सफलता का एक कारण उनकी गेंदबाजी में आक्रामकता भी है। उन्होंने कहा कि वह अपनी लैंग्थ से कभी समझौता नहीं करते।

## कोहली विश्व कप में 3000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बने

**एजेंसी, नई दिल्ली**

टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अपने करियर में एक के बाद एक कई मुकाम हासिल करते जा रहे हैं। शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ खेले टी-20 विश्व कप सुपर-8 के मुकाबले में कोहली ने ओपनिंग करते हुए 28 गेंदों में 37 रन बनाए। इस पारी की मदद से विराट कोहली ने अपने नाम बड़ा रिकॉर्ड दर्ज किया।



विराट कोहली टी-20 और वनडे विश्व कप में 3,000 रन का आंकड़ा छूने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। कोहली को ये ऐतिहासिक आंकड़ा छूने के लिए 35 रनों की जरूरत थी। उन्होंने 37 रन बनाते ही इतिहास रच दिया।

कोहली के बाद इस मामले में दूसरे स्थान पर रोहित शर्मा का नाम है। रोहित ने दोनों वर्ल्ड कप में 2,637 रन बनाए हैं। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज डेविड वॉर्नर हैं। वॉर्नर ने 2,502 रन बनाए हैं। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर इस लिस्ट में चौथे स्थान पर हैं। तेंदुलकर ने 2,278 रन बनाए थे। श्रीलंका के दिग्गज कुमार संगकारा 2,193 रन बनाकर पांचवें स्थान पर काबिज हैं।

### रोहित इस सूची में दूसरे स्थान पर



| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| विराट कोहली | 3,002 |
| रोहित शर्मा | 2,637 |
| डेविड वार्नर | 2,502 |
| सचिन तेंदुलकर | 2,278 |
| कुमार संगकारा | 2,193 |

## वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के बीच 'करो या मरो' का मुकाबला

**एजेंसी, नॉर्थ साउंड**

मेजबान वेस्टइंडीज को टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सोमवार को सुपर-8 चरण का आखिरी मुकाबला हर हालत में जीतना होगा। सुपर-8 चरण के पहले मैच में इंग्लैंड से हारने के बाद वेस्टइंडीज ने सह मेजबान अमेरिका को नौ विकेट से हराया। अब जीत के साथ उसका अंतिम-4 में प्रवेश तय हो जायेगा जबकि हारने पर मामला नेट रनरेट पर जाएगा और वह भी तब जबकि अमेरिका दूसरे मैच में इंग्लैंड को हरा दे।

दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका ने अभी तक सभी छह मैच जीते हैं लेकिन उसे भी जीत की जरूरत है। हारने पर उसका अंतिम-4 में पहुंचना भी बाकी मैचों के नतीजों और नेट रनरेट पर टिका होगा। दोनों टीमों के सामने हालांकि मैच से पहले तस्वीर साफ होगी।

वेस्टइंडीज टीम इंग्लैंड के खिलाफ स्ट्राइक रोटेट करने में नाकाम रही थी, लेकिन अमेरिका के खिलाफ अपनी इस कमी से उसने पार पा लिया। शाई होप ने 39 गेंद में 82 रन बनाए और उनके अलावा डैथ ओवरों में निकोलस पूरन और आंद्रे रसेल भी आक्रामक बल्लेबाजी में माहिर हैं।


वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों की फाइल फोटो।

काइल मायर्स भी अपनी बारी आने का इंतजार कर रहे हैं। एसए-20 और विश्व कप से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनके शानदार प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें मौका दिया जा सकता है। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका सारे मैच जीतने के बावजूद आत्मविश्वास से भरी नहीं लग रही। अमेरिका और नेपाल जैसी नौसिखिया टीमों ने उसे नाकों चने चबवा दिए थे। दक्षिण अफ्रीका के लिए क्विंटन डिकॉक और रीजा हेंडरिक्स ने रन बनाने की जिम्मेदारी निभाई है जबकि गेंदबाजी में एनरिच नोत्जे और केशव कामयाब रहे हैं।

वेस्टइंडीज के पास अकील हुसैन, गुडाकेश मोती और चेस जैसे उम्दा स्पिनर भी हैं जिन पर बीच के ओवरों में रनगति रोकने का जिम्मा होगा।

## शिमला ने कुल्लू को दी पटकनी

**संजीव पुरी, ऊना।** महिला सीनियर वनडे प्रतियोगिता के तहत कुल्लू का मुकाबला शिमला के साथ ऊना के इंदिरा स्टेडियम में खेला गया। कुल्लू की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 39.2 ओवर में 10 विकेट खोकर 145 रन बनाए। कुंजम गिरी ने 21, मोनिका देवी ने 27, यूनिक ठाकुर ने 12 बनाए जबकि रंजना ने 11 रन बनाए। अन्य कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार न कर सका। शिमला की निकिता चौहान ने चार खिलाड़ियों को आउट किया।

पिंकी को दो तथा नेहा, प्राची चौहान, मनीषा रावत, कशिश वर्मा को एक-एक सफलता मिली। उसके जवाब में शिमला के बल्लेबाजों ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लिया।निकिता चौहान ने 19 रन बनाए। नेहा ने 26 रन बनाए। कशिश वर्मा ने नाबाद 43 रनों का पारी खेली जिसमें तीन चौके और एक छक्का लगाया। सुषमा वर्मा ने 44 रन का योगदान दिया

शिमला की टीम ने 24.3 ओवर में अपना लक्ष्य तीन विकेट खोकर प्राप्त कर लियाऔर 7 विकेट से जीत दर्ज की। (अनंत ज्ञान)

## तीरंदाजी विश्व कप : भारतीय रिकर्व मिश्रित टीम ने जीता कांस्य पदक



**एजेंसी, अंताल्या (तुर्की)**

धीरज बोम्मादेवरा और भजन कौर की भारतीय रिकर्व मिश्रित टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार के यहां मैक्सिको को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में कांस्य पदक जीता।

भारतीय जोड़ी पहला सेट हारने के बाद 0-2 से पिछड़ रही थी, लेकिन उसके बाद उसने बेहतरीन वापसी करके मैक्सिको के एलेजांद्रा वालेंसिया और मटियास ग्रांडे को 5-3 (35-38, 40-39, 38-37, 38-38) से हराया।

भारत का वर्तमान विश्व कप में यह तीसरा पदक है। उसे अभी दो और पदक मिल सकते हैं। धीरज और अंकिता भक्त को अभी अपने व्यक्तिगत सेमीफाइनल में भाग लेना है। भारत के लिए इससे पहले शनिवार को ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की महिला कंपाउंड टीम ने स्वर्ण पदक जबकि प्रियांश ने रजत पदक जीता था।

**यूरो-2024** मैच देखने के लिए पहुंचे थे बेल्जियम के राजा फिलीप और रानी मथिल्डे

# वापसी कर बेल्जियम ने रोमानिया को दी मात

**एजेंसी, कोलोन (जर्मनी)**

पहले मैच में स्लोवाकिया से हारने के सदमे से उबरते हुए बेल्जियम ने यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के मैच में रोमानिया को 2-0 से हरा दिया। यूरी टियेलेमेंस ने दूसरे मिनट में पहला गोल किया जबकि केविन डि ब्रूइने ने दूसरे हाफ में दूसरा गोल दागा। बेल्जियम के राजा फिलीप और रानी मथिल्डे भी मैच देखने के लिए पहुंच थे।

दुनिया की तीसरे नंबर की टीम बेल्जियम 2022 विश्व कप से ग्रुप चरण में ही बाहर हो गई थी। इस जीत के बाद अब ग्रुप-ई की चारों टीमों के 3-3 अंक है और बुधवार को उन्हें आखिरी ग्रुप मैच खेलना है। बेल्जियम का सामना यूक्रेन से और रोमानिया का स्लोवाकिया से होगा।


मुकाबले के दौरान गोल करने के लिए भिड़ते बेल्जियम और रोमानिया के खिलाड़ी।

## जॉर्जिया ने चेक गणराज्य को बराबरी पर रोका

**हैम्बर्ग।** जॉर्जिया ने यूरो 2024 फुटबॉल टूर्नामेंट में ग्रुप-एफ मैच में चेक गणराज्य को 1-1 से बराबरी पर रोककर किसी बड़े टूर्नामेंट में पहली बार अंक हासिल किया।

मैच में वीडियो रिव्यु पर चेक गणराज्य के एडम हलोजेक के गेल को हैंडबॉल के कारण नकार दिया गया। यूरो 2024 में पदार्पण कर रही एकमात्र टीम जॉर्जिया ने इसके बाद जॉर्जेस मिकाउताद्ज़े के गोल से बढ़त बनाई। जॉर्जेस ने पेनल्टी पर गोल किया जो चेक गणराज्य के डिफेंडर रोबिन हरानेक के हैंडबॉल के कारण मिली थी। चेक गणराज्य ने इसके बाद गोल पोस्ट से रिबाउंड होकर आई गेंद पर पैट्रिक शिक के गोल से बराबरी हासिल की। शिक हालांकि इसके तुरंत बाद पिंडली की चोट के कारण मैदान से बाहर चले गए।

## चैस : द्रोणावल्ली हरिका ने खेला ड्रॉ

एजेंसी, सेंट लुइस। भारतीय महिला टीम की बेहद महत्वपूर्ण सदस्य ग्रैंड मास्टर द्रोणावल्ली हरिका ने अमेरिका में चल रहे चौथे कैरंस कप शतरंज के 8वें राऊंड में सबसे आगे चल रही चीन की तान ज्होंगाई से बाजी ड्रॉ खेली है। यह हरिका का टूर्नामेंट में लगातार छठा ड्रॉ था और कुल मिलाकर 7वां ड्रॉ था, हालांकि इस ड्रॉ के चलते जहां तान 5.5 अंकों के साथ एकल बढ़त पर चल रही है, जबकि हरिका के साथ स्विट्जरलैंड की पूर्व विश्व चैम्पियन अलेक्जेंड्रा कोस्टेनियुक, जॉर्जिया की नाना दगनिडजे, यूक्रेन की दोनों बहने मारिया और एना मुजयचूक 4.5 अंक बनाकर सयुंक्त दूसरे स्थान पर चल रही है।

ऐसे में अंतिम राउंड का खेल यह निर्णय करेगा की क्या तान आसानी से विजेता बन जाएंगी और दूसरे स्थान पर कौन रहेगा, अंतिम राउंड में हरिका का सामना जर्मनी की एलिज़ाबेथ से होगा जो की बहुत अच्छी लय में नहीं है।

